




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 146 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.13 2082 गुरुवार, 21 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ चार्जशीट मंजूर

कोलकाता, 20 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मामले में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य के लघु एवं कुटीर उद्योग मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ दायर चार्जशीट को मंजूरी दे दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को ईडी की विशेष अदालत को यह जानकारी दी।

बुधवार को ईडी की विशेष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ समन जारी करने का निर्देश दिया। अदालत ने साफ कहा है कि मंत्री को अगले 15 दिनों के भीतर अदालत में पेश होना होगा। साथ ही स्पष्ट आदेश दिया गया है कि उन्हें 12 सितंबर तक हर हाल में आत्मसमर्पण करना होगा।

# सरकार ने पेश किए तीन विधेयक

## ✻ विपक्ष का जोरदार हंगामा ✻ जेपीसी को भेजे जाएंगे बिल



नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा में बुधवार को भारी हंगामा देखने को मिला, जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीन विवादास्पद विधेयक सदन में पेश किए। ये विधेयक प्रधानमंत्री या किसी मुख्यमंत्री को उनके पद से हटाने से जुड़े हैं, अगर वे किसी गंभीर अपराध में गिरफ्तार होकर 30 दिनों तक जेल में रहते हैं। शाह ने जैसे ही ये विधेयक पेश किए, विपक्षी सांसदों ने विरोध करना शुरू कर दिया। उन्होंने विधेयकों की प्रतियां फाड़कर शाह की तरफ फेंकी। इसके साथ ही वे नारेबाजी करते हुए सदन के बीच में पहुंच गए। गृहमंत्री शाह ने स्पष्ट किया कि ये विधेयक जल्दबाजी में नहीं लाए गए हैं और इन्हें संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजा जाएगा, जिसमें सभी दलों के सांसद सुझाव दे सकेंगे।

शाह ने कहा, हम इतने बेशर्म नहीं हो सकते कि गंभीर आरोपों के बावजूद सांविधानिक पदों पर बने रहें। कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी जैसे विपक्षी सांसदों ने इस विधेयक का विरोध किया और इसे संविधान और संघीय ढांचे के खिलाफ बताया। हंगामे के बीच लोकसभा को दोपहर तीन बजे तक स्थगित किया गया। जब सदन दोबारा शुरू हुआ तो शाह ने कहा कि इन विधेयकों को 31 सदस्यों वाली जेपीसी को भेजा जाएगा, जो अगले संसद सत्र से पहले अपनी रिपोर्ट देगी। लेकिन विपक्षी के विरोध के चलते सदन को फिर शाम पांच बजे तक स्थगित करना पड़ा। ये तीन विधेयक केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक 2025; संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 हैं।

### संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025

केंद्र ने इस विधेयक को लेकर बताया कि संविधान में किसी ऐसे मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है जिसे गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार किया गया हो और हिरासत में लिया गया हो। इसलिए ऐसे मामलों में प्रधानमंत्री या केंद्रीय मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री और राज्यों या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के मुख्यमंत्री या मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239एए में संशोधन की जरूरत है। सरकार बुधवार को लोकसभा में इस आशय का संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। इसमें प्रावधान है कि संगीन अपराधों में लगातार 30 दिन तक हिरासत या गिरफ्तारी में रहने पर हर हाल में पद छोड़ना होगा। पद नहीं छोड़ने पर राष्ट्रपति की सलाह से ऐसे मंत्रियों को हटा दिया जाएगा।

### राज्यपाल-सरकार के रिश्ते पर 'सुप्रीम' नजर

## अदालत ने पूछा-संविधान निर्माताओं का सपना, हकीकत से कितना दूर?



नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आजादी के बाद से देश ने संविधान निर्माताओं की उस उम्मीद पर खरा उतरा है, जिसमें राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य और आपसी परामर्श की व्यवस्था की कल्पना की गई थी। यह टिप्पणी पांच जजों की संविधान पीठ ने की, जिसकी अध्यक्षता चीफ जस्टिस बीआर गवई कर रहे हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पी. एस. नरसिम्हा और ए. एस. चंद्रचूड़कर भी शामिल हैं।

वहीं सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से पेश होकर कहा कि संविधान सभा में राज्यपाल की नियुक्ति और उनकी शक्तियों को लेकर गहन बहस हुई थी। उन्होंने कहा कि अक्सर आलोचना होती है कि राज्यपाल का पद 'राजनीतिक शरण' लेने वालों का ठिकाना है, लेकिन असल में यह पद संवैधानिक जिम्मेदारियों और कुछ निश्चित शक्तियों से जुड़ा हुआ है। पीठ राष्ट्रपति के उस राष्ट्रपति संदर्भ पर सुनवाई कर रही है, जिसमें सवाल उठाया गया है कि क्या सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकता है कि वे राज्य विधानसभाओं से पास हुए बिलों पर तय समय सीमा के भीतर फैसला लें। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अटॉर्नी जनरल से यह पूछा था कि आखिर क्यों कई राज्यों के विधानसभा से पास हुए बिल साल 2020 से ही राज्यपालों के पास लंबित पड़े हुए हैं।

कोर्ट ने कहा कि यह चिंता का विषय है, लेकिन अदालत संवैधानिक दायरे में रहकर ही अपनी राय देगी। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 सवाल रखे हैं, जिनका जवाब सुप्रीम कोर्ट से मांगा गया है।

## पाक की उड़ जाएगी नींद! 5000 किमी से ज्यादा की घातक रेंज वाली अग्नि-5 मिसाइल का भारत ने किया सफल परीक्षण

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। जिस बात को लेकर पाकिस्तान के अंदर कई दिनों से डर का माहौल था, आखिर भारत ने वह काम कर ही दिया। भारत ने आज मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण कर लिया है। यह मिसाइल टेस्ट ओडिशा के चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज में किया गया। पाकिस्तान के अंदर इस मिसाइल का खौफ किस कदर है, यह इस बात से समझा जा सकता है कि एक दिन पहले ही इस्लामाबाद के थिंक टैंक ने अग्नि-5 को लेकर पाक सरकार को चेतावनी दी थी। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में स्थित थिंक टैंक स्ट्रैटेजिक विजन इंस्टीट्यूट (एसवीआर) ने अग्नि-5 को लेकर पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार के साथ-साथ आर्मी चीफ असीम मुनीर को भी चेताया था। एसवीआर ने कहा था कि अगर भारत इस मिसाइल का सफल परीक्षण कर लेता है तो यह पाकिस्तान के लिए खतरे की घंटी की तरह होगा। पाकिस्तान इस मिसाइल से इसलिए भी डरा हुआ है, क्योंकि इसकी रेंज 5000 किलोमीटर से भी ज्यादा है।

# फिर कांग्रेस से अलग शशि थरूर का रुख

## > पीएम-सीएम को हटाने वाले बिल पर पार्टी में मतभेद



नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर पार्टी लाइन से अलग राय जताई है। इस बार मामला है उस संविधान संशोधन विधेयक (130वां संशोधन) 2025 का, जिसमें यह प्रावधान है कि अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या कोई भी मंत्री लगातार 30 दिन जेल में रहता है, तो उसे 31वें दिन अपने पद से इस्तीफा देना होगा या फिर उसे हटा दिया जाएगा। बता दें कि जैसे ही यह बिल गृहमंत्री अमित शाह संसद में पेश किया, वैसे विपक्ष ने इसका कड़ा विरोध करना शुरू कर दिया।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसे 'तानाशाही' और 'असंवैधानिक' करार दिया। उनका कहना है, 'कल को किसी भी मुख्यमंत्री पर केस दर्ज कर उन्हें 30 दिन जेल में रख दिया गया, बिना सजा हुए ही उनकी कुर्सी छिन जाएगी। यह संविधान के खिलाफ है और लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।' वहीं, कांग्रेस से जुड़े रहते हुए भी कई मुद्दों पर अलग राय रखने वाले शशि थरूर ने इस बार विपक्ष की लाइन से इतर बयान दिया। उन्होंने कहा, 'अगर आप 30 दिन जेल में रहते हैं, तो क्या मंत्री बने रह सकते हैं? यह तो सामान्य समझ का मामला है। इसमें मुझे कोई गलती नहीं दिखती।' उन्होंने यह भी कहा कि अगर बिल को संसदीय चयन समिति के पास भेजा जाता है तो यह लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा। 'वहां खुलकर चर्चा होनी चाहिए, ताकि हर पहलू पर विचार हो सके।' शशि थरूर का कांग्रेस से रिश्ता पिछले कई वर्षों से अस्थिर रहा है।

## राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर संसद में श्रद्धांजलि दी गई

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज 81वीं जयंती है। इस मौके पर संसद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई सांसद शामिल हुए। इधर, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली के वीर भूमि पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस पूर्व पीएम के जन्मदिवस को दिवस के रूप में मना रही है। राहुल गांधी ने 'X' पर पापा राजीव गांधी की फोटो शेयर कर लिखा-एक ऐसा भारत जहां हर नागरिक को सम्मान मिले, जहां सद्भावना हो, लोकतंत्र और संविधान से देश मजबूती से खड़ा हो। पापा, आपके देखे इस सपने को पूरा करना ही मेरा जीवन लक्ष्य है।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमला

## > जन सुनवाई के दौरान हुई घटना, आरोपी को पकड़ा; मुकदमा हुआ दर्ज

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह हमला हुआ। दिल्ली सीएम हाउस में यह घटना घटी है। सीएम हाउस में मुख्यमंत्री रेखा साप्ताहिक जनसुनवाई कर रहीं थीं। इसी दौरान करीब 40 साल के एक शख्स ने हमला कर दिया।

पुलिस ने आरोपी हमलावर को पकड़ लिया है। हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं पुलिस ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले के मामले में सिविल लाइंस थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। दिल्ली भाजपा ने बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर गुरुवार सुबह सिविल लाइंस स्थित उनके सरकारी आवास पर आयोजित 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर हमला हुआ। इस पूरी घटना की भारतीय जनता पार्टी ने निंदा की है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि सीएम गुप्ता पर लगभग 40 वर्षीय एक व्यक्ति ने हमला किया है। जानकारी मिली है कि जन सुनवाई के दौरान हमलावर ने पहले मुख्यमंत्री गुप्ता को कुछ कागज दिए और फिर कथित तौर पर उन पर हमला कर दिया। दिल्ली पुलिस ने सीएम रेखा गुप्ता पर हमले करने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया है।

हमलावर को सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि आरोपी ने अपना नाम राजेश खिमजी बताया है, और यह भी बताया है कि वह राजकोट, गुजरात का रहने वाला है। उसके नाम और पते की पुष्टि की जा रही है। उसके दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

### हमला करने वाले की तस्वीर आप नेता के साथ



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला करने वाले शख्स की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही है। इस तस्वीर में हमलावर के साथ आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल इटालिया भी नजर आ रहे हैं। तस्वीर को दिल्ली की मोती नगर सीट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) विधायक हरीश खुराना ने शेयर किया है। हरीश खुराना ने फोटो शेयर करते हुए लिखा है कि जिसका शक था वही हुआ।

उन्होंने आगे लिखा कि अरविंद केजरीवाल के खास गोपाल इटालिया के साथ फोटो बहुत कुछ कह रही है। यानी आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ऊपर हुए हमले का कनेक्शन आम आदमी पार्टी से जुड़ता है, ऐसा साफ नजर आ रहा है। केजरीवाल जी प्लीज एक्सप्लेन 'यह रिश्ता क्या कहलाता है।'

## राहुल बोले-सुदर्शन रेड्डी लड़ेंगे दमदार चुनाव

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। विपक्ष का दावा है कि यह चुनाव सिर्फ एक पद के लिए नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को रेड्डी के समर्थन में एकजुट होकर यह संदेश दिया कि विपक्ष अब संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने वालों और उस पर हमला करने वालों के बीच की लड़ाई है। उन्होंने बताया कि रेड्डी ने तेलंगाना में जाति जनगणना पर काम किया और सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस दृष्टिकोण तैयार किया।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में मंत्री पेरियासामी को राहत

### > सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अदालत की कार्यवाही को रोका



नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। आय से अधिक संपत्ति मामले में फंसे तमिलनाडु के मंत्री आई पेरियासामी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी। सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री और उनके परिवार के खिलाफ विशेष अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने 18 अगस्त को इस मामले में नोटिस भी जारी किया है।

पीठ ने कहा कि डिंडीगुल में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मामलों के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सह विशेष न्यायाधीश के समक्ष लंबित कार्यवाही पर रोक रहेगी। शीर्ष अदालत ने पेरियासामी की अपील पर आदेश पारित किया।

पेरियासमी ने 28 अप्रैल के मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। मद्रास हाईकोर्ट ने सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) द्वारा दायर याचिकाओं पर विशेष अदालत को उनके और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया था। पेरियासामी पर आरोप है कि उन्होंने 2006 से 2010 के बीच मंत्री रहते हुए अपने और अपनी पत्नी पी सुशीला तथा पुत्रों पी सेंतिलकुमार और पी प्रभु के नाम पर 2.1 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की थी, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक थी। डीवीएसी ने उनको आरोपमुक्त किये जाने को चुनौती दी और 2018 में उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर की। पेरियासामी वर्तमान डीएमके सरकार में ग्रामीण विकास, पंचायत और पंचायत संघ विभाग संभाल रहे हैं।

# सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए किया नामांकन, पीएम मोदी बने प्रस्तावक



नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के साथ-साथ भाजपा और एनडीए के तमाम नेता भी मौजूद रहे।

जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी ने रिटर्निंग ऑफिसर को नामांकन पत्रों के 4 सेट सौंपे हैं। नामांकन पत्रों के इन चार सेटों में पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और जदयू नेता राजीव रंजन सिंह मुख्य प्रस्तावक हैं। तमिलनाडु में जन्मे सीपी राधाकृष्णन गाउंडर- कोंगु वेल्लालर यानी ओबीसी समुदाय से आते हैं। वे तमिलनाडु से उपराष्ट्रपति बनने वाले वे तीसरे नेता होंगे। वे 1998 में पहली बार सांसद चुने गए और 2023 में बने झारखंड के राज्यपाल बने। 67 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। झारखंड की जिम्मेदारी संभालते हुए राधाकृष्णन ने तेलंगाना का राज्यपाल और पुडुचेरी का उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला था। सीपी राधाकृष्णन ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक की पढ़ाई की है। वहीं इससे पहले सीपी राधाकृष्णन ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, धर्मेंद्र प्रधान, राम मोहन नायडू किंजरापु. एल मुरुगन और भाजपा नेता विनोद तावड़े की मौजूदगी में संसद परिसर में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। बता दें कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद सीपी राधाकृष्णन के नाम की घोषणा उपराष्ट्रपति पद के लिए की थी।

## गोवा के पर्यावरण मंत्री एलेक्सो सेक्वेरा ने दिया इस्तीफा

पणजी, 20 अगस्त (एजेंसियां)। गोवा के पर्यावरण, बंदरगाह मंत्री, कानून एवं न्यायपालिका तथा विधायी मामलों के मंत्री एलेक्सो सेक्वेरा ने बुधवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया। सेक्वेरा ने दोपहर में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत को अपना त्यागपत्र सौंप दिया। नुवेम विधानसभा से विधायक एलेक्सो सेक्वेरा नवंबर 2023 में सावंत के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में शामिल हुए थे।

सेक्वेरा ने इस्तीफे को लेकर कहा, मैं स्वास्थ्य के आधार पर इस्तीफा नहीं दे रहा हूं, मैं व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें मुख्यमंत्री का भरपूर समर्थन मिला। सेक्वेरा ने 2022 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, लेकिन बाद में सितंबर 2022 में सात अन्य विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने युवा कांग्रेस से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की और 1994 में लौतोलिम निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार विधानसभा के लिए चुने जाने से पहले पार्टी में विभिन्न पदों पर रहे।

# वित्त मंत्री जीएसटी पर राज्यों के मंत्री समूह से मिलीं

## > कर सुधारों की जरूरत के बारे में बताया




नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को जीएसटी सुधारों पर राज्यों के मंत्रिसमूह (जीओएम) के साथ बैठक की। बैठक के दौरान राज्यों के मंत्रिसमूह को जीएसटी व्यवस्था में व्यापक सुधारों के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। इन सुधारों में कर की दरों में कटौती और व्यवसायों के लिए अनुपालन बोझ को कम करना शामिल है।

बीमा कराधान और क्षतिपूर्ति उपकर पर गठित मंत्री समूह दो दिनों तक केंद्र के 'अगली पीढ़ी' के जीएसटी सुधारों पर विचार-विमर्श करेगा। इसके तहत 5 और 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाएगा। 5-7 वस्तुओं पर, जिनमें हानिकारक वस्तुएं भी शामिल हैं को 40 प्रतिशत की विशेष दर के तहत लाने का प्रस्ताव किया गया है। वर्तमान में जीएसटी 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है। खाद्य और आवश्यक वस्तुओं पर शून्य या 5 प्रतिशत की दर से कर लगता है, जबकि विलासिता और अवगुण वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगता है, जिसके ऊपर उपकर भी लगता है। एक सूत्र ने बताया कि वित्त मंत्री ने मंत्रियों के समूह को लगभग 20 मिनट तक संबोधित किया और इस दौरान उन्होंने केंद्र के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की। सूत्र ने बताया कि उन्होंने राज्यों को जीएसटी सुधारों की आवश्यकता के बारे में समझाया। क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) का गठन ऋण चुकौती अवधि के बाद क्षतिपूर्ति उपकर के भविष्य पर निर्णय लेने के लिए किया गया था। इसके अलावा, बीमा पर मंत्रियों का समूह स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर की दरें कम करने पर विचार-विमर्श कर रहा था। दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह को स्लैब और दरों में बदलाव के सुझाव देने और कुछ क्षेत्रों के सामने आने वाली शुल्क-उलटाव की समस्या को दूर करने का काम सौंपा गया था। जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह की 21 अगस्त को फिर से बैठक होने वाली है।

एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो इससे सालाना लगभग 85,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हो सकता है। चालू वित्त वर्ष में, अगर नई कर दरें 1 अक्टूबर से लागू होती हैं, तो राजस्व का नुकसान 45,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

## नए विधेयक राज्य सरकारों को कमजोर करने का हथियार : खरगे

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। एनडीए और इंडिया गठबंधन द्वारा उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रत्याशी के ऐलान के बाद देशभर में सियासी पारा हाई है। बुधवार को इंडिया गठबंधन के सदस्यों ने संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, सुप्रीम कोर्ट के पूव न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी के साथ चर्चा की।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को इंडिया गठबंधन की बैठक में बीजेपी पर संसदीय बहुमत का जबरदस्त दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पिछले 11 सालों में हमने ससंदीय बहुमत का काफी दुरुपयोग देखा।

जिसमें ईडी, आयकर और सीबीआई जैसी स्वायत्त एजेंसियों को विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए कठोर शक्तियों से लैस किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर कहा, अब ये नए विधेयक सत्तारूढ़ दल के हाथों में राज्यों में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को और कमजोर और अस्थिर करने का हथियार बनाने वाले हैं।

# अहमदाबाद में 10वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या

> 8वीं क्लास के स्टूडेंट ने दिया वारदात को अंजाम, भीड़ ने प्रिंसिपल और स्टाफ को पीटा

अहमदाबाद, 20 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद में सेवेंथ डे स्कूल में 8वीं कक्षा के एक छात्र ने 10वीं कक्षा के एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात दोपहर की है। देर शाम अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

इस घटना से गुस्साए सिंधी समुदाय के लोग, बजरंग दल, विहिप और एबीवीपी के कार्यकर्ता बुधवार सुबह स्कूल पहुंचे। वहां तोड़फोड़ शुरू कर दी। पार्किंग में खड़ी बसों, कारों और दोपहिया वाहनों में भी तोड़फोड़ की। इसके बाद करीब 2000 लोगों की यह भीड़ स्कूल में घुस गई और जो भी मिला, उसे पीटने लगी। प्रिंसिपल और अन्य स्टाफ सदस्यों को भी जमकर पीटा। हालात बिगड़ते देख पुलिस भी स्कूल पहुंच गई थी।

**पुलिस के सामने भी स्टाफ को पीटते रहे**

लोगों में इतना गुस्सा था कि जब पुलिस कर्मचारियों को बचा रही थी, तब भी भीड़ उन्हें पीटती रही। लोगों ने पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर दी। बाद में लोग सड़क पर बैठ गई और जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही मणिनगर विधायक, डीसीपी बलदेव देसाई और एसीपी स्कूल पहुंचे। बजरंग दल, विहिप और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने स्कूल में जय श्री राम के नारे लगाए। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज भी करना पड़ा। फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं। खोखरा पुलिस के मुताबिक कुछ दिन पहले इन स्टूडेंट्स के बीच कहासुनी हो गई थी।

इसी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए आरोपी मंगलवार को चाकू छिपाकर लाया था। स्कूल की छुट्टी होते ही उसने 10वीं के स्टूडेंट पर हमला कर दिया। घायल छात्र के पेट में गंभीर घाव हो गए। उसे मणिनगर के एक निजी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। लेकिन ज्यादा खून बह जाने के चलते उसकी जान नहीं बच सकी। यहां मृतक और आरोपी नाबालिग हैं, इसलिए उनके नाम उजागर नहीं किए गए हैं।

# हिमाचल विधानसभा में भारत-पाक के बीच मैच का विरोध

## कांग्रेस विधायक बोले-नहीं होना चाहिए मैच, बेरोजगारी के मुद्दे पर सत्तापक्ष-विपक्ष में टकराव

शिमला, 20 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में आज (बुधवार) भारत-पाकिस्तान के बीच टी-20 क्रिकेट मैच का मामला गूंजा। कांगड़ा के इंदौरा से विधायक मलेंद्र राजन ने जीरो शून्यकाल में कहा, भारत को एशिया कप में पाकिस्तान के साथ नहीं खेलना चाहिए।



उन्होंने कहा, पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए भारत का पाकिस्तान के साथ खेलना उचित नहीं है। भारतीय टीम को दी गई अनुमति वापस ले ली जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, विधानसभा सचिवालय के माध्यम से केंद्र सरकार और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को एक प्रस्ताव भेजा जाना चाहिए कि टीम को पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की अनुमति वापस ली जाए। बता दें कि 9 सितंबर से एशिया कप शुरू हो रहा है। इसका आयोजन दुबई और अबू धाबी में होना है। भारत और पाकिस्तान दोनों एक ही ग्रुप में है। इंडिया टीम पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने जा रही है।

**बेरोजगारी के मुद्दे पर सदन में नोक-झोंक**

इससे पहले विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सत्तापक्ष व विपक्ष में ट्रेनी-पॉलिसी और बेरोजगारी के मुद्दे पर तीखी नोक-झोंक हुई। मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष सदन से उठकर बाहर चला गया। दरअसल, बीजेपी विधायक विपिन सिंह परमार और सत्तपाल सत्ती ने रोजगार से जुड़ा सवाल पूछा था। सदन के बाहर मीडिया से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा, मुख्यमंत्री सुक्खू रोजगार को लेकर बार-बार झूठ बोल रहे हैं। जयराम ने कहा, बीते साल सदन में जवाब दिया गया कि 34 हजार 980 को रोजगार दिया गया और इस साल 15 अगस्त को सीएम सुक्खू ने सरकाघाट में कहा कि सरकार ने 23 हजार 191 को सरकारी नौकरी दे दी है।


सीए सुक्खू सदन के भीतर-बाहर दोनों जगह झूठ बोलते हैंः जयराम जयराम ठाकुर ने कहा कि एक साल में रोजगार के आंकड़े बढ़ने के बजाय कम हो गए। उन्होंने कहा, सीएम सुक्खू विधानसभा के भीतर और जनता के बीच दोनों जगह झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने हर साल एक लाख और पांच साल में पांच लाख नौकरियां देने का वादा किया था। उन्होंने कहा, अब सत्ता में तीन साल होने जा रहे हैं, युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा। पूर्व सरकार के समय की जो भर्तियां चल रही थी, केवल उनके रिजल्ट निकाले जा रहे हैं। नई भर्तियां बंद पड़ी है। बेरोजगार इससे परेशान है।

**पक्की व पेंशन वाली नौकरी दें सरकार**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, पक्की व पेंशन वाली नौकरी देने का वादा करके सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने जोब ट्रेनी पॉलिसी लाई है। यह युवाओं के साथ सरेआम धोखा है। उन्होंने कहा, कमिशन पास लोगों को दो साल फिर से रेगुलर होने के लिए टेस्ट पास करना होगा। उन्होंने कहा, आउटसोर्स पर भर्ती नर्सों से एजेंसियों ने पैसा लिया है।

# खबरें जरा हटके

## भैंस की खातिर 'ईमानदार चोर' की अनोखी मांग





### सीएम योगी तक पहुंची फरियाद! हैरत में पड़े आईजीआरएस के अफसर

उत्तर प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं को जल्दी निपटाने के लिए आईजीआरएस पोर्टल की शुरुआत की थी. इस पोर्टल का उद्देश्य था कि लोग अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर सकें और संबंधित विभाग समय पर कार्रवाई कर समाधान दें. लेकिन अब इस पोर्टल पर कुछ यूजर्स की अजीबोगरीब फरमाइशों ने असली शिकायत करने वालों की परेशानी बढ़ा दी है. पोर्टल पर जहां बिजली, पानी, सड़क, पुलिस और राजस्व विभाग से जुड़ी गंभीर शिकायतें आती हैं, वहीं कई लोग इसे मनोरंजन और मजाक का जरिया बना बैठे हैं. किसी ने नौकरी दिलाने की मांग कर दी, तो किसी ने नेता-मंत्री तक से मिलाने का आग्रह कर दिया. कई मामलों में तो लोगों ने अपनी पारिवारिक और निजी विवादों को भी पोर्टल पर डालकर अधिकारियों को उलझा दिया. ठीक ऐसा ही मामला पीलीभीत से भी सामने आया है. गौरतलब है कि पीलीभीत एक युवक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ऐसी मांग कर डाली है जिसे पूरा करने के लिए अधिकारी भी हैरत में पड़ गए हैं.

पूरा मामला पीलीभीत जिले के दुधियाखुर्द इलाके का है जहां के रहने वाले विपिन कुमार ने यूपी सरकार के ऊर्जा विभाग से आईजीआरएस के माध्यम से अजब मांग कर डाली है. युवक ने अपनी शिकायत में लिखा है कि वह अपनी भैंस घर से कुछ दूरी पर बांधता है. वहीं इस भरी गर्मी में दिन में मक्खी और रात में मच्छर उसकी भैंस को परेशान करते हैं. ऐसे में अपनी भैंस की सुविधा के लिए वह कटिया डाल कर बिजली चोरी करने की अनुमति चाहता है. इतना ही नहीं यह ईमानदार चोर इसके एवज में सरकार को 200 रुपए प्रतिमाह चुकाने को भी तैयार है. युवक का कहना है कि वह महज़ दो महीने के लिए बिजली चोरी करना चाहता है. युवक ने अपनी शिकायत में यह भी कहा है कि जब सरकार बड़े किसानों को मुफ़्त में मोटर चलाने के लिए बिजली दे सकती है तो वह अपनी भैंस के लिए बिजली चोरी क्यों नहीं कर सकता. जैसे ही यह शिकायत विभाग के पास पहुंची तो अधिकारी भी चक्कर में पड़ गए हैं कि विपिन कुमार की शिकायत का निस्तारण कैसे किया जाए.


## पुलिस ने एआई से पकडा 700 किमी दूर अपराधी

महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस ने एआई से एक अपराधी ट्रक ड्राइवर को पकड़ लिया। यह ड्राइवर नागपुर से करीब 700 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश में था। कुछ दिन पहले नागपुर में एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी। हादसे के बाद पुलिस के पास आरोपी की पहचान के लिए कोई ठोस सुराग नहीं था। उन्हें सिर्फ इतना पता था कि ट्रक पर लाल रंग की पट्टियां थीं। पुलिस ने महाराष्ट्र सरकार की 'मार्वल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' कंपनी की मदद ली। मार्वल एआई की मदद से पुलिस ने घटनास्थल और टोल नाकों के सीसीटीवी फुटेज देखे। एआई सिस्टम ने कुछ ही मिनटों में ट्रक की पहचान कर ली। आगे की ट्रैकिंग से पता चला कि वही ट्रक उत्तर प्रदेश में है। सूचना मिलते ही नागपुर पुलिस की एक टीम उत्तर प्रदेश भेजी गई। टीम ने वहां से ट्रक और ड्राइवर सत्यपाल खरीक को पकड़ लिया। यह देश में पहला मामला माना जा रहा है। एसपी हर्ष पोद्दार ने बताया कि यह साबित करता है कि फ्यूचर में एआई पुलिस के लिए एक बड़ा हथियार होगा।



## छठी क्लास में पहली बार हुई प्रेग्नेंट, अब 19 की उम्र में बनी 5 बच्चों की मां, सुनकर डॉक्टर भी हैरान!

अक्सर हम सुनते हैं कि लोग छोटी उम्र में ही शादी कर लेते हैं और



माता-पिता बन जाते हैं. लेकिन मलेशिया की एक 19 साल की महिला की कहानी सुनकर हर कोई दंग रह गया है. हाल ही में एक महिला ने सोशल मीडिया पर दूसरी औरत की कहानी शेयर की, जिसमें उसने बताया कि कैसे उसकी मुलाकात एक ऐसी लड़की से हुई, जिसने सिर्फ 19 साल की उम्र में 5 बच्चों को जन्म दे दिया था. यह वाकया तब का है जब वह महिला खुद अपनी डिलीवरी के बाद अस्पताल के कमरे में थी और उसके बगल वाले बेड पर वह 19 साल की मां थी. दोनों के बीच बातचीत हुई और बातों ही बातों में उस युवा मां ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया.

19 साल की उस युवती ने बताया कि वह अभी तक कुल 5 बच्चों को जन्म दे चुकी है. इतना ही नहीं, हैरानी तो तब और ज्यादा हुई, जब उसने अपनी पहली प्रेग्नेंसी के बारे में बताया. पड़ोस के बेड पर डिलीवरी के लिए लेटी हुई महिला से 19 साल की मां ने कहा कि जब वह पहली बार प्रेग्नेंट हुई थी, तब वह सिर्फ छठी क्लास में थी. उसकी सबसे बड़ी संतान अब 6 साल की हो चुकी है. उसने बताया कि उसकी पहली डिलीवरी 13 साल की उम्र में हुई थी, दूसरा बच्चा 4 साल का है, तीसरा 2 साल का है और चौथे-पांचवे जुड़वा हैं. इस खुलासे के बाद अस्पताल में उस युवा मां का इलाज कर रही डॉक्टर भी हैरान रह गईं. उन्होंने उस महिला के पति को फटकार लगाते हुए परिवार नियोजन यानी फैमिली प्लानिंग के बारे में समझाया. डॉक्टर ने कथित तौर पर उसके पति से पूछा, "यह सिर्फ 19 साल की है और इसके पहले ही 5 बच्चे हो चुके हैं. क्या आपको इस पर जरा भी तरस नहीं आता?"

जिस महिला ने यह कहानी सोशल मीडिया पर साझा की, उसने खुद भी बताया कि वह भी कम उम्र में ही मां बन गई थी.

# पीएम, सीएम को हटाने वाले बिल को प्रियंका गांधी ने बताया 'क्रूर'

## मनोज झा बोले-आरोपी और दोषी का पूरा फर्क मिट गया है

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। गंभीर आपराधिक मामलों में लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार या हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को हटाने वाले बिल को प्रियंका गांधी ने क्रूर बताया है। प्रियंका गांधी ने बुधवार को संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा, "मैं इसे पूरी तरह से क्रूर मानती हूं क्योंकि यह हर चीज के खिलाफ है। इसे भ्रष्टाचार विरोधी उपाय कहना लोगों की आंखों पर पर्दा डालने जैसा है।



उन्होंने आगे कहा कि कल आप मुख्यमंत्री के खिलाफ किसी भी तरह का केस दर्ज करा सकते हो, उन्हें बिना दोषी सिद्ध हुए 30 दिनों के लिए गिरफ्तार कर सकते हैं और फिर वह मुख्यमंत्री नहीं रह पाएंगे। यह पूरी तरह से संविधान-विरोधी, अलोकतांत्रिक और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

**राजद बोली-अभियुक्त और दोषी का फर्क मिट गया है**

इस विषय पर राजद के सांसद मनोज झा ने कहा कि अभियुक्त और दोषी का पूरा फर्क मिट गया है। जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट ने ईडी पर टिप्पणी की थी कि वे राजनीतिक खेल का हिस्सा बन रहे हैं। वे किसी पर भी पीएमएलए का केस लगाकर उसे जेल में डाल देंगे। यह एक चाल है। जहां आप चुनाव नहीं जीत सकते, वहां आपको विधायकों की खरीद-फरोख्त करने की जरूरत नहीं है। बस उन्हें अस्थिर करके गिरा दो। मुझे लगता है कि गृह मंत्री अपनी ही पार्टी के कुछ लोगों को निशाना बनाना चाहते हैं।

**सपा ने कसा तंज**

सपा के सांसद राजीव राय ने इस बिल को लेकर केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कोई भी अपराधी होगा, वह या तो बीजेपी में शामिल हो जाए या इस बिल का उपयोग किया जाएगा।

आपको याद होगा कि पीएम और गृह मंत्री जिन्हें जेल भेजने का दावा करते थे, वो बीजेपी में शामिल होते ही मुख्यमंत्री, मंत्री और गर्वनर बन गए। जो बीजेपी में नहीं शामिल होगा, उसपर इस बिल का प्रयोग होगा। ये एक खतरनाक हथियार होगा।

# तमिलनाडु के नौ इलाकों में एनआईए का तलाशी अभियान

> रामलिंगम हत्या मामले में जांच जारी

चेन्नई, 20 अगस्त (एजेंसियां)। रामलिंगम हत्याकांड मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने तमिलनाडु में नौ जगहों पर तलाशी अभियान चलाया। एनआईए ने तंजावुर जिले के तिरुभुवनम में पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के पूर्व पदाधिकारी रामलिंगम की 2019 में हुई हत्या के सिलसिले में जांच की है।

**डिंडुगल और तेनकाशी में जांच जारी**

एनआईए की टीम डिंडुगल में आठ और तेनकाशी ज़िले में एक जगह पर तलाशी ले रही है। गौरतलब है कि जबरन धर्मांतरण का विरोध करने पर रामलिंगम की नृशंस हत्या कर दी गई थी। रामलिंगम ने कथित तौर पर हिंदुओं को इस्लाम में परिवर्तित करने में शामिल पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के नेताओं के दावाह कार्य का विरोध किया था। जिसके बाद 2019 में उनकी हत्या कर दी गई थी।

**क्या है रामलिंगम हत्या मामला**

पीएमके के अधिकारी 42-वर्षीय रामलिंगम घर वापस जा रहे थे तभी उन पर हमला कर उनका हाथ काट दिया था। गंभीर रूप से घायल रामलिंगम को कुंभकोणम के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया था। अस्पताल के डॉक्टरों ने रामलिंगम को शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में रेफर कर दिया। हालांकि, अस्पताल ले जाते समय अत्यधिक खून बहने के कारण रामलिंगम की मृत्यु हो गई थी। बताया जाता है कि रामलिंगम ने धर्मांतरण का विरोध किया था, जिससे कुछ कट्टरपंथी धार्मिक संगठन उनसे परेशान हो गए थे।

## पानी नहीं देने पर इंजीनियर ने की पत्नी की हत्या

सिंगरौली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सिंगरौली में एलएंडटी कंपनी के इंजीनियर ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद कंबल में शव लपेटकर कार से प्रयागराज ले गया। सबूत मिटाने में मां ने भी उसका साथ दिया। वहां दोनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना 15 अगस्त की है। पुलिस ने आरोपी पति निखिल दुबे और उसकी मां दुरेदश्वरी देवी को प्रयागराज के शास्त्री नगर से गिरफ्तार कर लिया।

# राहुल गांधी के वोट चोरी आरोप पर जेपी नड्डा का पलटवार

> जनता में फैला रहे झूठ, खुद ही बनवाया मजाक

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। विपक्ष द्वारा लगातार वोट चोरी के आरोपों को लेकर देशभर की सियासत में गर्माहट दिन-प्रतिदिन और तेज होती जा रही है। ऐसे में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी वाले आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि वह जनता के बीच झूठ फैला रहे हैं। नड्डा ने राहुल गांधी के बिहार दौरे के एक वीडियो को शेयर करते हुए कटाक्ष किया कि खड़ा हूं आज भी वहीं... जहां मेरा झूठ पकड़ाया, सच सामने आया, और मैंने अपना मजाक बनवाया, खड़ा हूं आज भी वहीं।



**नड्डा ने साझा किया वीडियो**

बता दें कि नड्डा के सोशल मीडिया पर साझा वीडियो में एक महिला ने राहुल गांधी के दावों की पोल खोल दी। वीडियो के पहले हिस्से में महिला राहुल को बताती है, उसका और उसके परिवार के छह सदस्यों का नाम पुरानी वोटर लिस्ट में था, लेकिन नई लिस्ट में नहीं है।

**वीडियो में महिला ने खोला राहुल के दावे का पोल**

इसके साथ ही वीडियो के दूसरे हिस्से में वही महिला फिर से दिखाई देती है। साथ ही कहती है, उसे बहकाया गया था। महिला ने बताया, वार्ड सदस्य और सचिव ने हमें कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव आ रहे हैं, उनसे मिलकर अपना नाम जुड़वा लो। हम लोग देहात के हैं, जो जैसा कहता है वही मान लेते हैं। महिला ने आगे बताया, बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने उसे नई वोटर लिस्ट दिखाई, जिसमें उसके और उसके परिवार के सभी छह सदस्यों के नाम मौजूद थे।

# मुंबई में बारिश से हालात बदतर : 24 घंटे में छह लोगों की मौत

## हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेन सेवाएं 15 घंटे बाद बहाल



मुंबई, 20 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य में पिछले 24 घंटों में बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई है। नांदेड़ जिले में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण पांच लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं एनडीआरएफ की कुल 18 टीमें राज्य के कई हिस्सों में तैनात हैं, साथ ही एसडीआरएफ की छह टीमें भी तैनात हैं।

**हार्बर लाइन लोकल ट्रेन 15 घंटे बाद बहाल**

मुंबई में हुई भारी बारिश से रेल पटरियों पर पानी भर जाने के कारण मंगलवार सुबह रुकी हार्बर लाइन की लोकल ट्रेन सेवाएं करीब 15 घंटे बाद बुधवार तड़के 3 बजे दोबारा शुरू हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि पानी उतरने के बाद सेवाएं बहाल की गईं। सेंट्रल रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वानिल निला ने बताया कि मंगलवार सुबह 11:15 बजे ट्रैक डूबने के कारण पहले हार्बर लाइन और फिर मेन लाइन की सेवाएं बंद करनी पड़ीं।

मंगलवार शाम 7:30 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से ठाणे के बीच मेन लाइन की सेवाएं शुरू कर दी गई थीं, लेकिन हार्बर लाइन, जो नवी मुंबई को दक्षिण मुंबई से जोड़ती है, रातभर बंद रही। कई हिस्सों में पटरियां 15 इंच तक पानी में डूबी रहीं। बुधवार सुबह सभी सार्वजनिक परिवहन सेवाएं-बसें, लोकल ट्रेनें और मेट्रो-सामान्य रूप से चलने लगीं।

**रेलवे ने यात्रियों से की अपील**

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मुंबई में भारी बारिश का अलर्ट दिया है, इसलिए केवल जरूरी होने पर ही यात्रा करें और सावधानी बरतें। वेस्टर्न रेलवे ने बताया कि मंगलवार की बारिश और जलभराव की वजह से उनकी कुछ लोकल ट्रेनें बुधवार को भी रद्द रहेंगी।

**मुंबई में कई लोकल ट्रेन सेवाएं रद्द**

डीआरएम - मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे ने बताया कि मुंबई में भारी जलभराव के कारण आज कई लोकल ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं।

## भारी बारिश से हवाई सेवा प्रभावित

**'इंडिगो' एयरलाइंस ने जारी की एडवाइजरी**

मुंबई, 20 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई में भारी बारिश के कारण हवाई सेवा भी बाधित हो रही है। इसके मद्देनजर भारत की प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो ने यात्रियों के लिए बुधवार को एक प्रमुख एडवाइजरी जारी की है। इंडिगो एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करके बारिश की आशंका के कारण हवाई यात्रा पर असर पड़ने की बात कही। कंपनी ने लिखा, हालांकि हम चाहते हैं कि आपकी यात्रा यथासंभव परेशानी मुक्त हो, लेकिन प्रकृति की भी अपनी योजनाएं हैं। मुंबई में फिर से भारी बारिश की आशंका है, जिससे हवाई यातायात में भीड़भाड़ और उड़ान संचालन पर असर पड़ने की संभावना है।

उन्होंने लिखा, हम संचालन को सुचारू रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम पहले से योजना बनाने की सलाह देते हैं। आपकी उड़ान के शेड्यूल में कोई भी बदलाव आपके पंजीकृत संपर्क विवरण के माध्यम से साझा किया जाएगा, इसलिए सुनिश्चित करें कि वे अपडेट रहें।

# 'जनता सबक सिखाएगी'

## लोकसभा में केंद्रीय गृहमंत्री शाह पर कागज के टुकड़े फेंके जाने पर बोले भाजपा सांसद



नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा में सरकार की ओर पेश किए गए तीन विधेयकों पर हंगामे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्ष पर निशाना साधा। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा, आज संसद में हमने जो दृश्य देखे, वो एक सभ्य समाज को शर्मिंदा कर देंगे। गृहमंत्री ने अमित शाह जब विधेयक पेश कर रहे थे, तब विपक्ष के लोग उनका माइक छीनने की कोशिश कर रहे थे और उनके ऊपर कागज के टुकड़े फेंके जा रहे थे। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, देश का हर व्यक्ति यह कह रहा था कि जिन लोगों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, वे कैसे अपने पदों पर बने रह सकते हैं? ऐसे में जब देश के गृह मंत्री अमित शाह एक विधेयक लेकर आते हैं, तो विपक्ष चाहता है कि ऐसे आपराधिक मामलों में फंसे लोग अपने पदों पर बने रहें। जो लोग चाहते हैं कि ऐसे लोग सत्ता में बने रहें, उन्हें जनता सबक सिखाएगी। दरअसल, आज गृहमंत्री शाह ने लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए। ये तीन विधेयक केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक 2025; संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 हैं। इनका मकसद यह है कि अगर प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री को किसी गंभीर अपराध में गिरफ्तार कर लगातार तीस दिनों तक जेल में रखा जाता है, तो 31वें दिन वे अपने पद से हटा दिए जाएंगे। विपक्षी सांसदों ने इन विधेयकों का जोरदार तरीके से विरोध किया है और इन्हें अलोतांत्रिक बताया।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

सुविचार

लोग चाहे जितना भी करीब हो, लेकिन हर, कोई अकेला है जिंदगी के सफर में...



# राहुल गांधी प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी की महत्वाकांक्षाओं को साकार करेंगे: मुख्यमंत्री



हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत के प्रधानमंत्री बनने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करेंगे। देश के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व के महत्व पर ज़ोर देते हुए, मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वह और कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने तक अथक परिश्रम करेंगे। राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को सचिवालय में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा, "पूर्व प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, कांग्रेस पार्टी मौजूदा कानून में संशोधन करने की योजना बना रही है ताकि 21 वर्ष की आयु पूरी करने वाले व्यक्ति भी राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद विधानसभा चुनाव लड़ सकें।" रेवंत रेड्डी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा वंचितों के जीवन को बेहतर बनाने में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने और सरकारी पारदर्शिता सुनिश्चित करने में उनके अभूतपूर्व प्रयासों को याद किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हैदराबाद में हाईटेक सिटी की नींव रखने में राजीव गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव ने राष्ट्र की अखंडता को बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी और पारदर्शी प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए शासन में प्रौद्योगिकी को एकीकृत किया। उन्होंने राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व की भी सराहना की, जिसमें उनके कार्यकाल के दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आरक्षण लागू करना, देश में कंप्यूटर का आगमन और दूरसंचार उद्योग में परिवर्तनकारी बदलाव लाना शामिल था। राजीव गांधी से प्रेरणा लेते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना सरकार सामाजिक-आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि सरकार पिछड़े वर्गों के लिए शिक्षा, रोजगार और राजनीति में 42 प्रतिशत अवसर आबंटित करने का कानून पहले ही पारित कर चुकी है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि तेलंगाना देश का पहला राज्य है जिसने अनुसूचित जातियों के लिए उप-वर्गीकरण लागू किया है।

## नागरिक अधिकारी ने कर्तव्यों में लापरवाही के लिए सरकार के सामने किया आत्मसमर्पण

करीमनगर, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। करीमनगर नगर निगम (एमसीके) की अतिरिक्त आयुक्त जे सुवर्था को अपने कर्तव्यों का संतोषजनक ढंग से निर्वहन नहीं करने के कारण सरकार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया गया है। नगर आयुक्त प्रफुल देसाई ने मंगलवार को आदेश जारी कर अपनी सेवाएं नगर प्रशासन आयुक्त एवं निदेशक को सौंप दी। अपने पत्र में, आयुक्त ने बताया कि पेंशन, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, सूचना का अधिकार (आरटीआई), नल कनेक्शन और व्यापार लाइसेंस सहित कई महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार उन्हें सौंपा गया है। उन्हें जिला खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता रेटिंग समिति और स्ट्रीट फूड पंजीकरण समिति का समग्र प्रभारी भी बनाया गया है।

उन्हें प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने, समय-समय पर रिपोर्ट प्राप्त करने और नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। हालाँकि, आयुक्त के अनुसार, वह अपनी ज़िम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने में विफल रहीं। नगर निगम के सूत्रों ने बताया कि उनके कक्ष में एक ठेकेदार का जन्मदिन मनाने से भी उच्च अधिकारियों की नाराजगी भड़की थी और माना जाता है कि इसी घटना के कारण उन्हें आत्मसमर्पण करने का निर्णय लिया गया।

# सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए सदैव सहयोग करेगी: मंत्री डॉ. अनसूया

## तेलंगाना महिला पुलिस अधिकारियों का पहला राज्य स्तरीय सम्मेलन शुरू



हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस अकादमी में महिला पुलिस अधिकारियों के पहले तीन दिवसीय सम्मेलन का बुधवार को उद्घाटन हुआ्। तेलंगाना पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास, ग्रामीण जल आपूर्ति, महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री डॉ. अनसूया सीतक्का मुख्य अतिथि थीं्।

पुलिस अकादमी निदेशक अभिलाषा बिष्ट ने प्रथम महिला पुलिस अधिकारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन के उद्देश्यों और सम्मेलन में शामिल किए जाने वाले प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय सम्मेलन में कांस्टेबल से लेकर पुलिस महानिदेशक तक सभी अधिकारी पाँच समूहों में चर्चा करेंगे और मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपेंगे। सम्मेलन में बोलते हुए, तेलंगाना पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास, ग्रामीण जल आपूर्ति, महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती डॉ. अनसूया सीतक्का ने कहा कि सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए सदैव सहयोग करेगी। उन्होंने सभी महिला अधिकारियों से समर्पण, अनुशासन और सम्मान के साथ काम करने का आग्रह किया। उन्होंने सम्मेलन में भाग लेने वाली सभी महिला अधिकारियों से साहस और दृढ़ संकल्प के साथ काम करने और परिस्थितियों के अनुसार बदलाव लाने का आग्रह किया। उन्होंने इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर चर्चा करने और अच्छे दिशानिर्देश तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उन्हें महिला अधिकारियों की बढ़ती संख्या पर गर्व है, महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्रों की महिला पुलिस अधिकारियों को पूरा प्रोत्साहन दिया जाएगा, सरकार भविष्य में महिलाओं को सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, और महिला पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण, सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि डीजीपी महिला पुलिस अधिकारियों की समस्याओं के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ स्थापित करें तो अच्छा होगा। उन्होंने आग्रह किया कि तमिलनाडु और अन्य राज्यों में महिला पुलिस अधिकारियों के अध्ययन के लिए एक टीम बनाई जाए, ताकि महिला अधिकारियों के लिए विशेष सुविधाएँ प्रदान की जा सकें। उन्होंने महिला अधिकारियों के स्वास्थ्य और मानसिक तनाव को कम करने के लिए परामर्श आयोजित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने विशेष रूप से सलाह दी कि महिला पुलिस अधिकारी पुलिस थाने में पीड़ित न बनें। इस सम्मेलन में तेलंगाना राज्य के लगभग 90 पुलिस थानों, अन्य वर्दीधारी विभागों जैसे जेल और वन विभाग के लगभग 400 अधिकारियों ने भाग लिया। उन्हें इन तीन दिनों के लिए अकादमी में आवास की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस सम्मेलन में, मंत्री सीतक्का को अकादमी निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश राज्य से उपस्थित डीआईजी विनीत, स्वाति लकरा , अतिरिक्त महानिदेशक, बालनगादेवी , अतिरिक्त महानिदेशक, चारु सिन्हा , अतिरिक्त महानिदेशक को अकादमी निदेशक द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## जीएचएमसी द्वारा एक और विशेष स्वच्छता अभियान

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की सीमा में इस महीने की 21 तारीख से 25 तारीख तक पाँच दिनों के लिए एक बार फिर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। आयुक्त आर.वी. कर्णन ने बताया कि यह निर्णय लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है क्योंकि पिछले मानसून स्वच्छता अभियानों के अच्छे परिणाम मिले थे। आयुक्त ने कहा कि बरसात के मौसम में फैलने वाली मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव के लिए पर्यावरण की स्वच्छता बेहद ज़रूरी है । उन्होंने बताया कि मौसम विभाग की सलाह के अनुसार, आने वाले दिनों में बारिश की संभावना कम है, इसलिए हम इस समय का लाभ उठाते हुए शहर में जमा कचरा, निर्माण अपशिष्ट और पुराने कचरे को हटाने का अभियान चला रहे हैं्। आयुक्त ने कहा कि पिछले विशेष अभियान में छूटी हुई कॉलोनियों के अलावा, कचरा संवेदनशील स्थानों पर जमा कचरा भी हटाया जाएगा और लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पूरे उपाय किए जाएँगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोगों को भी इसमें भाग लेना चाहिए और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव और सलाह लेकर हैदराबाद को एक 'स्वच्छ शहर' बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों का भी सख्ती से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# मिस वर्ल्ड ओपल सुचाता हैदराबाद के पिंक पावर रन 2.0 में शामिल होंगी

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सुधा रेड्डी फाउंडेशन ने एमईआईएल फाउंडेशन के सहयोग से पिंक पावर रन के दूसरे संस्करण का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता बढ़ाना और धन जुटाना है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस वर्ष की दौड़ की टैगलाइन है "स्ट्राइड एंड शाइन", जो इस विश्वास का प्रतीक है कि हर कदम – चाहे वह उपचार, एकजुटता या वकालत में हो – दूसरों के लिए मार्ग रोशन करने की शक्ति रखता है। मिस वर्ल्ड 2025 , स्तन कैंसर से उबर चुकीं ओपल सुचाता चुआंग्सरी और मिस एशिया 2025, कृष्णा ग्रेविदेज़, इस घोषणा के अवसर पर उपस्थित थीं।

28 सितंबर को, ये दोनों वैश्विक हस्तियाँ नेकलेस रोड पर हज़ारों प्रतिभागियों के साथ शामिल होंगी। 2025 के संस्करण में 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी दौड़ें शामिल होंगी, जो सभी उम्र, पृष्ठभूमि और फिटनेस स्तर के प्रतिभागियों के लिए खुली होंगी।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**नं. वाय/सी. ई-नीलामी/एचवायबी/2025-26 दि.19-08-2025**

हैदराबाद डिवीजन में, एटीएम, रेलों पर, विज्ञापन के अधिकार(मोबाईल एस्सेट), रेलवे स्टेशनों (आरडीएन) पर तथा छिटपुट स्थैतिक सेवाएं श्रेणी के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार संविदाएं या कमर्शियल पब्लिसिटी कांट्राक्ट्स प्रदान करना।

जैसे कि, इच्छानुसार, दक्षिण मध्य रेलवे के, हैदराबाद डिवीजन में, एटीएम, रेलों पर, विज्ञापन के अधिकार(मोबाईल एस्सेट), रेलवे स्टेशनों (आरडीएन) पर तथा छिटपुट स्थैतिक सेवाएं श्रेणी के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार संविदाएं प्रदान करने से संबंधित निविदा अधिसूचना की 02 (दो) प्रतियां संलग्न की गयी हैं।

**ई-नीलामी की अनुसूची निम्न प्रकार है:**

क्रम सं.01, श्रेणी: एडीवीटी-इएफफ-एस1-एमएमटीएस-24-1(एडवर्टाइजिंग-रेलवे के एक्सटीरियर या बाहरी भाग (फुल फेस) पर, कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: एमएमटीएस ट्रेन के बाहरी भाग (फुल फेस) पर विज्ञापन के अधिकार, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 12.00 बजे, नीलामी बंद समय: 12.30 बजे

क्रम सं.02, श्रेणी: एडीवीटी-इएफफ-202068-2-25-1-(एडवर्टाइजिंग-रेलवे के बाहरी भाग (फुल फेस) पर, कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: ट्रेन 12789/12790 के बाहरी भाग (फुल फेस) पर विज्ञापन के अधिकार, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 12.10 बजे, नीलामी बंद समय: 12.40 बजे

क्रम सं.03, श्रेणी: एडीवीटी-एचवायबी-एमडीएके-ओएच-119-25-1-(एडवर्टाइजिंग-आउट आफ होम) पर, कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: आउट आफ होम श्रेणी के तहत मेदक, गजवेल व सिध्दिपेट रेलवे स्टेशनों पर विज्ञापन के अधिकार, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 12.20 बजे, नीलामी बंद समय: 12.50 बजे

क्रम सं.04, श्रेणी: एडीवीटी-एचवायबी-एमडीएके-ओएसएन-118-25-1-(एडवर्टाइजिंग-स्टेशन परिसरों (नान-डिजीटल)) पर, कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: मेदक, गजवेल व सिध्दिपेट रेलवे स्टेशनों पर विज्ञापन के अधिकार, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 12.30 बजे, नीलामी बंद समय: 13.00 बजे

क्रम सं.05, श्रेणी: एडीवीटी-एचवायबी-टीएमएक्स-ओएसएन-123-25-1-(एडवर्टाइजिंग-स्टेशन परिसरों (नान-डिजीटल)) पर, कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: तिम्मापुर,शादनगर व जडचेर्ला रेलवे स्टेशनों पर विज्ञापन के अधिकार, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 12.40 बजे, नीलामी बंद समय: 13.10 बजे

क्रम सं.06, श्रेणी: एडीवीटी-एचवायबी-जीडब्ल्यूएस-ओएसएन-113-25-1-(एडवर्टाइजिंग-स्टेशन परिसरों (नान-डिजीटल)) पर, कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: गद्वाल, कर्नूल सिटी, श्रीरामनगर, श्री बालब्रह्मेश्वरा जोगुलाम्बा हाल्ट, वेलदुल्थी रेलवे स्टेशनों पर विज्ञापन के अधिकार, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 12.50 बजे, नीलामी बंद समय: 13.20 बजे

क्रम सं.07, श्रेणी: एटीएम-एचवायबी-जेसीएल-जीइएन-46-25-1-(एटीएम जनरल)), कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: हैदराबाद डिवीजन के जडचर्ला रेलवे स्टेशन पर एटोमेटेड टेल्लर मशीन(एटीएम) प्रदान करना, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 13.00 बजे, नीलामी बंद समय: 13.30 बजे

क्रम सं.08, श्रेणी: एटीएम-एचवायबी-वीडीआय-जीइएन-49-25-1-(एटीएम जनरल)), कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: हैदराबाद डिवीजन के वेलदुर्थी रेलवे स्टेशन पर एटोमेटेड टेल्लर मशीन(एटीएम) प्रदान करना, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 13.10 बजे, नीलामी बंद समय: 13.40 बजे

क्रम सं.09, श्रेणी: एटीएम-एचवायबी-एसएचएनआर-जीइएन-45-25-1-(एटीएम जनरल)), कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: हैदराबाद डिवीजन के शादनगर रेलवे स्टेशन पर एटोमेटेड टेल्लर मशीन(एटीएम) प्रदान करना, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 13.20 बजे, नीलामी बंद समय: 13.50 बजे

क्रम सं.10, श्रेणी: एटीएम-एचवायबी-एसटीपीडी-जीइएन-3-25-1-(एटीएम जनरल)), कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: हैदराबाद डिवीजन के सीताफलमण्डी रेलवे स्टेशन पर एटोमेटेड टेल्लर मशीन(एटीएम) प्रदान करना, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 13.30 बजे, नीलामी बंद समय: 14.00 बजे

क्रम सं.11, श्रेणी: एमएसएस-डीवायइ-बीएस-95-25-1-(छिटपुट स्थैतिक सेवाएं-बैटरी स्वैपिंग स्टेशन्स), कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: दयानंद नगर पर बैटरी स्वैपिंग का ठेका, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 13.40 बजे, नीलामी बंद समय: 14.10 बजे

क्रम सं.12, श्रेणी: एमएसएस-एचवायबी-एसएफएक्स-जीजेड-%1-24-1-(छिटपुट स्थैतिक सेवाएं-गेमिन्ग झोन), कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: सफीलगुडा रेलवे स्टेशन पर गेमिंग झोन (बाक्स क्रिकेट) की स्थापना , नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 13.50 बजे, नीलामी बंद समय: 14.20 बजे

क्रम सं.13, श्रेणी: एमएसएस-एचवायबी-एमजेएफ-जीजेड-91-25-1-(छिटपुट स्थैतिक सेवाएं-गेमिन्ग झोन), कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: रेल कलारंग, मेट्टुगुडा पर स्नैक्स बार सहित टेन्निस एकाडमी की स्थापना , नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 14.00 बजे, नीलामी बंद समय: 14.30 बजे

क्रम सं.14, श्रेणी: एमएसएस-एचवायबी-जेओओ-एसएस-93-25-1-(छिटपुट स्थैतिक सेवाएं-सैलून सर्विस), कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: जामे उस्मानिया रेलवे स्टेशन पर युनिसेक्श सैलून का प्रावधान, नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 14.10 बजे, नीलामी बंद समय: 14.40 बजे

क्रम सं.15, श्रेणी: एमएसएस-एचवायबी-वीएआर-टीएचडीपीके-92-25-1-(छिटपुट स्थैतिक सेवाएं-ट्रैवल हेल्प डेस्क/ट्रैवलर्स इनफर्मेशन एण्ड प्रमोशनल कियोस्क), कैटलाग नं. एचवायबी-मिक्सड एनएफआर, विवरण: विद्यानगर रेलवे स्टेशन पर, कार्यालय परिसरों/सपोर्ट डेस्क/ट्रैवल डेस्क की स्थापना करना। नीलामी तिथि:29-08-2025, नीलामी शुरू समय: 14.20 बजे, नीलामी बंद समय: 14.50 बजे

PUB/1008

A1252 वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद


**Public Notice**

IN THE COURT OF THE HON'BLE 1ST SENIOR CIVIL JUDGE:
CITY CIVIL COURT :: AT :: HYDERABAD
S.O.P.No. 73 of 2025
Between :-
Rajaram Gehlot
.. Petitioner
And
Vijaya Bank
Rep by its Branch Manager
.. Respondent

Please take notice that the above petitioner herein filed the above S.O.P for declaration to declare him as the successor of the deceased Sri.Ramnivas Gehlot S/o.Late Laxmi Narayan Gehlot, who died on 15.11.2018 and the above S.O.P is posted on 01-09-2025. If any person or persons are having any objection/interest in respect of the claims made by the petitioner herein may appear before the above said Hon'ble Court at 10.30 a.m on 01-09-2025 in person or through your counsel, failing which the matter will be decided in your absence according to law.

SCHEDULE PROPERTY

All that, an amount of Rs. Rs.2,72,543/- (Rupees Two Lakhs Seventy Two Thousand and Five Hundred Forty Three Only) in Vijaya Bank vide Account bearing No.370931100780, Murramjahi, Road, Hyderabad.

// By order of the Hon'ble Court//
G. Janga Reddy
Advocate
Off:H.No. 7-2-88,
Bairamalguda,
Hyderabad.
Cell No: 9493106077.

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Dharm Pal, Father of No.17009665W, Hav,Jaldeep Kumar, R/o, Dist: Charkhi Dadri, Haryana, changed my name from Dharm Pal to Dharmpal vide Affidavit dt 19.08.2025, before Medchal Court, Telangana.

I, Suresh Kaur, Mother of No.17009665W, Hav, Jaldeep Kumar, R/o, Dist: Charkhi Dadri, Haryana, changed my name from Suresh Kaur to Suresh vide Affidavit dt 19.08.2025, before Medchal Court, Telangana.

I, JC 777927N, Sub, Ashok Kumar, R/o, Dist: Yamuna Nagar, Haryana, changed my Son's name from Aniket to Aniket Sood vide Affidavit dt 19.08.2025.


**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


# दमरे के जीएम ने गुंतकल मंडल का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे संजय कुमार श्रीवास्तव, ने बुधवार को गुंतकल मंडल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ गुंतकल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक चंद्रशेखर गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। श्री श्रीवास्तव ने सिकंदराबाद-महबूबनगर; रेनीगुंटा-गुंतकल खंड में रियर विंडो निरीक्षण किया, जिसके दौरान उन्होंने पटरियों, सिग्नलिंग प्रणालियों और पुलों के सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा की। महाप्रबंधक के साथ हैदराबाद के मंडल रेल प्रबंधक संतोष कुमार वर्मा महबूबनगर खंड तक और बाद में तिरुपति से आगे गुंतकल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक चंद्रशेखर गुप्ता भी मौजूद रहे। संजय कुमार श्रीवास्तव ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तिरुपति रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और कार्यस्थल पर अपनाई जा रही सुरक्षा सावधानियों का अवलोकन किया। महाप्रबंधक ने तिरुपति में निर्माण संगठन के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की, जिसमें उन्होंने परियोजना की वर्तमान स्थिति और आगे की कार्ययोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कार्यों की प्रगति की सराहना की और अधिकारियों को कार्यों में और तेजी लाने की सलाह दी ताकि परियोजना को लक्ष्य के अनुसार पूरा किया जा सके। इसके अलावा, महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कडप्पा रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति की जाँच की और निर्माण स्थल पर सुरक्षित कार्य पद्धतियों का निरीक्षण किया। बाद में, संजय कुमार श्रीवास्तव ने गुंतकल मंडल मुख्यालय में एक विस्तृत निष्पादन समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान, महाप्रबंधक ने मंडल द्वारा किए जा रहे विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, स्टेशन पुनर्विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं के प्रावधान, यातायात सुविधा कार्यों आदि की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान, महाप्रबंधक को विभिन्न ट्रेड यूनियनों के सदस्यों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए।

## आईएएस अधिकारियों की पत्नियों के संघ ने तेलंगाना के राज्यपाल से मुलाकात की



हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना आईएएस अधिकारियों की पत्नियों के संघ (टीजी आईएएसओडब्ल्यूए) ने आज राजभवन में राज्य के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से मुलाकात की। राज्यपाल ने प्रथम महिला सुधा देव वर्मा के साथ संघ के सदस्यों से बातचीत की और उनकी सामाजिक सेवा पहलों की सराहना की। उन्होंने सामुदायिक कल्याण के प्रति उनके समर्पण की सराहना की और उन्हें अपने मानवीय प्रयासों से समाज को प्रेरित करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। बाद में, राज्यपाल ने संघ के सदस्यों के लिए एक "पारंपरिक दोपहर के भोजन" का आयोजन किया, जिससे सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान के लिए एक अनौपचारिक मंच तैयार हुआ और राजभवन और टीजी आईएएसओडब्ल्यूए के बीच संबंधों को मजबूत किया गया। मुख्य सचिव के. रामकृष्ण राव, राज्यपाल के प्रधान सचिव एम. दाना किशोर, संयुक्त सचिव जे. भवानी शंकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एक शाम श्री बाबा रामदेवजी के नाम जागरण 25 को

गाजुलारामाराम शापुर नगर स्थित महाराजा गार्डन में रामदेव मित्र मंडल एवं समस्त सनातन धर्मप्रेमी, आप और हम के तत्वावधान में एक शाम श्री बाबा रामदेवजी महाराज के नाम विशाल जागरण का आयोजन सोमवार 25 अगस्त रात्रि 8.15 बजे भव्यरुप से आयोजित किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में नेमीचन्द गेहलोत ने बताया कि भव्य पंडाल सजाकर, बाबा की तस्वीर पर माल्यापर्ण व ज्योत प्रज्वलितकर एक शाम श्री बाबा रामदेवजी के नाम विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मरुधरा से पधारे भजन गायकार रमेश माली, बाल कलाकार श्री राजपुरोहित, अभिनेत्री भजन गायिका नुतन गेहलोत एवं प्रमोद सोनी अपने मधुर आवाज में भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे।


पधारे भक्तों के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था सायं 7.15 बजे से कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गोपाल टॉक, भंवरलाल गेहलोत, जीवराज गुर्जर, नरेश भाई देवड़ा, नेमीचन्द गेहलोत व सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भक्तों से निवेदन है उपरोक्त कार्यक्रम में सपरिवार समय पर पधारकर दर्शन, भजनों व महाप्रसादी का लाभ लेवे।

## प्रजापत समाज काटेदान का दूज महोत्सव 25 को

श्रीयादेमाता मंदिर ट्रस्ट राजस्थानी प्रजापत समाज काटेदान समाज बन्धुओं के सानिध्य मे विशेष मीटिंग आयोजितकर श्रीयादेमाताजी का दूज महोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत भादवा सुदी एकम रविवार 24 अगस्त रात्रि जागरण व भादवा सुदी बीज(दूज) सोमवार 25 अगस्त प्रात: वेला में पूजा- अर्चना व महाप्रसादी कार्यक्रम भव्यरुप से आयोजित किया जायेगा।

प्रेस विज्ञप्ति मे अध्यक्ष हरिराम ब्रांदणा, सचिव धर्मिचन्द बाबरिया ने संयुक्तरुप से बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओ के सानिध्य मे दो दिवसीय भादवा सुदी बीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 24 अगस्त प्रात: वेला मे श्रीयादे मंदिर को विशेष फूलों व लाइटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रंगारकर रात्रि 9 बजे से जागरण आयोजित किया जाएगा। जिसमे ओमसिंह राजपुरोहित व शैतान नाथ माई के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। 25 अगस्त प्रात: 8.15 बजे ज्योत प्रज्वलितकर, पुजा-अर्चना, स्वागत कार्यक्रम व समाज बन्धुओं द्वारा माई के चरणों में श्रीफल भेंटकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना प्रात: 10 बजे से धर्मसभा का आयोजन कर चैयरमैन दुर्गाराम कपुरपुरा की अध्यक्षता मे मुख्यअतिथियों, पधारे मेहमानों का स्वागत, कोषाध्यक्ष किशोरकुमार बाबरिया द्वारा आय-व्यय का विवरण एवं पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था मंदिर प्रांगण मे रहेगी। बीज महोत्सव कार्यक्रम में पदाधिकारी व कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य पधारे भक्तों की सेवार्थ उपस्थित रहेंगे। प्रचार मंत्री किशोरकुमार रांवरिया ने समाज बन्धुओं से निवेदन किया है कि बीज महोत्सव पर अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर, समाज बन्धु सपरिवार पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।


।। श्री हरि ।। **द्वितीय पुण्यतिथि** ।। श्री हरि ।।



**स्व. श्रीमती केसीबाई वर्फा**

धर्मपत्नी: श्री घीसारामजी वर्फा (मरुधर मे ईसाली)

स्वर्गवास: 21 अगस्त 2023

चले गये हो बीच राहों में, दिलों से नहीं जा पाओगे।
आँखों में है आँसू गम के, उम्र भर याद आओगे।।

: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता : रुपाराम-टीपुदेवी,
स्व.वेनारामजी-विमलादेवी, सुरेश-मंजूदेवी (पुत्र-पुत्रवधु),
सचिन, लक्ष्मण, शेखर, गौरव (पौत्र),
दीक्षा, परीधी, दिपीका (पौत्री) एवं समस्त वर्फा परिवार

DHANLAXMI TRADERS Balanagar, Hyderabad
LAXMI SANITARYWARE & PAINTS
Jeedimetla, Quthbullapur
9440260702, 9573711132, 9908740351

P.Solankey

# मुख्तार के बेटे अब्बास की विधायकी बहाल होगी

> हाईकोर्ट ने 2 साल की सजा पर रोक लगाई > कहा था-अफसरों से हिसाब-किताब होगा



प्रयागराज, 20 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास को हेट स्पीच केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को कोर्ट ने मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अब्बास को 2 साल की सजा सुनाई गई थी। लीगल एक्सपर्ट का कहना है कि अब अब्बास की विधायकी बहाल होगी। मामला 2022 के विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। इस दौरान एक चुनावी रैली में अब्बास ने कहा था- सपा मुखिया अखिलेश यादव से कहकर आया हूं, सरकार बनने के बाद 6 महीने तक किसी की ट्रांसफर-पोस्टिंग नहीं होगी। जो जहां है, वहीं रहेगा। पहले हिसाब-किताब होगा, फिर ट्रांसफर होगा।

इसके बाद शहर कोतवाली में हेट स्पीच की एफआईआर दर्ज हुई थी। 31 मई को मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट ने अब्बास को इस मामले में 2 साल की सजा सुनाई। कोर्ट का आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर फाइल मऊ से लखनऊ पहुंची। फिर रविवार को विधानसभा सचिवालय खोलकर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई और सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया। अब्बास के वकील उपेंद्र उपाध्याय ने बताया- 17 जुलाई को सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हमारी मांगों को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और सजा पर रोक लगा दी। मामले में कुल 5 सुनवाई हुईं। 13 अगस्त को बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। उन्होंने कहा कि हमने दलील दी थी कि भाषण की सामग्री से किसी भी तरह का आपराधिक केस नहीं बनता। जिन धाराओं में सजा हुई, वे उचित नहीं थीं। यह अधिकतम आचार संहिता के उल्लंघन का मामला हो सकता था, जिसे अनावश्यक रूप से क्रिमिनल केस में बदल दिया गया।

बात 3 मार्च, 2022 की है। अब्बास ने मऊ के पहाड़पुर मैदान में चुनावी रैली की। इसमें कहा- यहां पर जो आज डंडा चला रहे हैं। अगले मुख्यमंत्री होने वाले अखिलेश भैया से कहकर आया हूं। सरकार बनने के बाद छह महीने तक कोई तबादला और तैनाती नहीं होगी। जो हैं, वह यहीं रहेगा। जिस-जिस के साथ जो-जो किया है, उसका हिसाब किताब यहां देना पड़ेगा। इस बयान के बाद चुनाव आयोग ने तब अब्बास अंसारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 24 घंटे तक प्रचार पर रोक लगा दी थी। 4 अप्रैल, 2022 को तत्कालीन एसआई गंगाराम बिंद की शिकायत पर शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें अब्बास, उनके छोटे भाई उमर अंसारी और चुनाव एजेंट मंसूर के अलावा 150 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था। इन पर आईपीसी की धाराएं- 506 (धमकी), 171F (चुनाव प्रक्रिया में बाधा), 186 (लोक सेवक को बाधित करना), 189 (लोक सेवक को धमकाना), 153A (साम्प्रदायिक वैमनस्य) और 120B (षड्यंत्र) जैसी गंभीर धाराएं लगाई गई थीं।

**कोर्ट ने कहा था-लोकसेवा में भड़काऊ भाषण की कोई जगह नहीं**

31 मई को मऊ कोर्ट ने अब्बास के साथ उनके चुनाव एजेंट मंसूर अंसारी को भी इस मामले में 6 महीने की सजा सुनाई गई थी। दोनों पर 2-2 हजार का जुर्माना भी लगाया था। हालांकि, अब्बास के छोटे भाई उमर अंसारी को बरी कर दिया था। जस्टिस डॉ. केपी सिंह ने कहा था- राजनीतिक क्षेत्र जैसी लोकसेवा में भड़काऊ भाषण की कोई जगह नहीं है। यह तब और गंभीर हो जाता है, जब आशय धर्म के आधार पर अव्यवस्था कर चुनाव को डायरेक्ट और इन-डायरेक्ट रूप से प्रभावित करने की हो।

सजा होने के बाद कुछ देर बाद ही अब्बास और मंसूर ने 20-20 हजार के बेल बॉन्ड भरकर जमानत ले ली थी। इसके बाद अब्बास घर जाने लगे तो पुलिस कर्मी ने उनकी कार रुकवा ली थी। कहा था- आधे घंटे रुक जाइए। इस पर अब्बास ने कहा था- सुबह से भूखे हैं, खाना खाने के बाद आ जाऊंगा। पुलिसकर्मी ने जवाब दिया- जिले का बॉर्डर क्रॉस मत करिएगा। अब्बास ने पलटकर जवाब दिया था- हम खुद ही फंसे हैं, अब क्या और फंसने का काम करेंगे?

# शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम बदला, अब परशुरामपुरी से जाना जाएगा यह नगर

शाहजहांपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद का नाम बदल दिया गया है। अब यह नगर परशुरामपुरी के नाम से जाना जाएगा। इस संबंध में गृह मंत्रालय से पत्र जारी किया गया है। इस पर केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है, 'शाहजहांपुर स्थित जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' करने की अनुमति देने पर गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद एवं आभार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आए इस निर्णय ने संपूर्ण सनातनी समाज को गर्व का क्षण प्रदान किया है।' प्रदेश सरकार ने जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन दे दिया था। प्रदेश के प्रमुख सचिव ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव को पत्र भेजकर नाम परिवर्तन की स्वीकृति शीघ्र देने की अपेक्षा की थी। इस पर गृह मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है।

**बीते दिनों भेजा गया था पत्र**

बीते दिनों प्रदेश के प्रमुख सचिव की ओर से केंद्रीय गृह सचिव को पत्र भेजा गया था। जिसमें कहा गया था कि जलालाबाद भगवान परशुराम की जन्मस्थली है। वहां भगवान परशुराम का काफी पुराना ऐतिहासिक मंदिर भी है। इसलिए जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी रखे जाने की मांग की जाती रही है। नगर पालिका परिषद ने मार्च 2018 व सितंबर 2023 में इस मांग के प्रस्ताव बोर्ड बैठक में भी पारित किए। अप्रैल में शाहजहांपुर के डीएम ने बोर्ड की बैठक में पारित प्रस्ताव संलग्न कर नाम परिवर्तन को अपनी संस्तुति सहित पत्र शासन को भेजा था। पत्र में प्रमुख सचिव ने यह भी कहा था कि केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने बीते अप्रैल में ही लोगों की आस्था को देखते हुए नगर का नाम परशुरामपुरी घोषित किए जाने की मांग शासन से की थी। उक्त मांग तथा पालिका बोर्ड के प्रस्ताव पर प्रदेश सरकार ने अपनी सहमति जताते हुए नगर का नाम परशुरामपुरी किए जाने का अनुमोदन दे दिया था। इस प्रस्ताव पर गृह मंत्रालय ने मंजूरी देते हुए बुधवार को पत्र जारी कर दिया।

## लखनऊ में इकलौते बेटों की ट्रेन से कटकर मौत

लखनऊ, 20 अगस्त (एजेंसियां)। लखनऊ में ट्रेन की चपेट में आने से दो छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आया है कि दोनों छात्र इयरफोन लगाकर रेलवे लाइन के किनारे चल रहे थे। इयरफोन लगा होने के कारण ट्रेन की आवाज नहीं सुन पाए और हादसे का शिकार हो गए। घटना मंगलवार रात करीब 10:30 बजे बीकेटी थाना क्षेत्र के मामपुर रेलवे क्रासिंग के पास हुई। मृतकों की पहचान देवा, बाराबंकी निवासी अक्षत मौर्या (18) पुत्र अतुल मौर्या और पुखरा पुरवा, हरगांव सीतापुर निवासी करण पटेल (18) पुत्र विपिन कुमार के रूप में हुई। दोनों छात्र अपने मां-बाप के इकलौते बेटे थे।

# खाद की कालाबाजारी पर योगी सरकार सख्त-अफसरों को निर्देश-लगातार करें मॉनिटरिंग



लखनऊ, 20 अगस्त (एजेंसियां)। योगी सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि प्रदेश में कहीं भी उर्वरकों की दिक्कत या कमी नहीं है। किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। सरकार ने खाद के अनावश्यक भंडारण न करने की अपील की है। कृषि विभाग ने सभी 18 मंडलों में खाद की उपलब्धता व बिक्री की जानकारी दी। खरीफ सत्र 2024 में इस अवधि (18 अगस्त) तक 36.76 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री हुई थी, वहीं इस वर्ष अब तक 42.64 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री की जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों से अपील की कि खाद का भंडारण न करें। जितनी आवश्यकता है, उतना खाद लें, जब-जब आवश्यकता है, तब-तब खाद लें। हर जनपद में शिकायत प्रकोष्ठ है। किसी भी परेशानी की स्थिति में अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने उर्वरक की ओवररेटिंग, कालाबाजारी करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी है। उन्होंने जनपद में तैनात अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करने, किसानों से संवाद स्थापित करने और समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग ने बताया कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। प्रदेश में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अभी तक अधिक खाद वितरण किया जा चुका है। विगत वर्ष 27.25 लाख मीट्रिक टन यूरिया वितरण हुआ था, इस वर्ष अभी तक 31.62 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। डीएपी 2024 में वितरण 5.28 लाख मीट्रिक टन का रहा, इस वर्ष यह बिक्री 5.38 लाख मीट्रिक टन हुई। एनपीके उर्वरक (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस व पोटेशियम मिश्रण) का वितरण विगत वर्ष 2.07 लाख मीट्रिक टन रहा, इस वर्ष 2.39 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। एमओपी (म्यूरेट ऑफ पोटाश) 0.25 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष इस वर्ष 0.46 लाख मीट्रिक टन वितरित हुआ। वहीं एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) का वितरण 2024 में 1.91 लाख मीट्रिक टन रहा, इस वर्ष किसानों को 2.79 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य पूर्ण हो गया है। मुख्य फसल धान में टॉप-ड्रेसिंग हेतु प्रतिदिन औसतन 49564 मी०टन यूरिया की खपत/बिक्री हो रही है। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 16.04% (मात्रा 4.37 लाख मी०टन) अधिक यूरिया उर्वरक की बिक्री हुई है।

## बिहार में शराबबंदी के बावजूद तस्करों का खेल जारी

**दानापुर में जीआरपी की बड़ी कार्रवाई; 14 गिरफ्तार**



दानापुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। दानापुर रेल मंडल में बुधवार को जीआरपी ने शराबबंदी के बावजूद शराब तस्करी कर रहे 14 लोगों को गिरफ्तार किया। दानापुर स्टेशन पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए रेल एसपी अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने बताया कि ऑपरेशन रेड और ऑपरेशन क्लीन के तहत रेल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कार्रवाई के दौरान ब्रम्हपुत्र मेल से दानापुर पहुंचे चार तस्करों से 29.8 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। आरा स्टेशन पर चार आरोपियों के पास से 63.6 लीटर शराब मिली। बक्सर में कुम्भ एक्सप्रेस से उतरे एक तस्कर से 3.75 लीटर शराब जब्त हुई। इसके अलावा बख्तियारपुर और मोकामा से एक-एक तस्कर तथा पटना जंक्शन से दो तस्करों को पकड़ा गया। इस तरह कुल 14 तस्करों के पास से भारी मात्रा में शराब जब्त की गई। इसी दौरान दानापुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या–1 से जीआरपी ने दो मोबाइल चोरों को भी गिरफ्तार किया। रेल पुलिस के अनुसार, यूपी से लगातार ट्रेन के जरिए शराब की खेप बिहार लाई जा रही थी, जिस पर अब नकेल कसी जा रही है। इसके बावजूद, शराबबंदी के सख्त कानूनों के बीच शराब माफियाओं का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा।

# यमुना का जलस्तर बढ़ा, डूब क्षेत्र में बाढ़ का खतरा

*इस हफ्ते भी जारी रहेगी बारिश*

नोएडा, 20 अगस्त (एजेंसियां)। हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी का असर यमुना नदी के जलस्तर पर साफ दिखने लगा है। नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और इसका सीधा असर गौतमबुद्ध नगर जिले में यमुना किनारे बसे डूब क्षेत्र पर हो रहा है।

कई गांवों, बस्तियों और कई फार्म हाउस तक पानी पहुंचने लगा है। इस वजह से वहां रहने वाले लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। जिला प्रशासन पहले ही अलर्ट जारी कर चुका है। कुछ दिन पहले हुई बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि डूब क्षेत्र में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए, ताकि अचानक आने वाली बाढ़ की स्थिति में जनहानि से बचा जा सके। प्रशासन लगातार गश्त कर रहा है और प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। इस बीच लोगों की चिंता और बढ़ गई है क्योंकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए लगातार बारिश की भविष्यवाणी की है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के मुताबिक 20 और 21 अगस्त को यमुना क्षेत्र में आंधी-तूफान के साथ बारिश होने की संभावना है। 22 और 23 अगस्त को भी आसमान में बादल छाए रहेंगे और मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा 24 और 25 अगस्त तक गरज-चमक के साथ बारिश या तेज बौछारें पड़ने की चेतावनी दी गई है। तापमान 31 से 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वहीं, ह्यूमिडिटी 60 से 95 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई गई है, जिससे उमस भी लोगों को परेशान करेगी।

# सीएम नीतीश ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को दी डीबीटी से राहत राशि, बैंक खातों में भेजी गई



पटना, 20 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से बाढ़ प्रभावित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से राहत राशि का भुगतान शुरू किया। इसके तहत 12 जिलों के 6 लाख 51 हजार 602 परिवारों को प्रति परिवार 7000 रुपये की दर से कुल 456 करोड़ 12 लाख रुपये की राशि सीधे बैंक खातों में भेजी गई।

विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने जानकारी दी कि अगस्त माह में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से भोजपुर, पटना, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार जिलों में बाढ़ की स्थिति बनी। इसके अलावा नालंदा जिले के कुछ प्रखंडों में भी बाढ़ आई। कुल 12 जिलों के 66 प्रखंडों की लगभग 38 लाख आबादी प्रभावित हुई है। अब तक बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच 2.19 लाख पॉलिथीन शीट और 57 हजार 639 ड्राई राशन पैकेट बांटे गए हैं। 14 बाढ़ राहत शिविर चल रहे हैं, जिनमें करीब 15 हजार लोग ठहरे हैं। सामुदायिक रसोई केंद्रों में अब तक 85 लाख से अधिक लोग भोजन कर चुके हैं। शिविरों में मानव और पशु चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 अगस्त को बाढ़ प्रभावित जिलों की समीक्षा बैठक की गई थी और 14 अगस्त को हवाई सर्वेक्षण किया गया था। अधिकारियों को राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज तय समय सीमा के भीतर प्रभावित परिवारों को आनुग्रहिक राहत राशि का भुगतान शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए कहा कि सितंबर माह में भी नदियों का जलस्तर बढ़ सकता है। इसलिए पूरी तत्परता से स्थिति पर नजर रखें और पीड़ित लोगों की संवेदनशीलता के साथ मदद करें। उन्होंने कहा कि राज्य के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार है।

इस अवसर पर आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, डॉ. एस. सिद्धार्थ, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार और कुमार रवि, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रभावित जिलों के जिलाधिकारी भी कार्यक्रम से जुड़े।

## सीएसपी संचालक के बाह में गोली मारकर लूट

मोतिहारी, 20 अगस्त (एजेंसियां)। मोतिहारी के तुरकौलिया थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दिनदहाड़े सीएसपी में घुसकर लूट की घटना को अंजाम दिया है। विरोध करने पर सीएसपी संचालक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसका इलाज मोतिहारी के रहमानिया मेडिकल सेंटर में चल रहा है। घायल की पहचान सीएसपी संचालक रामपुकार साहनी(28) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में घायल ने बताया कि वह रोज की तरह अपने एसबीआई के सीएसपी केंद्र पर गया। वहां बहुत सारे कस्टमर मौजूद थे। इसी बीच एक बाइक पर सवार होकर तीन अपराधी आए। उन्होंने अपना आधा चेहरा छुपा रखा था।

## बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्र के बेटे विष्णु को हाईकोर्ट से मिली जमानत

प्रयागराज, 20 अगस्त (एजेंसियां)। दोही के बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा के बेटे विष्णु मिश्रा को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। गोपीगंज थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वर्ष 2022 में पुलिस ने विवेचना के दौरान एके-47 और कारसूत बरामद करने का दावा किया था। इसके अलावा विष्णु मिश्रा पर कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। यह फैसला जस्टिस राजवीर सिंह की अदालत ने सुनाया।

## अपराधियों को संरक्षण देने वाले हर कानून को फाड़ देना चाहिए : कांग्रेस नेता अभय दुबे

पटना, 20 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने संसद में तीन महत्वपूर्ण विधेयक पेश किया है, जिसके तहत आपराधिक छवि वाले व्यक्तियों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पदों से हटाया जा सकेगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर अभय दुबे ने बुधवार को कहा कि अपराधियों को संरक्षण देने वाले हर कानून को फाड़ देना चाहिए। कांग्रेस नेता अभय दुबे ने कहा, यह स्वाभाविक है। राहुल गांधी हमेशा से इसकी वकालत करते रहे हैं। कुछ लोग उनकी आलोचना करते थे, लेकिन अपराधियों को संरक्षण देने वाले हर कानून को फाड़ देना चाहिए।

# अखिलेश ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना, बोले-खानापूर्ति कर रहे डीएम



लखनऊ, 20 अगस्त (एजेंसियां)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि कासगंज, बाराबंकी और जौनपुर के जिलाधिकारी जिस तरह से हमारे एफिडेविट पर सक्रिय हो गए हैं।

उससे यह तो साबित हो गया है कि चुनाव आयोग की एफिडेविट न मिलने की बात झूठी निकली। उन्होंने कहा कि अब जिलाधिकारी इन पर सतही जवाब देकर खानापूर्ति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मामले में इन जिलाधिकारियों की संलिप्तता की जांच होनी चाहिए।

जिस तरह कासगंज, बाराबंकी, जौनपुर के डीएम हमारे 18000 शपथपत्रों के बारे में अचानक अति सक्रिय हो गये हैं, उसने एक बात तो साबित कर दी है कि जो चुनाव आयोग कह रहा था कि 'एफिडेविट की बात गलत है' मतलब एफिडेविट नहीं मिले, उनकी वो बात झूठी निकली।

अगर कोई एफिडेविट मिला ही नहीं, तो ये जिलाधिकारी लोग जवाब किस बात का दे रहे हैं। अब सतही जवाब देकर खानापूर्ति करनेवाले इन जिलाधिकारियों की संलिप्तता की भी जांच होनी चाहिए। कोर्ट संज्ञान ले, चुनाव आयोग या डीएम में से कोई एक तो गलत है ही ना? जो सीसीटीवी पर पकड़े गये हों उनके द्वारा अपने घपलों पर दी गई सफाई पर किसी को भी रत्ती भर विश्वास नहीं है। झूठ का गठजोड़ कितना भी ताकतवर दिखे पर आखिरकार झूठ हारता ही है क्योंकि नकारात्मक लोगों का साझा-गोरखधंधा अपने-अपने स्वार्थों की पूर्ति करने के लिए होता है, ऐसे भ्रष्ट लोग न तो अपने ईमान के सगे होते हैं, न परिवार, न समाज के, तो फिर भला अपने साझेदारों के कैसे होंगे।

ये बेईमान लोग देश और देशवासियों से ताउम्र दगा करते हैं और अंततः पकड़े जाने पर अपमान से भरी जिंदगी जीने की सजा काटते हैं।

## घर का छत गिरा मलबे में दबे 3 लोग

नालंदा, 20 अगस्त (एजेंसियां)। नालंदा में 60 साल पुराना मकान का जर्जर छत गिर गया। इससे घर के तीन सदस्य मलबे में दब गए। दादी और पोते की इस घटना में मौत हो गई है। जबकि, एक भाई जख्मी है।

मामला रहुई प्रखंड के इमामगंज गांव का है। हादसे में 14 साल के किशोर की मौत हो गई है। घटना मंगलवार की रात हुई है। मृतक की पहचान धर्मवीर कुमार के 14 साल के बेटे आशीष कुमार के रूप में की गई है। दादी (80) आनंदी महतो की पत्नी फुलिया देवी की आज मौत हो गई है। जबकि, छत के मलबे में दबकर आशीष का छोटा भाई (12) निरंजन कुमार जख्मी हो गया। जिन्हें इलाज के लिए पावापूरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

# भागलपुर की बेटी नमिता ने माउंट एल्ब्रस पर फहराया तिरंगा

> रचा नया कीर्तिमान, देश हुआ गौरवान्वित



भागलपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। साहस और दृढ़ संकल्प का अद्भुत परिचय देते हुए, बिहार के भागलपुर जिले की बेटी नमिता कुमारी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस (5,642 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर तिरंगा फहराया और पूरे देश को गौरवान्वित किया। 16 अगस्त की सुबह 5:20 बजे, नमिता ने यह चुनौतीपूर्ण अभियान पूरा किया। फिलहाल वे पटना स्थित बिहार ग्रामीण बैंक की करबिगहिया शाखा में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। नमिता भागलपुर के इशाकचक निवासी त्रिभुवन पांडेय और चिंता देवी की सबसे छोटी पुत्री हैं। अपनी इस ऐतिहासिक सफलता पर उन्होंने कहा कि यह पल न सिर्फ उनके परिवार और राज्य बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है।

**पर्वतारोहण की ओर समर्पण**

नमिता ने बताया कि माउंट एल्ब्रस, जो दक्षिण-पश्चिमी रूस की काकेशस पर्वत श्रृंखला में स्थित एक सुप्त ज्वालामुखी है, उस पर चढ़ाई करना बेहद कठिन अनुभव रहा। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने 2022 में हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट (एचएमआई), दार्जिलिंग से लिए गए पर्वतारोहण प्रशिक्षण को दिया। वे अब तक कई प्रमुख अभियानों में हिस्सा ले चुकी हैं, जिनमें युनम पीक (6,100 मीटर), एवरेस्ट बेस कैंप (5,364 मीटर), अन्नपूर्णा बेस कैंप (4,130 मीटर), फ्रेंडशिप पीक (5,287 मीटर), रेनोक पीक (5,025 मीटर), चादर ट्रेक और केदारकंठा ट्रैक शामिल हैं।

**बिहार की बेटियों के लिए प्रेरणा**

नमिता ने कहा कि माउंट एल्ब्रस पर तिरंगा फहराना केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि बिहार की उन असंख्य बेटियों के लिए प्रेरणा है जो सामाजिक बाधाओं को पार कर अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि जब अन्य राज्यों की महिलाएं पर्वतारोहण के क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं, तो बिहार की बेटियों को भी पीछे नहीं रहना चाहिए। अगर सरकार और समाज से उचित सहयोग मिले, तो बिहार की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना सकती हैं।"

*शिवसेना यूबीटी-मनसे गठबंधन को झटका*

# बेस्ट क्रेडिट सोसाइटी चुनाव में ठाकरे बंधुओं को मिली करारी हार



मुंबई, 20 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी और मनसे गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। बेस्ट एम्प्लॉइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड के चुनाव में ठाकरे बंधुओं को करारी हार का सामना करना पड़ा है। चुनाव में शिवसेना यूबीटी और मनसे के पैनल को सभी 21 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। हाल ही में शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे साथ आए थे। ऐसा माना जा रहा है दोनों पार्टियां मुंबई नगर निगम चुनाव साथ में लड़ने की तैयारी कर रही हैं। इससे पहले बेस्ट क्रेडिट सोसाइटी चुनाव में मिली हार ने गठबंधन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मुंबई नगर निगम बेस्ट के कर्मचारियों से जुड़ी हाई-प्रोफाइल सहकारी ऋण समिति के चुनाव के लिए सोमवार को मतदान हुआ। मतगणना मंगलवार को शुरू हुई और देर रात तक जारी रही। चुनाव में पांच पैनल थे। इसमें एक शशांकराव का पैनल था। जबकि महायुति समर्थित सहकार समृद्धि पैनल था। जबकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और शिवसेना (यूबीटी) ने उत्कर्ष नाम से पैनल बनाकर प्रत्याशी उतारे थे। शिवसेना (यूबीटी) ने 18, मनसे ने दो और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संघ (एससीएसटी) से एक उम्मीदवार मैदान में उतारा।

चुनाव में शशांक राव के पैनल को अधिकतम 14 सीटें मिलीं। जबकि सहकार समृद्धि पैनल ने सात सीटें अपने नाम कीं। इसके अलावा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और शिवसेना (यूबीटी) ने उत्कर्ष पैनल को एक भी सीट नहीं मिली। बेस्ट कामगार सेना (सेना-यूबीटी से संबद्ध) के अध्यक्ष सुहास सामंत ने बताया कि उनके सभी 21 उम्मीदवारों की हार चौंकाने वाली है। इस चुनाव में धन का बोलबाला रहा।

नौ साल की सत्ता हाथ से फिसली

बेस्ट इंपलॉइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड में नागरिक उपक्रम के मौजूदा और पूर्व कर्मचारी सदस्य हैं, जो निर्वाचक मंडल का गठन करते हैं। इस क्रेडिट सोसायटी के 15,000 से अधिक सदस्य हैं और कई वर्षों तक इस पर नौ साल तक शिवसेना यूबीटी से जुड़ी बेस्ट कामगार सेना का प्रभुत्व रहा है। इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) और मनसे के नेताओं ने कहा था कि बेस्ट (बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन) उपक्रम में मनसे के पास पर्याप्त ताकत नहीं है, लेकिन इस चुनाव ने दोनों दलों को शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों के व्यापक चुनावों से पहले अपने संयुक्त प्रभाव का परीक्षण करने के लिए एक मंच प्रदान किया। इससे लोगों को दोनों दलों की एकता के बारे में राजनीतिक संदेश देने में भी मदद मिली।

'ठाकरे ब्रांड' असफल रहाः भाजपा

बेस्ट क्रेडिट सोसाइटी चुनाव में शिवसेना यूबीटी और मनसे पैनल की हार पर भाजपा ने तंज कसा। भाजपा ने कहा कि बेस्ट कर्मचारी सहकारी ऋण सोसाइटी चुनाव में शिवसेना-मनसे पैनल की हार ने ठाकरे भाइयों को दिखा दिया है कि वे कहां खड़े हैं? ठाकरे ब्रांड शून्य हो गया है। उनका पैनल 21 में से एक भी सीट नहीं जीत पाया। भाजपा एमएलसी प्रसाद लाड ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि बेस्ट कर्मचारी सहकारी ऋण समिति के चुनाव में ठाकरे ब्रांड शून्य साबित हुआ। ब्रांड के मालिक एक भी सीट नहीं जीत सके।

## दिल्ली के 50 स्कूलों को बम की धमकी मिली

**प्रशासन ने स्कूल खाली करवाए, बम स्क्वॉड पहुंचा; 2 दिन पहले भी मिले थे ईमेल**

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के करीब 50 स्कूलों को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। इनमें द्वारका के राहुल मॉडल स्कूल और मैक्सफोर्ट स्कूल, मालवीय नगर का एसकेवी और प्रसाद नगर का आंध्रा स्कूल शामिल हैं।

दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, सुबह 7:40 बजे मालवीय नगर के एसकेवी और 7:42 बजे आंध्रा स्कूल में धमकी की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंचीं। तलाशी में कोई विस्फोटक नहीं मिला। इस घटना से बच्चों के परिजन घबरा गए। कुछ स्कूलों ने सुरक्षा के चलते ऑनलाइन क्लास शुरू कर दी। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि ईमेल कहां से भेजे गए और इसके पीछे कौन लोग हैं। इससे पहले 18 अगस्त को भी दिल्ली के 32 स्कूलों को इसी तरह की धमकी मिली थी, जिसके बाद उन्हें खाली कराना पड़ा था।

# 1 सितंबर को पेश होगा राजा रघुवंशी मर्डर का चालान

## मेघालय पुलिस आखिरी सबूत जुटाने इंदौर पहुंची मोबाइल दुकानदारों से पूछताछ करेगी



इंदौर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस 1 सितंबर को शिलॉन्ग कोर्ट में चालान पेश कर सकती है। इसी सिलसिले में सबूत जुटाने के लिए मेघालय पुलिस की एक टीम मंगलवार देर शाम इंदौर पहुंची है। टीम स्थानीय क्राइम ब्रांच के संपर्क में है और हत्याकांड में इस्तेमाल मोबाइल फोनों से संबंधित जानकारी जुटा रही है।

मेघालय पुलिस के पास आरोपियों के तीन मोबाइल फोन के बिल और दुकानदारों की जानकारी है। आज इन दुकानदारों से पूछताछ की जा सकती है। फिलहाल, जेल में बंद किसी भी आरोपी का निजी वकील सामने नहीं आया है। हालांकि, राजा रघुवंशी के परिजन को जानकारी मिली है कि सोनम के परिवार ने उसके लिए एक वकील नियुक्त किया है। राजा के परिजन के अनुसार, उनके वकील को चालान पेश होने की सूचना मिल चुकी है। वे फिलहाल आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर आपत्ति दर्ज करवा रहे हैं। एक सप्ताह पहले भी सभी आरोपियों की ओर से जमानत याचिकाएं लगाई गई थीं। तब भी राजा के परिवार के वकील ने कोर्ट में उपस्थित होकर जमानत का विरोध किया था।

**शिलॉन्ग में खाई में मिला था राजा का शव**

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की 11 मई को सोनम के साथ शादी हुई थी। 20 मई को राजा और सोनम हनीमून के लिए इंदौर से मेघालय रवाना हुए थे। 22 मई को दोनों सोहरा की यात्रा पर निकले थे। उन्होंने एक एक्टिवा भी किराए पर ली थी। पेड़ काटने वाले हथियार से की गई राजा की हत्या 24 जून को नव दंपती से परिवार का संपर्क टूट गया था। 27 मई से दोनों की सर्चिंग शुरू की गई। 29 मई को तेज बारिश के कारण सर्चिंग रोकनी पड़ी थी। इसके बाद 30 मई को दोबारा सर्चिंग शुरू की गई। 2 जून को खाई में राजा का शव मिला। 3 जून को राजा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि उसकी हत्या पेड़ काटने वाले हथियार से की गई थी।

**सोनम यगाजीपुर स्थित एक ढाबे पर मिली थी**

इसके बाद पुलिस सोनम की तलाश में जुट गई। 9 जून को सोनम यूपी के गाजीपुर स्थित एक ढाबे पर मिली थी। इसके बाद परत-दर-परत मामले में कई खुलासे हुए। इन खुलासों ने रघुवंशी परिवार सहित सभी को चौंका दिया था। इसमें मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन की जमानत हो चुकी है।

## 'एनडीए को बहुमत पर भरोसा नहीं इसलिए विपक्ष से कर रहे संपर्क'



मुंबई, 20 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने बुधवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले एनडीए को अपनी संख्याबल पर भरोसा नहीं है। इसी कारण एनडीए के नेता विपक्षी दलों से समर्थन मांग रहे हैं। राउत ने सवाल उठाया कि जब बहुमत आपके पास है, तो विपक्ष से समर्थन की जरूरत क्यों पड़ रही है। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा कि विपक्षी गठबंधन का संख्याबल भी मामूली नहीं है। विपक्ष ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुधर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है, जबकि भाजपा की ओर से महाराष्ट्र के राज्यपाल रह चुके सी.पी. राधाकृष्णन को मैदान में उतारा गया है। राउत ने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने कई विपक्षी दलों से आधिकारिक तौर पर संपर्क किया और वोट की अपील की।

'अगर बहुमत है तो संपर्क की जरूरत क्यों?'

राउत ने सीधे सवाल उठाया कि अगर एनडीए को संसद में बहुमत का भरोसा है, तो विपक्षी नेताओं से संपर्क करने की मजबूरी क्यों पड़ी। उन्होंने कहा कि यह साफ संकेत है कि एनडीए की स्थिति उतनी मजबूत नहीं है जितनी दिखाने की कोशिश की जा रही है। राउत ने आरोप लगाया कि इस बार भी सत्ताधारी गठबंधन अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने से पहले विपक्ष से संवाद करने में नाकाम रहा।

# वायुसेना अफसर बोले-40 साल के अभ्यास के बाद मौका

> *आत्मनिर्भरता-तकनीक देश की सुरक्षा की बुनियाद*

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय वायुसेना के दक्षिण-पश्चिमी एयर कमांड के प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर को देश के राष्ट्रपति द्वारा 'सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान युद्धकालीन सेवाओं में दिए गए सबसे विशिष्ट योगदान के लिए दिया जाता है और यह भारतीय सेना का सबसे बड़ा युद्धकालीन सम्मान है। एयर मार्शल कपूर ने इस सम्मान के लिए खुशी जाहिर की। साथ ही इस सम्मान को सभी सैनिकों का सपना बताया।

उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरे सैन्य जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह ऐसा ताज है, जो हर सैनिक अपने करियर में पाने का सपना देखता है। जब सरकार और देश के लोग आपको यह मान्यता देते हैं कि आपने युद्ध के दौरान देश के लिए कुछ अहम किया है, तो उससे बड़ा संतोष कुछ नहीं हो सकता। एयर मार्शल कपूर ने बताया कि यह सम्मान उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' में भूमिका के कारण मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी ट्रेनिंग, हमारी तैयारी, सब कुछ ऐसे ही किसी मौके के लिए होती है। और जब 40 साल की मेहनत के बाद एक मौका मिलता है कि आप अपना अनुभव देश के लिए इस्तेमाल कर पाएं और उसमें सफलता मिले, तो वह भाव शब्दों में नहीं बताया जा सकता।




**तकनीकी दक्षता की जरूरत**

एयर मार्शल कपूर ने कहा कि आज की बदलती भूराजनीतिक स्थितियों में देश को आत्मनिर्भर बनना बहुत जरूरी है। कभी भी सप्लाई चेन टूट सकती है, इसलिए हमें आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में युद्ध सिर्फ हथियारों से नहीं, तकनीक से भी लड़े जाएंगे। आज के नए अधिकारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनना होगा।

**दक्षिण-पश्चिमी एयर कमांड की भूमिका**

उन्होंने यह भी बताया कि दक्षिण-पश्चिमी एयर कमांड ने कैसे दुश्मन के एयरफील्ड्स और रडार्स पर हमला किया। हमने 7 मई की रात को ही जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी थी। हालांकि यह सब वेस्टर्न एयर कमांड के साथ मिलकर किया गया था। हमारा उद्देश्य भारतीय वायुसेना की संयुक्त ताकत को दिखाना था। इसके साथ ही अंत में एयर मार्शल कपूर ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया।

*ममता का आरोप*

## 130वां संविधान संशोधन विधेयक भारत में हमेशा के लिए लोकतंत्र को खत्म कर देगा



नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि यह ₹आपातकाल से भी बड़ा₹ कदम है और भारत में लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए ₹खत्म₹ कर देगा। ममता बनर्जी की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद में तीन संविधान संशोधन विधेयक पेश किए है। इस विधेयक के तहत किसी प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री या किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के मंत्री को गंभीर आपराधिक आरोपों में लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार या हिरासत में रखने पर पद से हटाया जा सकेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉरम एक्स पर तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने एक पोस्ट शेयर कर दावा किया कि प्रस्तावित कानून देश की न्यायपालिका की स्वतंत्रता को खत्म कर देगा।

**केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार द्वारा आज पेश किए जाने वाले 130वें संविधान संशोधन विधेयक की निंदा करती हूं। मैं इसे एक ऐसे कदम के रूप में निंदा करती हूं जो किसी आपातकाल से भी बढ़कर है और भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त करने वाला कदम है। यह कठोर कदम भारत में लोकतंत्र और संघवाद के लिए मृत्यु-घंटी है। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया, इस विधेयक का उद्देश्य 'एक व्यक्ति-एक दल-एक सरकार' की व्यवस्था को मजबूत करना है।

## सूरत में मालिक ने करवाए 32 करोड़ के हीरे चोरी

सूरत, 20 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत शहर में 32 करोड़ के हीरा चोरी केस का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी कंपनी का मालिक ही निकला। मालिक ने बीमा की रकम हड़पने के लिए यह पूरी साजिश रची थी। साजिश में आरोपी ने अपने दोनों बेटों, ड्राइवर और उसके दो साथियों को शामिल किया था।

**10 लाख रुपए देकर करवाई थी चोरी**

कापोद्रा पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मिलकर इस बड़े फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ किया है। कापोद्रा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, डीके एंड संस डायमंड कंपनी के मालिक देवेंद्रकुमार चौधरी ने पूछताछ में बताया है कि उस पर कर्ज बढ़ गया था। इसी के चलते उसने इस साजिश को अंजाम दिया। चोरी के लिए ड्राइवर और उसके दो साथियों को 10 लाख रुपए देने की डील हुई थी। एडवांस में 5 लाख रुपए दे भी दिए थे।

# ट्रेन से लापता युवती अर्चना 12 दिन बाद मिली

## भोपाल जीआरपी ने यूपी में नेपाल बॉर्डर के पास से किया बरामद, युवती ने परिजन से किया था संपर्क



ग्वालियर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर से कटनी के बीच नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच से लापता छात्रा अर्चना तिवारी (29) 12 दिन बाद यूपी में मिली है।

भोपाल जीआरपी एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि अर्चना तिवारी को नेपाल बॉर्डर के पास यूपी के लखीमपुर खीरी से बरामद कर लिया है। उसे लेकर टीम रवाना हो गई है। 12 दिन से उसे मिड घाट के जंगल समेत अन्य जगहों पर तलाश कर रहे थे। मंगलवार को उसे बरामद करने में सफलता मिली है। इससे पहले आज ही (मंगलवार) अर्चना ने परिजन से संपर्क किया था। पुलिस को पता लगा कि मंगलवार सुबह छात्रा ने अपनी मां को कॉल किया। उसने खुद के ठीक होने की बात कही थी। छात्रा के परिवार के करीबी कटनी युवा कांग्रेस नेता देवांशु मिश्रा ने भी मां से बात होने की पुष्टि की। अर्चना की मां से बातचीत के बाद पुलिस छात्रा की लोकेशन ट्रैस करने में जुट गई थी। दूसरी ओर, छात्रा के लापता होने को लेकर ग्वालियर के भंवरपुरा थाने में पदस्थ आरक्षक राम तोमर से जानकारियां जुटाई गई। छात्रा और आरक्षक 2 साल से संपर्क में थे। बताया जा रहा है कि आरक्षक ने अपनी आईडी का इस्तेमाल कर अपने ही मोबाइल से अर्चना के लिए इंदौर से कटनी का टिकट भी बुक किया था।

**7 अगस्त को ट्रेन से हो गई थी लापता**

कटनी निवासी 22 वर्षीय युवती अर्चना इंदौर से सिविल जज की तैयारी कर रही थी। वह 7 अगस्त को इंदौर से नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच बी-3 में कटनी के लिए सवार हुई थी। वह बीच रास्ते में ट्रेन से लापता हो गई।

जब ट्रेन कटनी पहुंची तो सीट पर सिर्फ बैग रखा मिला, लेकिन वह नहीं थी। इसके बाद से इंदौर, भोपाल, कटनी जीआरपी, जिला पुलिस बल के साथ ही वन विभाग की टीमें भी जंगल में सर्चिंग कर रही थी।

## दिल्ली में बड़ा हादसा : पुराना जर्जर मकान हुआ जमींदोज-तीन मजदूरों की मौत

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में बड़ा हादसा हुआ है। दरियागंज इलाके में एक मकान जमींदोज हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, मध्य दिल्ली के दरियागंज इलाके में बुधवार दोपहर 12.14 बजे एक पुराना जर्जर मकान जमींदोज हो गया। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। बचाव कार्य जारी है। शुरुआत में मलबे से निकालकर तीन लोगों को एलएनजेपी अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय लोगों का दावा है, मलबे में कुछ और लोग दबे हुए हैं। हादसा दरियागंज के सत्भावना पार्क, घटा मस्जिद, रिंग रोड पर हुआ है।

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट

> 62 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को मंजूरी > एचएएल को एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर मिलने की उम्मीद




नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। रक्षा सूत्रों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि एक हाई लेवल मीटिंग में फाइटर जेट की खरीद को अंतिम मंजूरी दे दी गई।

इससे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के लिए इन एयरक्राफ्ट्स को बनाने के लिए ऑर्डर मिलने का रास्ता भी लगभग साफ हो गया है, क्योंकि मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार एचएएल के सुधार पर जोर दे रहे हैं।

मोदी सरकार के दौरान, एचएएल को सभी तरह के स्वदेशी लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर और उनके इंजन बनाने के ऑर्डर मिले हैं। एचएएल को एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट के लिए यह दूसरा ऑर्डर होगा। इससे पहले सरकार एचएएल को 83 एयरक्राफ्ट्स बनाने का ऑर्डर दे चुकी है।

एलसीए मार्क 1ए, तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। एलसीए मार्क-1ए के 65% से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। तेजस को भी एचएएल ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है।

### पीएम मोदी भी तेजस में उड़ान भर चुके

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 नवंबर 2022 को बेंगलुरु में तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी थी।

किसी भारतीय प्रधानमंत्री की फाइटर प्लेन में यह पहली उड़ान थी। तेजस में उड़ान भरने से पहले मोदी बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भी पहुंचे थे।

### 83 एलसीए मार्क 1ए देने के लिए एचएएल के पास 2028 तक का समय

केंद्र सरकार ने साल 2021 में एचएएल को भारतीय वायुसेना के लिए 83 एलसीए मार्क-1ए बनाने के लिए 46,898 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट दिया था। कंपनी के पास 83 एयरक्राफ्ट्स की डिलीवरी करने के लिए 2028 तक का समय है। एचएएल ने 12 फरवरी को कहा था कि हम जल्द ही वायुसेना को तेजस की डिलीवरी शुरू कर देंगे। एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील ने कहा कि डिलीवरी में देरी के पीछे इंडस्ट्री को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था, लेकिन यह देरी तकनीकी खामी की वजह से हुई है। अब इसे दूर कर लिया गया है।

**एमआईजी सीरीज के विमानों को रिप्लेस करेगा एलसीए मार्क-1ए**

रक्षा सूत्रों ने बताया कि 97 एयरक्राफ्ट्स के नए प्रोजेक्ट से भारतीय वायुसेना को अपने एमआईजी-21 विमानों के बेड़े को बदलने में मदद मिलेगी। भारतीय वायुसेना में 62 साल तक सर्विस देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान 19 सितंबर को रिटायर होगा।

# स्वतंत्र वार्ता

**गुरुवार, 21 अगस्त- 2025**


## दक्षिण का दबदबा

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए और इंडिया ब्लॉक ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। एनडीए से सी.पी. राधाकृष्णन और विपक्ष से बी. सुदर्शन रेड्डी मैदान में हैं। संख्या बल एनडीए के साथ है, पर विपक्ष ने भी दक्षिण से ही मजबूत उम्मीदवार उतारकर मुकाबले को रोचक बनाने का प्रयास शुरू कर किया है। एनडीए के सीपी राधाकृष्णन के मुकाबले इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी. सुदर्शन रेड्डी को उतार कर इस चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। संख्या बल में एनडीए यानी सत्ता पक्ष का पलड़ा भले भारी लग रहा है, लेकिन यह लड़ाई आंकड़ों से ज्यादा प्रतीकों की बन गई है। विपक्ष मान रहा है कि उसने भी दक्षिण के ही एक मजबूत कैंडिडेट को उतारकर यह संदेश देने का प्रयास किया है कि वह किसी मोर्चे पर सरकार को फ्री हैंड नहीं होने देगी। बता दें कि एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं, जबकि सुदर्शन रेड्डी तेलंगाना से। दोनों का दक्षिण भारत से होना संयोग नहीं बल्कि एक प्रयोग माना जा रहा है। इसी वजह से यह चुनाव और भी दिलचस्प होता जा रहा है। बीजेपी के लिए दक्षिण का गढ़ अब भी मुश्किल बना हुआ है, जबकि विपक्ष के लिए दक्षिण एक सपाट मैदान हैं, जहां से उसे मजबूत चुनौती पेश करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। देखा जाए तो उपराष्ट्रपति चुनाव इसी सियासी लड़ाई का विस्तारित रूप है। जिस तरह से टीडीपी ने राधाकृष्णन के समर्थन का ऐलान किया है, उसका असर अब दिखने भी लगा है। ऐसे में अगर सौ फीसदी वोटिंग होती है, तो दोनों सदनों में मिलाकर चुनाव में जीत के लिए 394 वोट चाहिए। सत्तापक्ष के पास 422 का संख्याबल है। जबकि विपक्ष जीत के लक्ष्य से काफी पीछे है। एक बात जरूर है कि उपराष्ट्रपति का चुनाव गुप्त मतदान द्वारा होता है और सदस्य पार्टी विप से भी मुक्त होते हैं। सरकार और विपक्ष, दोनों के लिए यह मौके के साथ चुनौती भी है। दोनों तरफ से अपने समर्थन का दायरा बढ़ाने की भरपूर कोशिश होगी। खासतौर पर दक्षिण से आने वाले क्षेत्रीय दलों पर नजरें होंगी। माना जाता है कि उपराष्ट्रपति का पद किसी पार्टी का नहीं होता। इसकी गरिमा को देखते हुए अगर सर्वसम्मति से किसी को चुना जाता, तो ज्यादा बेहतर होता। अभी की राजनीतिक परिस्थितियों में इस तरह की सदभावना भरी संभावना दूर-दूर तक नहीं दिखती। देश में पिछले कुछ बरसों से जिस तरह का माहौल बना है, उसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष ज्यादातर मौकों पर दो विपरीत ध्रुवों पर ही नजर आते हैं। जिन मामलों में सदन में सहमति की मांग थी, वहां भी सहमति नहीं दिखी, तो यह चुनाव तय ही था। हालांकि लोकतंत्र में वैचारिक लड़ाई भी महत्वपूर्ण है। उपराष्ट्रपति पद के आस पास हाल में बहुत हलचल देखने को मिली है। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जिन परिस्थितियों में और जैसे गए, उसे अच्छा तो नहीं कहा जा सकता। उम्मीद है कि अब ताजा चुनाव बेहतर माहौल में और इस पद के सम्मान को देखते हुए उसके हिसाब से लड़ा जाएगा। जीत जिसकी भी हो, उस पर लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को आगे ले जाने की अहम जिम्मेदारी होगी। उसमें वह कितने सफल होते हैं यह तो भविष्य ही बताएगा।

## लोकतंत्र का भविष्य : तकनीक की रोशनी या अंधेरा?



प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

लोकतंत्र का मूलभूत आधार खतरे में है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), जो कभी मानव प्रगति का स्वर्णिम प्रतीक थी, अब उसी लोकतंत्र की नींव को खोखला करने का हथियार बन चुकी है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव, जो जनता की सच्ची आवाज को सत्ता के शिखर तक ले जाते हैं, अब एआई-जनित डीपफेक, भ्रामक समाचारों और माइक्रो-टारगेटिंग के जाल में फंस चुके हैं। यह तकनीक न केवल मतदाताओं के मन को चुपके से प्रभावित कर रही है, बल्कि उनकी स्वतंत्र इच्छा को बंधक बनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ही अपहरण कर रही है।

एआई की असाधारण शक्ति इसके डेटा विश्लेषण और वैयक्तिकृत सामग्री सृजन की क्षमता में निहित है। एक्स, फेसबुक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंचों पर कार्यरत एल्गोरिदम यह तय करते हैं कि आपको क्या देखना है। ये एल्गोरिदम आपकी उम्र, रुचियों और राजनीतिक झुकाव का गहन विश्लेषण कर ऐसी सामग्री परोसते हैं, जो आपके विचारों को सूक्ष्म रूप से ढाल देती है।

2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कैंब्रिज एनालिटिका द्वारा 87 मिलियन फेसबुक उपयोगकर्ताओं के डेटा के दुरुपयोग का उदाहरण इसका जीवंत प्रमाण है। इस डेटा के आधार पर माइक्रो-टारगेटेड विज्ञापनों ने अनिर्णीत मतदाताओं को प्रभावित किया। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक अध्ययन के अनुसार, इस हेरफेर ने 2-5% मतदाताओं के व्यवहार को बदला, जो एक अत्यंत करीबी चुनाव में निर्णायक सिद्ध हुआ। यह हेरफेर इतना परिष्कृत और सूक्ष्म है कि मतदाता को इसका आभास तक नहीं होता, फिर भी यह उनके निर्णयों को गुप्त रूप से नियंत्रित करता है।

डीपफेक तकनीक ने लोकतंत्र के लिए खतरे को और भी भयावह बना दिया है। एआई-जनित नकली वीडियो और ऑडियो इतने जीवंत और विश्वसनीय प्रतीत होते हैं कि सामान्य व्यक्ति उन्हें वास्तविकता से अलग करने में असमर्थ रहता है। 2024 के रोमानिया राष्ट्रपति चुनाव में एक डीपफेक ऑडियो, जो रूस-समर्थित प्रभाव अभियान का हिस्सा था, ने पहले दौर के मतदान को रद्द करने के लिए बाध्य किया। इसी तरह, 2023 में स्लोवाकिया के एक चुनाव में डीपफेक ऑडियो ने एक उम्मीदवार की छवि को कलंकित कर जनता का विश्वास तोड़ा। मिशिगन विश्वविद्यालय के शोध के अनुसार, 64% लोग डीपफेक को पहली नजर में वास्तविक मान लेते हैं। ये घटनाएँ न केवल उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा को नष्ट करती हैं, बल्कि मतदाताओं के सत्य तक पहुँचने के मूलभूत अधिकार को ही कुचल देती हैं।


एआई-संचालित बॉट्स और स्वचालित अभियान लोकतंत्र के लिए एक और गंभीर चुनौती बनकर उभरे हैं। ये बॉट्स झूठी सूचनाओं को बिजली की गति से फैलाते हैं और कृत्रिम जन समर्थन का भ्रम रचते हैं। 2024 के भारतीय लोकसभा चुनाव में, एक्स पर वायरल हुए डीपफेक वीडियो और भ्रामक मीम्स ने मतदाताओं के बीच भारी भ्रम और अविश्वास को जन्म दिया। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में 64 देशों के चुनावों में एआई-जनित सामग्री ने जनमत को गहरे रूप से प्रभावित किया। ये बॉट्स न केवल सूचना तंत्र को दूषित करते हैं, बल्कि सामाजिक ध्रुवीकरण और अविश्वास को बढ़ावा देकर लोकतंत्र की एकता और अखंडता को चूर-चूर करते हैं।

माइक्रो-टारगेटिंग के माध्यम से एआई व्यक्तिगत डेटा का उपयोग कर मतदाताओं के मन को गुप्त रूप से नियंत्रित करता है, उनकी स्वतंत्र इच्छा को हथियार बना लेता है। 2022 के ब्राजील चुनाव में एक डीपफेक वीडियो, जिसमें एक पत्रकार को गलत पोल परिणाम बताते दिखाया गया, ने लुला के समर्थकों के बीच भ्रम और अविश्वास की आंधी मचा दी। ऑक्सफोर्ड इंटरनेट इंस्टीट्यूट के अनुसार, 2016 से 2024 तक 81 देशों में एआई-संचालित प्रचार अभियानों ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को प्रभावित किया।

यह तकनीक मतदाताओं को केवल वही सामग्री दिखाती है, जो उनकी मौजूदा धारणाओं को मजबूत करती है या उन्हें चुपके से बदल देती है, जिससे निष्पक्ष सूचना का मूलभूत अधिकार नष्ट हो जाता है।

एआई ने गलत सूचना को एक खतरनाक हथियार में बदल दिया है, जो अब पहले से कहीं अधिक सस्ता और सहज हो गया है। जहाँ पहले जनमत को प्रभावित करने के लिए विशाल रैलियों और महंगे प्रचार अभियानों की आवश्यकता होती थी, वहीं अब महज कुछ हजार रुपये में सोशल मीडिया पर झूठ का तूफान खड़ा किया जा सकता है।

# क्या इसी तरह हम डूबते रहेंगे ?



अशोक भाटिया

एक दशक पहले, राज्य और विशेष रूप से राजधानी मुंबई अत्यधिक बारिश से रो रही थी। लेकिन हम यह साबित करने का एक भी मौका नहीं छोड़ते हैं कि हमारे पास संकट से सीखने की बुद्धि नहीं है। पिछले तीन दिनों की बारिश ने दिखाया है कि यह अत्यधिक वर्षा नहीं है और यह अघोरी नहीं है। वर्तमान 24 घंटों में, मुश्किल से 300 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। दस साल पहले, 2015 में, मुंबई में 1500 मिमी बारिश हुई थी। हमारी प्रगति इतनी जोरदार रही है कि 300 मिमी वर्षा भी मुम्बई, जो कि एक महानगर, देश की वित्तीय राजधानी आदि है, के नाक और मुंह से पानी पोंछने के लिए पर्याप्त है और 74000 करोड़ बजट वाली मुंबई बरसात में डूब गई!

यह सिर्फ अभी नहीं है। तीन महीने पहले, मई में, जब बारिश ने हमारी प्रशासनिक गरीबी को प्रभावित किया, तो मुंबई 300-400 मिमी बारिश में झुक गई। सुविधा अलग नहीं है। नव स्थापित नवी मुंबई की वास्तविकता अलग क्यों है? मुंबई की तरह, पुणे में 28 नए कभी न खत्म होने वाले स्थानों पर बाढ़ आ गई, जबकि नवी मुंबई का क्षेत्र, जिसे लाडकोवा को सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट (सीबीडी) कहा जाता है, भी जलमग्न हो गया।

अकेले 'स्मार्ट शहरों' को छोड़ दें; लेकिन पुणे में, जहां पीने के पानी के लिए लड़ाई हुई थी, पानी अब घुटने से ऊपर जमा हो रहा है। साइकिलों के इस शहर की सड़कें, फिर दोपहिया वाहन, कारों के ट्रैफिक से बहने लगी हैं। चलो अन्य मामलों में चलते हैं, लेकिन नागरिक असुविधा और शहर की उदासीनता के मामले में, पुणे को यह स्वीकार करना होगा कि पुणे ने मुंबई की बराबरी कर ली है! नासिक, औरंगाबाद, नागपुर या कोल्हापुर जैसे अन्य शहरों में इन दो दिनों में मुंबई और पुणे जैसी बारिश नहीं हुई। अन्यथा, इन शहरों के चेहरे इन दो महानगरों से अलग नहीं हैं। बारिश ने मराठवाड़ा और कोंकण में कहर बरपाया है, विशेष रूप से मराठवाड़ा में नारंगी और मोसंबी के बाग और दोनों क्षेत्रों में खड़ी फसल। प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में लगभग 12-14 लाख हेक्टेयर भूमि पर फसलों को नुकसान पहुंचाया है। नुकसान बहुत बड़ा है। कुछ जगहों पर तो कृषि भूमि भी सचमुच बह गई है। महानगरों और शहरों में जनजीवन में व्यवधान और ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि के नुकसान को अगर हम गिन लें तो ये आंकड़ा निश्चित रूप से कुछ हजार करोड़ तक जाएगा। सरकार को जनहानि की भरपाई नहीं करनी है। लेकिन फसलों के नुकसान की भरपाई सरकार को करनी है। फसल बीमा योजना में हाल के बदलावों ने मूल रूप से इस योजना के प्रति किसानों की प्रतिक्रिया को कम कर दिया है। नुकसान की जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर नुकसान का आकलन और भरपाई करनी होगी तो यह संख्या बहुत बड़ी होगी।

यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में प्रवासियों की संख्या बढ़ रही है। गांवों से अर्ध-शहरी क्षेत्रों और शहरों में प्रवास भी बढ़ रहा है। इसलिए, शहरी बस्तियों के लिए अधिक से अधिक भूमि का उपयोग किया जा रहा है। शहरी बस्तियां सिर्फ घर, सड़क, पानी की आपूर्ति, सीवेज प्रबंधन आदि नहीं हैं।बिजली आपूर्ति जैसी कई सुविधाएं हैं। इन प्रणालियों को बदलती जीवन शैली के साथ अद्यतित होने की आवश्यकता है। दुर्भाग्य से, वे ऐसे नहीं दिखते। यदि वे नहीं थे, तो शिकायत करने के लिए कुछ भी नहीं है। लेकिन अगले 50 वर्षों के लिए नए लोगों की योजना नहीं बनाई जा रही है। उनकी गुणवत्ता का सवाल एक और मामला है। दो या तीन दिनों की भारी बारिश या बादल फटने से अक्सर पता चला है कि इन प्रणालियों के डिजाइन के वैज्ञानिक पहलुओं का सख्ती से पालन नहीं किया जाता है। कभी-कभी पीरियड लंबा होता जा रहा है, कहां घट रहा है। भले ही बारिश की मात्रा समान हो, लेकिन बहुत कम समय में हर साल तेज बारिश होने लगी है। इसे हम सिर्फ 'बादल फटना' कहते हैं। अगर यह हर साल कहीं हो रहा है, तो हम इसके बारे में कितनी शिकायत करेंगे? और कितनी बार हम अपने शहर नियोजन असुरक्षा के लिए एक ही कारण का हवाला देंगे? प्रकृति का चक्र अभी पूरी तरह से मनुष्य के हाथ में नहीं है। इसलिए, हमें अपना जीवन बदलना होगा, हमें योजना में आवश्यक परिवर्तन करना होगा। हमें यह ध्यान रखना होगा कि तीव्र वर्षा अगला 'नया सामान्य' है। हमें नए समाधान खोजने होंगे। पिछले दस वर्षों में, उस संबंध में कोई बदलाव नहीं हुआ है। विभाग, शहरी विकास-ग्रामीण विकास विभाग और शहरी नियोजन विभाग को चुनौती स्वीकार करनी होगी और विशेषज्ञों की मदद लेनी होगी। मूल रूप से, जनप्रतिनिधियों और संस्थानों और सरकार के बिना काम करने वाले इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को केवल निविदा और 'सुप्रमा' में शामिल प्रणाली को जागृत करना होगा।

जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की जाती है, लेकिन स्थानीय समाधानों के लिए बहुत कुछ नहीं हो रहा है। जलवायु परिवर्तन केवल सेमिनारों और सेमिनारों का विषय नहीं है। पिछले दो दिनों में कोंकण, मुंबई-ठाणे-पुणे, मराठवाड़ा और महाराष्ट्र के कुछ अन्य हिस्सों में जीवन की गिरावट का कारण जलवायु परिवर्तन का है।'परिवर्तन' कहने का कारण यह है कि हम शहर नियोजन में ध्यान रखना भूल गए हैं। शहर मुर्गियों की तरह लगते हैं जो हमें केवल सोने के अंडे देते हैं। 'फ्लोटिंग मैट एरिया', 'हवा में काल्पनिक इलाके', और इसकी बढ़ती मात्रा शहर नियोजन के मूल में आ गई है। अवास्तविक भूमि की कीमतें और परिणामस्वरूप भूमि चोरी की प्रथाएं न केवल महानगरों और शहरों में, बल्कि गांवों में भी, नदियों और धाराओं पर अतिक्रमण, नदी तल में निर्माण के लिए जिम्मेदार हैं। बेहिसाब सीमेंटेशन, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है, क्षति के लिए जिम्मेदार है। यह सिर्फ किसी की जेब भरने का सवाल नहीं है। सामान्य, या असामान्य; यह एक दिन सभी के जीवन के साथ आएगा। यह केवल एक प्रस्तावना है। अगली त्रासदी को समझना बुद्धिमानी है।

हमारी प्रगति ऐसी है कि इन कारणों के अलावा हमने अपने गांवों को भी जलमग्न कर दिया है। शहरों की तरह कोई गड्ढा नहीं होगा, कोई सड़क नहीं होगी, कोई चमकदार इमारतें नहीं होंगी, कोई महंगा नहीं होगा, और चारों ओर खुले जंगल नहीं होंगे। लेकिन हमारे पास शहरों की तरह वे गांव भी जलमग्न हैं। यानी अत्यधिक विकास शहरों को मार देगा और विकास के अभाव में गांव भी नष्ट हो जाएंगे। सीमित नहीं।

इस विनाश की गंभीरता और पैमाने को इस विनाश के पैमाने और गंभीरता से देखा जा सकता है। प्रारंभिक अनुमान है कि अकेले महाराष्ट्र में 1.4 मिलियन एकड़ भूमि पर फसलें पिछले तीन दिनों में जलमग्न हो गई हैं। अर्थात, कुल कृषि भूमि का 8 से 10 प्रतिशत से अधिक प्रभावित नहीं होगा। कुछ किसानों के लिए, पूरे खरीफ सीजन को पानी पिलाया जा सकता है। यह अर्ध-शहरी निवासियों के लिए सिर्फ एक असुविधा हो सकती है, लेकिन कृषि पर आधारित लाखों लोगों के लिए, यह पर्यावरणीय परिवर्तन जीवन बदलने वाला है।यह सिर्फ अत्यधिक वर्षा के कारण नहीं है। बढ़ते तापमान, मौसमी, आदि ने भी किसानों के जीवन को प्रभावित किया है। यही है, किसानों को पारंपरिक फसल पैटर्न को बदलने की जरूरत है। लेकिन यह परिवर्तन व्यक्तिगत या सामुदायिक स्तर पर नहीं किया जा सकता है। यह सरकार की तरह एक मजबूत प्रणाली होनी चाहिए और इसे बदलती जलवायु, बदलते फसल पैटर्न आदि के अनुरूप नई किस्मों को विकसित करने के मुद्दों पर किसानों का मार्गदर्शन करना चाहिए। अभी भी कोई सबूत नहीं है कि हमारी सरकारों के पास इन पर्यावरणीय परिवर्तनों से निपटने के लिए प्रशासनिक उपकरण हैं। पर्यावरण परिवर्तन, असामयिक और बरसात के मौसम आदि के लिए कृषि, मछली पकड़ने, पर्यटन जैसे कई मोर्चों पर नई नीतिगत सोच की आवश्यकता होती है। क्या ऐसा कुछ हो रहा है, इस सवाल का जवाब नकारात्मक होगा। हमारे राजनेता इन गंभीर सवालों की तुलना में विकास कार्यों में अधिक रुचि रखते हैं।विकास का मतलब है 'बिल्डर केंद्रित' कार्य, परियोजनाएं हाथ में लेना। चाहे दिल्ली हो, पुणे हो, मुंबई हो या कहीं और। इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग का मतलब है जितने चाहे बिल्डरों को ठेके देना चाहते हैं। बाकी शहरी पहाड़ियों पर इमारतें खड़ी करने में कोई शर्म नहीं है, और बाकी शहरी पहाड़ियों पर उन्हें बनाने में कोई शर्म नहीं है।

तो क्या यह कोई आश्चर्य की बात है कि 300-400 मिमी बारिश में भी, हमारे शहर और ग्रामीण इलाके संघर्ष कर रहे हैं? मुंबई जैसे शहरों में, हमारे विकास-प्रेमी शासक अतिरिक्त पानी को अवशोषित करने वाले खाड़ियों के किनारे इमारतों का निर्माण करने की अनुमति देंगे, नमक के तवे पर भी नहीं, और इन शासकों को ग्रामीणअवतार नदी बेसिन में निर्माण करने की भी अनुमति दी जाएगी। उनके कुछ भाई पर्यावरण, बागवानी के बारे में सोचे बिना 'शक्तिपीठ' उठाएंगे और शहरी पागलपन कभी थारा नहीं करेगा। या यहां तक कि फिसलने और अपने पैरों को मारने के लिए।

## क्या गिरेबान में झांकेंगे कलियुग के संत और कथावाचक?



मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में देश की आधी आबादी महिलाओं पर एक कथावाचक और एक बाबा ने जिस तरह से अनर्गल आरोप लगाए उससे समूचे देश में एक बहस छिड़ गयी है कि आखिर सौ में से दो चार महिलाओं को ही पवित्र बताना और बाकी 96 को अपवित्र करार देना समूचे नारी जगत का अपमान है।

वहीं आप को बता दें कि जहां संत-महात्मा देश और समाज को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, परंतु कुछ तथाकथित स्वयंभू संत-महात्मा और बाबा इसके विपरीत आचरण करके संत-समाज की बदनामी का कारण बन रहे हैं।आज ऐसे तथाकथित धर्म गुरु और बाबाओं की पूरी फहरिस्त है जिन्होंने अल्पवय नाबालिग बच्चियों से लेकर मजबूर और बेसहारा महिलाओं तक के साथ यौन दुराचार ब्लेक मेलिंग और बलात्कार की वारदातों को अंजाम दिया है।

आपको बता दें विगत वर्षों में आसाराम बापू, फलाहारी बाबा, गुरमीत राम रहीम सिंह, बाबा वैराग्या नंद गिरि उर्फ 'मिर्ची बाबा', लिंगायत साधु 'शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू' तथा 'जलेबी बाबा' आदि को महिलाओं और बच्चियों के यौन शोषण आदि के आरोपों में गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि ऐसे कई अन्य धार्मिक कथावाचकों पुजारी और बाबाओं के विरुद्ध शिकायतों का सिलसिला लगातार जारी है। सवाल यह है कि जब देश की बेटियों को पच्चीस साल की आयु तक चार पांच जगह मुंह मारने जैसा अमानवीय निर्लज्जता और नितान्त पतित आक्षेप लगाया जाता है तब भी हमारी सरकारें ऐसे ढोंगी पाखंडी बहरुपिए महिला विरोधी कथावाचक के खिलाफ समुचित कानूनी क्यों नहीं करतीं हैं? समाज को उपदेश देकर रील वायरल कर ख्याति जुटाने वाले बाबा जो यह कहते हुए कतई नहीं घबराते कि सौ में से दो चार लड़कियां ही पवित्र रह गयी है। क्या कभी उन्होंने बाबाओं और पाखंडी कथावाचकों से बच्चियों और महिलाओं को दूरी बनाए रखने के लिए जागरूक करने का भी उपदेश दिया? क्या कभी दबी जुबान से ही सही उन्होंने ऐसे ढोंगी पाखंडी धर्म का लबादा ओढ़े छिपे सियारों की निंदा की जो धर्म की आड़ में नौटंकी कर लगातार मासूम बच्चियों और धार्मिकता के जाल में आकर्षित महिलाओं की अस्मत के साथ खिलवाड़ करते हैं ?

आपको हाल ही के दिनों में धर्म का चोला पहने गुंडों कामुक बदमाशों की करतूतों से जुड़ी कुछ वारदातों से अवगत कराते हैं। बीती 28 जनवरी को जींद हरियाणा के अलेवा थाना क्षेत्र के एक गांव में पुजारी पर मंदिर में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। आरोप है कि पुजारी ने लड़की के अश्लील फोटो और वीडियो भी बनाई। पुलिस ने आरोपी पुजारी के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण करने चार 17 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला किया। 20 फरवरी को 'अमरावती' (महाराष्ट्र) जिले के 'शिरखेड़' थाना के तहत 'सिद्धपुरमठ' के 75 वर्षीय पुजारी' सुरेंद्र मुनि तालेगांवकर' और उसके सहायक 'बाला साहब देसाई' को एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की का कई बार यौन उत्पीड़न करके उसे गर्भवती कर देने के आरोप में दोनों को गिरफ्तार किया गया।

उत्तर प्रदेश के सीतापुर में मार्च में एक पत्रकार राघवेंद्र ने शिवानंद बाबा मंदिर के पुजारी को मंदिर में दुष्कर्म करते हुए देख लिया था। पुजारी शिवानंद ने अपने करीबी निर्मल सिंह और असलम गाजी की मदद से दो शूटरों को राघवेंद्र की सुपारी दी। इसके बाद रेकी कर शूटरों ने राघवेंद्र की हत्या कर दी।

26 मई को 'संबलपुर' (ओडिशा) जिले के 'जमनकिरा' गांव में स्थित एक धार्मिक स्थल के पुजारी को मंदिर परिसर के अंदर एक 11 वर्षीय बच्ची से बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

यह घिनौना अपराध तब हुआ जब बच्ची अपने पिता के साथ रोजाना की पूजा-अर्चना में सहायता करने के लिए उक्त धार्मिक स्थल पर गई थी। दोपहर की पूजा और भोजन के बाद जब यह बच्ची 'भोग घर' अर्थात 'भोग' चढ़ाने वाले कमरे के निकट आराम कर रही थी तभी पुजारी ने यह पाप कर डाला।

1 जून को 'गाजियाबाद' (उत्तर प्रदेश) के 'कौशाम्बी' थाना क्षेत्र में स्थित एक आश्रम की संचालिका 'दिव्या योग माया सरस्वती' के सौतेले भाई 'गोकुल' ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर वहां रहने वाली एक साध्वी से बलात्कार किया।होश में आने पर जब उसने पुलिस को शिकायत करने की बात कही तो आश्रम की संचालिका 'दिव्या योग माया सरस्वती' और उसकी सहायिका 'शबनम' उर्फ राधा, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है, ने उसके साथ मारपीट की और उसका अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल भी किया। 6 जून को 'श्री डूंगरगढ़' (राजस्थान) में एक मंदिर के पुजारी के विरुद्ध प्रसाद देने के बहाने 8 और 9 वर्ष की 2 बच्चियों को अपने पास बुला कर उनसे बलात्कार कर डालने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया। 5 जुलाई को 'छतरपुर' (मध्य प्रदेश) जिले में एक मंदिर के पुजारी 'भगवत शरण' ने प्रसाद देने के बहाने पांच और छह साल की दो मासूम चचेरी बहनों को मंदिर में बुलाकर उनके साथ दुष्कर्म किया और एक मासूम बच्ची के प्राइवेट पार्ट को दांत से काट भी दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। 14 जुलाई को 'फिरोजाबाद' (उत्तर प्रदेश) में 'नारखी' स्थित एक आश्रम में संतान उत्पत्ति के लिए अनुष्ठान करवाने पहुंची एक महिला को कमरे में ले जाकर आश्रम के बाबा 'चंद्रपाल' ने उससे बलात्कार कर डाला जबकि महिला के साथ गए उसके पति, ननद तथा ननदोई बाहर बैठे इंतजार करते रहे। सच्चाई सामने आने पर आश्रम में हंगामा खड़ा हो गया और पुलिस ने आरोपी बाबा को गिरफ्तार कर लिया।

4 अगस्त को ढेंकनाल' (ओडिशा) के' कामाक्ष्य नगर' में' माताकरगोला' आश्रम के मुख्य पुजारी को आश्रम परिसर में बने एक कमरे में सो रही एक महिला से बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

ये वारदात तो सिर्फ बानगी भर है लिस्ट बहुत लंबी है हालांकि सभी संत ऐसे नहीं हैं परंतु निश्चय ही ऐसी घटनाएं संत समाज की बदनामी का कारण बन रही हैं। लेकिन इसके लिए किसी सीमा तक महिलाएं भी दोषी हैं, जो इन ढोंगी बाबाओं की भाषण कला से प्रभावित होकर इनके झांसे में आ जाती हैं और संतान प्राप्ति, घरेलू समस्या निवारण आदि के लोभ में अपना सर्वस्व लुटा बैठती हैं।जाहिर है कि जहां महिलाओं को सावधानी बरतने की जरूरत है, वहीं समाज व घर के बड़े-बुजुर्गों को भी परिवार की महिलाओं और बच्चियों को विशेष रूप से बिना जांचे परखे इस तरह के बाबाओं के जाल में फंसने से बचने के लिए सचेत और जागरूक करना चाहिए। लेकिन कलियुग के कालनेमियो द्वारा लड़कियों के चरित्र पर जमकर कीचड़ उछाला जाता है और पाखंडी अपराधी बाबाओं से बेटियों महिलाओं को जागरूक करने के लिए एक शब्द भी नहीं निकलता है।

## चोर चैन में,कुत्ते वैन में



डॉ प्रदीप उपाध्याय

दिल चुराने वालों को उजियारा पसंद है जबकि घरों की तिजोरियों में हाथ साफ़ करने वालों को अंधियारा मुफीद लगता है।शहरों की गलियों में जब अंधेरा होता है, तभी उनकी आंखों में चमक पैदा होती है ठीक उसी तरह जैसे कहीं बड़े हादसे होने पर राहत पहुंचाने के नाम पर नेता अफसर की आँखें चमक उठती है! बहरहाल,शहर के एक अंधेरे कोने में चोरों की पंचायत लगी थी।सरदार चोर माथे पर हाथ धरे बैठा था, मानो उसके घर कोई मैय्यत हो गई हो! या कि उसका कोई सगा वाला फौत हो गया हो!या कि किसी बड़े पारिवारिक संकट से वह जूझ रहा हो। आखिरकर लंबी खामोशी के बाद उसने गहरी साँस लेकर कहा-

"भाइयो! चोरी का धंधा अब घाटे का सौदा होता जा रहा है। गली-मोहल्लों में घुसो तो लोग हल्की सी आहट से जाग उठते हैं। कॉलोनियों में चौकीदार टॉर्च झाड़ते रहते हैं। पुलिस गश्त भी मुख्य मार्गों पर घूमती रहती हैं। हां, जहां हमारी 'सेटिंग' हो जाती है, वहां पुलिस की गाड़ी भी मुरझाए फूल-सी हो जाती है, पर हर जगह सेटिंग संभव नहीं।कहीं-कहीं सिरफिरे सिंघम भी टकरा जाते हैं!"

सरदार की बात सुनकर बाकी चोर हताशा के बादलों में डुबकियाँ लगाने लगे । किसी ने बुदबुदाकर कहा—"अब तो चोरी करना उतना कठिन हो गया है जितना ईमानदार रहना।"

इस पर सरदार ने तंज कसा—"सच कहते हो। हमने भी कितनी गलत फील्ड चुनी !अगर राजनीति में कदम रखे होते तो !सोचो, वोट चोरी कितनी आसान है! कोई रोकने वाला नहीं और न कोई टोकने वाला , बल्कि लोग खुद लाइन लगाकर हमारी मदद करते हैं। नकली पहचान, फर्जी पर्चियां, मशीनों की जुगत—सब खुलेआम। वहां चोरी सम्मान कहलाती है। और इधर असली चोरी—माल-असबाब की—दिन-ब-दिन बदनाम और कठिन हो रही है। पकड़ा गए तो जूते अलग ख़ाओ।"

इतना सुनना था कि सभा में सन्नाटा छा गया। तभी एक नवोदित चोर, जो खुद को 'युवा विंग' का अध्यक्ष मानता था, खड़ा हुआ और बोला—"सरदार, असली बाधा घरों के ताले नहीं, मोहल्लों के कुत्ते हैं। कहीं भी घुसो, ये दुम हिलाते नहीं, दाँत दिखाते हैं। अगर इन बाधक कुत्तों को ही किसी सरकारी मुहिम में पकड़वा दिया जाए, तो रास्ता साफ हो जाएगा। अभी अच्छा समय है,लोग कुत्तों के खिलाफ माहौल बनाए हुए हैं यूं कि उनके खिलाफ भी महाभियोग चला कर ही दम लेंगे!बस आप तो नेताजी को मना लो। आखिर उनकी चुनावी पेटी बचाने में भी तो हमारा हाथ रहा है।"

सरदार की आँखें चमक उठीं।

"वाह रे! तू तो असली सोचवाला निकला। नेताजी को मनाना हमारे लिए कौन सा कठिन है? वे मान गए तो हमारी मुसीबत हल और उनकी हफ्ता वसूली दोगुनी।"

फिर क्या था! कुत्तों द्वारा आमजन को काटने और बढ़ते रैबीज के मामलों का वास्ता देकर नेताजी ने 'जनहित' के नाम पर अभियान की घोषणा कर दी—"शहर के आवारा कुत्तों को पकड़कर उन्हें शेल्टर होम भेजकर शांति व्यवस्था बनाएँगे।"

इसके बाद बेचारे कुत्तों की शामत आ गई। जिन्हें न वोट चोरी का पता था, न सेटिंग का, न हफ्ता वसूली का, वे दहशत में इधर-उधर भागने लगे। कोई नाली में छुपा, कोई मैदान में।

पर चोरों का क्या?

अब वे निश्चिंत होकर माल-असबाब पर हाथ साफ कर सकते हैं,नेताजी मुस्कराते हुए 'मनचाही वसूली' गिनने को स्वतंत्र हैं और अंत में जनता सोचती रह जाएगी कि आखिर असली खतरा किससे किसको है!

## लोकप्रियता नहीं, आदर्श ही जीवन की दिशा तय करते हैं



डॉ सत्यवान सौरभ

आज का युग सोशल मीडिया का युग है। यहाँ हर व्यक्ति कहीं न कहीं किसी का फॉलोवर है और किसी न किसी का आदर्श चुनता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि आखिर हम किसे फॉलो कर रहे हैं और क्यों कर रहे हैं। करोड़ों फॉलोअर्स वाले लोग अक्सर केवल एक या दो को ही फॉलो करते हैं। यह संकेत देता है कि असली प्रेरणा संख्याओं से नहीं बल्कि चयन से आती है। जैसे पान–गुटखा बेचने वाला व्यक्ति विज्ञापन में लाखों लोगों को खाने की प्रेरणा देता है, लेकिन खुद उस ज़हर को नहीं छूता। इसका अर्थ यही है कि जो सामने दिख रहा है, वही सच्चाई नहीं होता। जो हमें प्रेरणा देने का दावा करते हैं, उनके जीवन में वही मूल्य हों, यह ज़रूरी नहीं।

हमारे समाज में फॉलो करने की संस्कृति नई नहीं है। पहले के समय में लोग गुरुओं को, विचारधारा को या अपने आदर्श नायकों को फॉलो करते थे। परन्तु तब यह चयन गहरी समझ और अनुभव के आधार पर होता था। आज की डिजिटल दुनिया में यह चयन अक्सर केवल बाहरी चमक–दमक, लोकप्रियता, दिखावटी लाइफ़स्टाइल और आकर्षण पर आधारित हो गया है। लाखों की भीड़ किसी व्यक्ति को फॉलो करती है, लेकिन यह नहीं सोचती कि वह व्यक्ति वास्तव में समाज को क्या दे रहा है। क्या उसका जीवन दूसरों के लिए उदाहरण है, या केवल मनोरंजन और व्यर्थ का समय खर्च करने का साधन। यही सबसे बड़ा प्रश्न है जिस पर हर व्यक्ति को विचार करना चाहिए।

हमारे शहीदों और महापुरुषों ने कभी भी लोकप्रियता के लिए त्याग नहीं किया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खाँ जैसे वीरों ने अपने जीवन का हर क्षण देश के लिए समर्पित किया। उन्होंने कभी यह नहीं सोचा कि उन्हें कितने लोग फॉलो कर रहे हैं, बल्कि उनका ध्यान केवल इस पर था कि उनकी प्रेरणा से कितने लोग सही मार्ग पर चलें। उनके आदर्श ही असली प्रेरणा हैं जिन्हें हमें फॉलो करना चाहिए।

आज सोशल मीडिया पर सितारे अपनी फिल्मों, फैशन या जीवनशैली से करोड़ों फॉलोवर बटोरते हैं। मगर क्या उनकी चमक हमारे जीवन की अंधेरियों को मिटा सकती है? क्या उनकी जीवनशैली को फॉलो करना हमारे लिए व्यावहारिक है? क्या उनका दिखाया गया रास्ता हमारे भविष्य को सुरक्षित कर सकता है? शायद नहीं। क्योंकि जो व्यक्ति अपने जीवन में आराम, विलासिता और दिखावे को ही सर्वोपरि मानता है, वह आम आदमी के संघर्षों को कभी समझ ही नहीं सकता। उनके संदेश हमारे जीवन को दिशा नहीं दे सकते, केवल मनोरंजन भर कर सकते हैं।इसके उलट हमारी संस्कृति हजारों वर्षों से हमें सिखाती रही है कि असली आदर्श वही है जो हमारे जीवन को उपयोगी दिशा दे। गीता का संदेश केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के हर संघर्ष में हमें प्रेरणा देता है। उपनिषद हमें ज्ञान की ओर ले जाते हैं, विवेकानंद हमें आत्मविश्वास देते हैं, गांधी हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं, डॉ. भीमराव अंबेडकर हमें समानता और अधिकारों का बोध कराते हैं। यह सभी व्यक्तित्व ऐसे हैं जिनका अनुसरण करना न केवल हमारे लिए बल्कि पूरे समाज के लिए लाभकारी है।

सोचने की बात यह है कि हम किसे अपना नायक बना रहे हैं। एक फर्जी लाइफ़स्टाइल दिखाने वाला सेलिब्रिटी या अपने प्राण न्यौछावर कर देने वाला शहीद? वह व्यक्ति जो केवल मनोरंजन करता है या वह महापुरुष जो हमारी आत्मा को झकझोरता है और हमें कर्मठ, साहसी और जागरूक बनाता है।

फॉलो करना केवल बटन दबाने का नाम नहीं है। फॉलो करना मतलब है किसी की सोच, उसके विचारों और उसके जीवन को अपने जीवन का हिस्सा बनाना। अगर हम किसी ऐसे व्यक्ति को फॉलो करते हैं जिसकी जीवनशैली खोखली है, तो हम भी धीरे-धीरे उसी खोखलेपन का हिस्सा बन जाते हैं। लेकिन अगर हम किसी महान व्यक्तित्व को फॉलो करते हैं, तो हमारे जीवन में भी उनकी महानता की झलक दिखाई देने लगती है।

आज के समय में युवाओं के लिए यह सबसे बड़ा चैलेंज है कि वे किसे अपना आदर्श मानें। दुनिया दिखावे की ओर भाग रही है, परन्तु हमें यह तय करना है कि हम दिखावे के पीछे भागेंगे या असली मूल्यों को अपनाएँगे। हमें यह समझना होगा कि असली स्टार वही है जो हमारे अंधेरों में रोशनी लेकर आए, न कि वह जो केवल चमकते मंच पर रोशनी में दिखे।

जब हम भारतीय शहीदों और संस्कृति को फॉलो करते हैं, तो हम न केवल अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित बनाते हैं। संस्कृति हमें सिखाती है कि जीवन का लक्ष्य केवल भोग नहीं बल्कि त्याग और सेवा है। शहीद हमें सिखाते हैं कि राष्ट्रहित से बड़ा कोई धर्म नहीं। इनसे प्रेरणा लेने का अर्थ है अपने जीवन को सार्थक दिशा देना। याद रखिए, भीड़ हमेशा सही दिशा में नहीं जाती। कभी-कभी भीड़ अंधेरे में भी दौड़ती है। समझदार वही है जो सोचकर तय करे कि उसे किस दिशा में जाना है। अगर करोड़ों लोग किसी को फॉलो कर रहे हैं, तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह व्यक्ति महान है। महान वही है जो बिना फॉलोवर के भी अपने जीवन से दूसरों को प्रेरणा देता है। इसलिए आज आवश्यकता है कि हम अपने चयन पर गंभीरता से विचार करें। किसी को फॉलो करने से पहले यह प्रश्न अवश्य पूछें कि क्या यह व्यक्ति मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है? क्या इसकी प्रेरणा मेरे समाज और देश के लिए उपयोगी है? क्या इसकी दिशा मुझे आगे बढ़ने में मदद करेगी? अगर उत्तर हाँ है, तो निःसंकोच उसे फॉलो करें। और यदि उत्तर नहीं है, तो भले ही उसके लाखों–करोड़ों फॉलोवर हों, हमें साहसपूर्वक उसे अनदेखा करना चाहिए।

# भादौ मास की अमावस्या 23 अगस्त को

## कुंडली के दोष शांत करने के लिए शनिश्चरी अमावस्या पर शनिदेव का तेल से अभिषेक करने की परंपरा




शनिवार, 23 अगस्त को भाद्रपद की अमावस्या है। जब शनिवार को ये तिथि आती है तो इसे शनिश्चरी अमावस्या कहते हैं। भादौ मास की अमावस्या को पिठोरी और कुशग्रहणी अमावस्या भी कहा जाता है। शनिवार और अमावस्या के योग में शनिदेव का सरसों के तेल से अभिषेक करना चाहिए।

शनिश्चरी अमावस्या पर शनि पूजा करने का विशेष महत्व है। शनिदेव कर्म फल दाता माने जाते हैं यानी यही ग्रह हमारे कर्मों का शुभ-अशुभ फल देता है। शनि सूर्य और छाया के पुत्र हैं। नवग्रहों में शनि न्यायाधीश माना जाता है, इसलिए इन्हें अनुशासन, तपस्या, संयम, और न्याय का देवता कहते हैं।

**शनि पूजा से शांत होते हैं कुंडली के शनि दोष**

जिन लोगों की कुंडली में शनि से जुड़ा कोई दोष है या जिनकी लोगों की राशियों पर साढ़ेसाती, ढय्या चल रही है, उनके लिए ये दिन बहुत ही शुभ है। शनि दोषों को शांत करने के लिए शनिश्चरी अमावस्या पर शनिदेव का अभिषेक करना चाहिए।

**पितरों की शांति के लिए करें धूप-ध्यान**

अमावस्या तिथि के स्वामी पितर देवता माने जाते हैं, इसलिए इस तिथि पर पिंडदान, तर्पण, श्राद्ध और धूप-ध्यान करने से पितर देव प्रसन्न होते हैं और उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। इस दिन गंगाजल से स्नान करके अपने पितरों के लिए तर्पण और पिंडदान करना श्राद्ध कर्म करते हैं तो पितरों को शांति मिलती है।

**जो व्यक्ति प्रकृति के नियमों का पालन नहीं करता है, उसके जीवन में रोग आते हैं**

प्रकृति सहयोगी बनकर हर जीव की भलाई करती है। प्रकृति हमें सब कुछ देना चाहती है, लेकिन लालची व्यक्ति का पेट तो स्वयं ईश्वर भी नहीं भर सकते। हमें लालच से बचना चाहिए और प्रकृति के सभी नियमों का पालन करना चाहिए। जो व्यक्ति प्रकृति के नियमों का पालन नहीं करता है, उसके जीवन में रोग आते हैं।

**स्वामी अवधेशानंद जी गिरि**

**शनिश्चरी अमावस्या की पौराणिक कथा**

शनि देव ने तपस्या करके भगवान से वरदान प्राप्त किया था कि वे मनुष्यों के कर्मों के अनुसार उन्हें फल देंगे। एक बार किसी राजा ने शनि देव का अपमान कर दिया। परिणामस्वरूप शनि देव ने राजा की संपत्ति, राज्य, परिवार सब कुछ छीन लिया। इसके बाद राजा को अपनी गलती का अहसास हो गया। तब विद्वानों ने राजा को शनिश्चरी अमावस्या पर शनि पूजा करने की सलाह दी। जब राजा ने शनिश्चरी अमावस्या पर शनि देव की पूजा की, उपवास किया और क्षमा मांगी, तब शनि देव ने प्रसन्न होकर उसे सब कुछ फिर से लौटा दिया।

**शनिश्चरी अमावस्या कर सकते हैं ये शुभ काम**

शनिदेव ग्रहों के न्यायाधीश हैं। शनि की स्थिति व्यक्ति के जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव लाती है। कुंडली में शनि की स्थिति ठीक न हो तो व्यक्ति को कड़ी मेहनत के बाद भी सफलता नहीं मिल पाती है, छोटे-छोटे कामों में बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। मन अशांत रहता है और निर्णय लेने में संदेह बना रहता है। इस परेशानियों से बचने के लिए हर शनिवार और शनिश्चरी अमावस्या पर शनि की विशेष पूजा करनी चाहिए।

इस दिन शनि मंदिर में तेल, नीले फूल, काले तिल, और उड़द दाल चढ़ाई जाती है। शनि चालीसा और शनि स्तोत्र का पाठ किया जाता है।

काले तिल, काला कपड़ा, लोहे के बर्तन, छाता, चप्पल, उड़द की दाल और तेल दान करना चाहिए। गरीबों और जरूरतमंदों को अन्न दान करना पुण्यकारी होता है।

इस तिथि पर पीपल पर जल अर्पित करके दीपक जलाने की परंपरा है। शनिश्चरी अमावस्या पर व्रत रख सकते हैं। इस व्रत से धर्म लाभ के साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं।

इस दिन झूठ न बोलें, किसी के साथ छल या धोखा न करें, मांस-मदिरा का सेवन न करें, किसी का अपमान न करें। इन बातों का ध्यान रखेंगे तो शनि दोषों को शांत किया जा सकता है और शनि की कृपा से जीवन में सुख-शांति प्राप्त की जा सकती है।

# हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर करें चालीसा का पाठ



गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित हनुमान चालीसा का पाठ करने से भक्तों की समस्याएं दूर होती हैं, ऐसी मान्यता है। हनुमान चालीसा में कुल 40 चौपाइयां हैं। इसलिए इसे चालीसा कहा जाता है। इन चौपाइयों में भगवान हनुमान के गुण, पराक्रम, भक्ति और श्रीराम के प्रति समर्पण भाव के बारे में बताया गया है। ये अवधी भाषा में रची गई है।

हनुमान चालीसा की सरल भाषा की वजह से इसका पाठ करना बहुत आसान है, हनुमान पूजा में अधिकतर भक्त इसका पाठ जरूर करते हैं।

मनीष शर्मा के मुताबिक, हनुमान चालीसा का पाठ करने से भक्त अनजाने भय से दूर रहता है, नकारात्मक विचार दूर होते हैं।

हनुमान चालीसा में हनुमान जी पराक्रम और आत्मविश्वास के बारे में बताया है, इसका पाठ करने से भक्त का भी आत्मविश्वास बढ़ता है और भक्त बड़े-बड़े काम करने के लिए भी आत्मविश्वास से भर जाता है।

इसकी लय और ध्वनि तरंगों से हमारा मन शांत होता है, तनाव कम होता है और ध्यान केंद्रित करने की शक्ति बढ़ती है। चालीसा की लयबद्धता और अर्थपूर्ण शब्द मन को स्थिरता प्रदान करते हैं।

आध्यात्मिक दृष्टिकोण से हनुमान जी को बल, बुद्धि और आरोग्य का प्रतीक माना गया है। हनुमान चालीसा के नियमित पाठ से व्यक्ति के विचार सकारात्मक बनते हैं। सकारात्मकता बढ़ने से व्यक्ति ऊर्जा से भरपूर रहता है।

कहा जाता है कि जो व्यक्ति श्रद्धा से हनुमान चालीसा का पाठ करता है, उसके अधूरे कार्य पूर्ण होते हैं। हनुमान अपने भक्तों की बाधाएं दूर करके उनके कार्यों को सफल बनाते हैं, ऐसी मान्यता है।

ज्योतिष शास्त्र में हनुमान जी शनि देव के कष्टों से मुक्ति दिलाने वाले देवता माने गए हैं। हर शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने से कुंडली के शनि दोष शांत हो सकते हैं।

चालीसा का पाठ करते समय भगवान के प्रति समर्पण, श्रद्धा और भक्ति भाव जागृत होता है, जिससे हमारा मन भगवान के प्रति समर्पित होता है, भक्ति में हमारी एकाग्रता बनी रहती है।

संस्कृत या अवधी जैसी भाषाओं के मंत्र और छंद उच्चारण से जो ध्वनि उत्पन्न होती है, वो आसपास की ऊर्जा को सकारात्मक बनाती है।

ऐसे कर सकते हैं हनुमान चालीसा का पाठ

हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए विशेष विधि की आवश्यकता नहीं है, लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखने से इसके पाठ से जल्दी लाभ मिल सकता है:

स्नान करके, स्वच्छ वस्त्र पहनकर, शांत स्थान पर बैठकर पाठ करना चाहिए। कम से कम एक बार इसका पाठ करना चाहिए।

मन में भगवान के प्रति असीम श्रद्धा और अटूट विश्वास रखें, क्योंकि यही सच्ची भक्ति की पहचान है।


रोज सुबह या शाम को इसका पाठ नियमित रूप से करना चाहिए। मंगलवार और शनिवार को तो जरूर इसका पाठ करें।

पाठ करने से पहले हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं। भगवान का ध्यान करें और फिर हनुमान चालीसा का पाठ करें।

इसका केवल शाब्दिक पाठ न करें, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़कर, अर्थ समझते हुए पाठ करें।

# 21 अगस्त का दिन बेहद शुभ गुरु पुष्य योग के साथ बनेंगे 3 योग

## इन 5 काम को करने से तेजी से होगी उन्नति



21 अगस्त 2025 गुरुवार का दिन बेहद शुभ है। इस दिन अगस्त की मासिक शिवरात्रि है, इस दिन गुरु पुष्य योग के साथ 3 शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, जब गुरुवार के दिन पुष्य नक्षत्र का योग बनता है तो गुरु पुष्य योग बनता है। गुरु पुष्य योग में कुछ कार्यों को करना बेहद शुभ होता है। यह दिन अक्षय तृतीया के समान ही शुभ फलदायी माना जाता है। इस योग में आप जो भी कार्य करते हैं, वह सफल होता है, परिवार की उन्नति होती है। आइए जानते हैं कि गुरु पुष्य योग कब से कब तक है? गुरु पुष्य योग में कौन से काम करने चाहिए?

**गुरु पुष्य योग कब से कब तक?**

21 अगस्त को गुरु पुष्य योग का निर्माण सुबह में 05 बजकर 53 मिनट से होगा और यह देर रात 12 बजकर 08 मिनट तक रहेगा। इस आधार पर गुरु पुष्य योग पूरे दिन है। इस दिन पुष्य नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर देर रात 12:08 ए एम तक है और चंद्रमा कर्क राशि में रहेगा।

गुरु पुष्य योग के साथ ही अमृत सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहे हैं। इन 3 योगों की वजह से 21 अगस्त का दिन बेहद शुभ फलदायी बना है।

गुरु पुष्य योग में जरूर करें ये 5 काम

1- गुरु पुष्य योग में किया गया नया काम या शुरू किया गया बिजनेस सफल सिद्ध होता है।

2- गुरु पुष्य योग में आप सोना, चांदी, रत्न, मकान, दुकान, कार, जमीन आदि की खरीदारी कर सकते हैं। इस योग में अर्जित की गई संपत्ति उन्नतिदायक और स्थाई मानी जाती है।

3 गुरु पुष्य योग में आप टीवी, फ्रिज, एसी, पंखा, मोबाइल, लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की खरीदारी कर सकते हैं।

4। गुरु पुष्य योग में आपको धन और वैभव की देवी माता लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। लक्ष्मी कृपा से आपके धन और संपत्ति में बढ़ोत्तरी होगी।

5। गुरु पुष्य योग में आपको देव गुरु बृहस्पति, अपने गुरु, इष्ट देवी और देवताओं की पूजा करनी चाहिए। अपनी क्षमता के अनुसार दान करें। इससे आपको अक्षय पुण्य की प्राप्ति होगी।

**दोपहर से पहले कर लें शुभ कार्य**

21 अगस्त को दोपहर से पूर्व ही शुभ कार्य कर लें क्योंकि उसके बाद से भद्रा लग रही है। भद्रा का समय दोपहर में 12 बजकर 44 मिनट से देर रात 12 बजकर 16 मिनट तक है। इस भद्रा का वास धरती पर है।

# कुशी अमावस्या, इस दिन किया जाता है

## कुशोत्पाटन, जानें शुभ मुहूर्त और महत्व



कुश में त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) का वास माना जाता है और इसे उखाड़ने के लिए एक विशेष मंत्र का उच्चारण किया जाता है। इस कुश को उखाड़ कर लोग इसलिए रखते हैं क्योंकि इसी से सभी प्रकार के देव कर्म और पीटर कम किया जाता है। इस कुश की अंगूठी बनाकर दाएं हाथ के अनामिका उंगली में धारण की जाती है।

**कुशी अमावस्या का महत्व**

कुश तोड़ने का महत्वः इस दिन कुश तोड़ने का विशेष महत्व है। कुश में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना जाता है। कुश का उपयोग यज्ञ, पूजा, पाठ और अन्य धार्मिक कार्यों में किया जाता है।

पितृ तर्पणः अमावस्या के दिन पितरों के लिए तर्पण और श्राद्ध करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है।

दान-पुण्यः इस दिन दान-पुण्य करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

कुशी अमावस्या (कुशोत्पाटिना) कब है और क्या है इसका शुभ मुहूर्त

कुशी अमावस्या 2025 की तिथि और समय

तिथिः भाद्रपद अमावस्या 23 अगस्त 2025, शनिवार को मनाई जाएगी।

**23 अगस्त 2025 को प्रातः** 7 बजकर 5 मिनट के बाद इसका मुहूर्त है।

कुशी अमावस्या पर क्या करें स्नान और पूजाः सुबह स्नान करें और भगवान शिव या विष्णु की पूजा करें।

पितृ तर्पणः पितरों के लिए तर्पण और श्राद्ध करें।

दान-पुण्यः जरूरतमंदों को दान दें।

# चंद्रमा की राशि में शुक्र का गोचर

## मेष, कन्या समेत 6 राशि वाले अच्छे से कस लें कमर, बदलने वाले हैं आपके दिन



भौतिक सुख सुविधा के स्वामी शुक्र ग्रह 21 अगस्त दिन गुरुवार को मध्यरात्रि 1 बजकर 19 मिनट पर कर्क राशि में गोचर करने वाले हैं, जहां पहले से ही ग्रहों के राजकुमार बुध ग्रह मौजूद हैं। इस तरह शुक्र के गोचर से कर्क राशि में बुध और शुक्र ग्रह की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बन रहा है।

**शुक्र गोचर का मेष राशि पर प्रभाव**

मेष राशि वालों के दूसरे और सातवां भाव शुक्र ग्रह द्वारा शासित हैं। इस समय, शुक्र आपके चौथे भाव में गोचर करने वाले हैं। चौथे भाव में शुक्र का गोचर सामान्यतः लाभकारी माना जाता है और सुखद परिणाम प्रदान करता है। शुक्र ग्रह का यह गोचर आपको कई तरीकों से मदद करेगा और आपके लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करेगा। यह वित्तीय लाभ में भी मदद करेगा क्योंकि दूसरे भाव का स्वामी, जो धन का घर है, अपने घर से तीसरे भाव में जा रहा है। आपको संपत्ति या रियल एस्टेट से अच्छा फायदा मिल सकता है। साथ ही आपका मकान या फ्लैट खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है। इस अवधि में यात्रा पर जाने का मौका मिलेगा और अटके धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार और रिश्तेदारों के साथ संबंधों को मजबूत कर सकती है।

**शुक्र गोचर का वृषभ राशि पर प्रभाव**

वृषभ राशि वालों का छठा भाव और आपका लग्न शुक्र ग्रह द्वारा शासित है। इस अवधि में शुक्र आपके तीसरे भाव में गोचर करेगा। तीसरे भाव में शुक्र का गोचर सामान्यतः सकारात्मक परिणाम उत्पन्न करता है। कर्क राशि में शुक्र का गोचर आपके मित्रताओं को बढ़ावा देगा। इस अवधि में मित्र आपकी मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे और उनके सहयोग से आपके कई कार्य पूरे होंगे। आपका आत्मविश्वास उच्च रहेगा, जिससे जरूरी निर्णय आसानी से ले पाएंगे। इस अवधि में आपका भाग्य अच्छा रहेगा और हर कदम पर इसका सहयोग भी मिलेगा।

**शुक्र गोचर का मिथुन राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह मिथुन राशि वालों के दूसरे भाव में गोचर करने वाले हैं और शुक्र आपके पांचवें और बारहवें भाव का स्वामी हैं। मिथुन राशि वाले शुक्र गोचर से सकारात्मक प्रभावों की उम्मीद कर सकते हैं। इस गोचर के दौरान शुक्र ग्रह कला या संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।परिवार में कोई महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है या प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का मौका मिल सकता है। बिजनस की वजह से किसी यात्रा पर जा सकते हैं, जिससे वित्तीय लाभ भी हो सकते हैं। प्रशासन या सरकार से संबंधित मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है, जिससे आपको मानसिक संतोष मिलेगा।

**शुक्र गोचर का कर्क राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह आपकी राशि के लग्न भाव अर्थात पहले स्थान पर गोचर करने वाले हैं और यह आपके चौथे और 11वें (लाभ) भाव के स्वामी भी हैं। इसलिए शुक्र का गोचर कर्क राशि वालों के लिए सबसे शानदार रहने वाला है। शुक्र गोचर के दौरान कर्क राशि वालों को अधिक सुविधाएं और विलासिता मिल सकती है। लाभ के घर के स्वामी शुक्र इस समय आपके पहले भाव में गोचर कर रहे हैं। शुक्र गोचर के दौरान, आपको विशेष रूप से धन संबंधी मामलों में अनुकूल समर्थन मिलने की संभावना है। लव लाइफ के दृष्टिकोण से भी यह शुक्र गोचर अनुकूल रहने वालाा है।

**शुक्र गोचर का कन्या राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह कन्या राशि वालों के नवम भाव (भाग्य का घर) और दूसरे भाव (धन का घर) के स्वामी हैं। शुक्र इस समय आपके 11वें भाव (लाभ का घर) में प्रवेश कर रहे हैं। 11वें भाव में अधिकतर ग्रह सकारात्मक परिणाम देते हैं, इसलिए शुक्र भी इस अवधि में लाभकारी परिणाम देगा। यह स्पष्ट है कि धन और अवसरों में वृद्धि होगी क्योंकि धन के घर के स्वामी (दूसरा भाव) लाभ के घर में जा रहा है। इस अवधि में आपको पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ में भाग्य का साथ मिलेगा। धन के स्वामी का लाभ के घर में होना बहुत ही लाभकारी है। ये लाभ केवल धन के मामले में ही नहीं, बल्कि जीवन के कई पहलुओं में महसूस किए जाएंगे। आप पारिवारिक और वित्तीय मामलों में भी सफल हो सकते हैं।

**शुक्र गोचर का मीन राशि पर प्रभाव**

शुक्र आपकी राशि के तीसरे और आठवें घर के स्वामी हैं और इस दौरान आपके पांचवे घर में प्रवेश कर रहे हैं। शुक्र का पांचवें घर में प्रवेश कुछ बहुत ही सकारात्मक परिणाम लाने वाला माना जाता है। विशेष रूप से कला और साहित्य के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को इस शुक्र गोचर से बहुत लाभ हो सकता है। वे अत्यधिक रचनात्मक बने रह सकते हैं और मनोरंजन से संबंधित मुद्दों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिल सकते हैं। छात्रों के लिए अपने विचारों को नियंत्रित करना और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक होगा। इस गोचर का रोमांटिक संबंधों पर बहुत अच्छे प्रभाव पड़ने की संभावना है।


**शुक्र गोचर का मिथुन राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह मिथुन राशि वालों के दूसरे भाव में गोचर करने वाले हैं और शुक्र आपके पांचवें और बारहवें भाव का स्वामी हैं। मिथुन राशि वाले शुक्र गोचर से सकारात्मक प्रभावों की उम्मीद कर सकते हैं। इस गोचर के दौरान शुक्र ग्रह कला या संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।परिवार में कोई महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है या प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का मौका मिल सकता है। बिजनस की वजह से किसी यात्रा पर जा सकते हैं, जिससे वित्तीय लाभ भी हो सकते हैं। प्रशासन या सरकार से संबंधित मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है, जिससे आपको मानसिक संतोष मिलेगा।

**शुक्र गोचर का कर्क राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह आपकी राशि के लग्न भाव अर्थात पहले स्थान पर गोचर करने वाले हैं और यह आपके चौथे और 11वें (लाभ) भाव के स्वामी भी हैं। इसलिए शुक्र का गोचर कर्क राशि वालों के लिए सबसे शानदार रहने वाला है। शुक्र गोचर के दौरान कर्क राशि वालों को अधिक सुविधाएं और विलासिता मिल सकती है। लाभ के घर के स्वामी शुक्र इस समय आपके पहले भाव में गोचर कर रहे हैं। शुक्र गोचर के दौरान, आपको विशेष रूप से धन संबंधी मामलों में अनुकूल समर्थन मिलने की संभावना है। लव लाइफ के दृष्टिकोण से भी यह शुक्र गोचर अनुकूल रहने वालाा है।

**शुक्र गोचर का कन्या राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह कन्या राशि वालों के नवम भाव (भाग्य का घर) और दूसरे भाव (धन का घर) के स्वामी हैं। शुक्र इस समय आपके 11वें भाव (लाभ का घर) में प्रवेश कर रहे हैं। 11वें भाव में अधिकतर ग्रह सकारात्मक परिणाम देते हैं, इसलिए शुक्र भी इस अवधि में लाभकारी परिणाम देगा। यह स्पष्ट है कि धन और अवसरों में वृद्धि होगी क्योंकि धन के घर के स्वामी (दूसरा भाव) लाभ के घर में जा रहा है। इस अवधि में आपको पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ में भाग्य का साथ मिलेगा। धन के स्वामी का लाभ के घर में होना बहुत ही लाभकारी है। ये लाभ केवल धन के मामले में ही नहीं, बल्कि जीवन के कई पहलुओं में महसूस किए जाएंगे। आप पारिवारिक और वित्तीय मामलों में भी सफल हो सकते हैं।

**शुक्र गोचर का मीन राशि पर प्रभाव**

शुक्र आपकी राशि के तीसरे और आठवें घर के स्वामी हैं और इस दौरान आपके पांचवे घर में प्रवेश कर रहे हैं। शुक्र का पांचवें घर में प्रवेश कुछ बहुत ही सकारात्मक परिणाम लाने वाला माना जाता है। विशेष रूप से कला और साहित्य के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को इस शुक्र गोचर से बहुत लाभ हो सकता है। वे अत्यधिक रचनात्मक बने रह सकते हैं और मनोरंजन से संबंधित मुद्दों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिल सकते हैं। छात्रों के लिए अपने विचारों को नियंत्रित करना और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक होगा। इस गोचर का रोमांटिक संबंधों पर बहुत अच्छे प्रभाव पड़ने की संभावना है।

## 'कुली' को ए सर्टिफिकेट मिलने पर हाईकोर्ट पहुंचे मेकर्स, बोले- हर उम्र के हैं रजनीकांत के फैंस



रजनीकांत की हालिया रिलीज फिल्म 'कुली' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। हालांकि, इस बीच 'कुली' को लेकर विवाद भी छिड़ा हुआ है और अब ये मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। जहां सन पिक्चर्स ने सीबीएफसी द्वारा फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट जारी करने के फैसले को चुनौती दी है।

**मंजूर हुई मेकर्स की याचिका, होगी सुनवाई**

सीबीएफसी द्वारा फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट दिए जाने से अब इसे सिर्फ 18 साल से ऊपर की उम्र के लोग ही देख सकेंगे। इसी को लेकर अब मेकर्स ने आपत्ति जताई है और मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। मेकर्स का कहना है कि इस तरह की बड़ी फिल्मों की तुलना में फिल्म का मूल्यांकन गलत तरीके से किया गया है। न्यायमूर्ति टीवी तमिलसेल्वी ने याचिका स्वीकार कर ली और इस पर सुनवाई का निर्देश भी दिया है। संभव है कि आज इस मामले पर सुनवाई भी हो सकती है। सन पिक्चर्स का कहना है कि 'कुली' में 'केजीएफ' और 'बीस्ट' जैसी फिल्मों के बराबर एक्शन सीन हैं, जिन्हें यू/ए सर्टिफिकेट मिला था। ऐसे में फिर 'कुली' को ए सर्टिफिकेट क्यों मिला है।

**मेकर्स के वकील ने दिया ये तर्क**

अदालत में हुई बहस में केंद्र सरकार के वकील ए कुमारगुरु ने दावा किया कि याचिका विचारणीय नहीं है। हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता जे रवींद्रन ने एम स्नेहा की सहायता से अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 और न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 के तहत उच्च न्यायालय को ऐसी अपीलों पर सुनवाई करने का अधिकार है। यू/ए रेटिंग के लिए सीबीएफसी से कई बार अनुरोध करने के बावजूद जांच और संशोधन समितियों ने फिल्म में अधिक एक्शन सीन का हवाला देते हुए 'ए' रेटिंग बरकरार रखी।

**कई पीढ़ियों से हैं रजनीकांत के फैंस**

सन पिक्चर्स का कहना है कि रजनीकांत के फैन हर पीढ़ी में हैं। ऐसे में बच्चों और किशोरों को सिनेमाघरों से दूर रखना इस फिल्म के उद्देश्य को कमजोर करता है। यह एक एंटरटेनिंग फिल्म है, जिसे रजनीकांत के सिनेमा में 50 साल पूरे होने के मौके पर रिलीज किया गया है। तमिलनाडु के कई सिनेमाघरों में बच्चों को हॉल के अंदर जाने की अनुमति देने के लिए माता-पिता थिएटर मालिकों से भिड़ गए।

**लोकेश कनगराज ने किया है फिल्म का निर्देशन**

लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' एक बड़े बजट में बनी फिल्म है। फिल्म में रजनीकांत के अलावा नागार्जुन, सौबिन शाहिर, श्रुति हासन, उपेंद्र कुमार और आमिर खान सरीखे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। 14 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म की टक्कर बॉक्स ऑफिस पर ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2' से हो रही है। जहां 'कुली' 'वॉर 2' पर भारी पड़ रही है।

## इन सिंगर्स के लुक्स देख आप भी कहेंगे- 'इनकी सिर्फ आवाज ही नहीं, स्टाइल भी कमाल है!'



नेहा कक्कड़

बॉलीवुड की सिंगर्स सिर्फ अपनी आवाज से ही नहीं, बल्कि अपने ग्लैमरस लुक्स और फैशन स्टाइल से भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। खासतौर पर नेहा कक्कड़, सुनिधि चौहान और श्रेया घोषाल जैसी करोड़ों की नेटवर्थ वाली सिंगर न सिर्फ म्यूजिक इंडस्ट्री की टॉप पर हैं, बल्कि उनके लुक्स भी किसी बड़ी एक्ट्रेस से कम नहीं लगते।

ये तीनों सिंगर्स अक्सर अपने आउटफिट्स, हेयरस्टाइल और पर्सनलिटी के चलते सोशल मीडिया पर ट्रेंड करती हैं। नेहा का बोल्ड और बबली स्टाइल, सुनिधी का कूल एंड कंफर्टेबल लुक और श्रेया का एलिगेंट ट्रेडिशनल स्टाइल हर किसी को आकर्षित करता है। ये साबित करती हैं कि ग्लैमर सिर्फ एक्टिंग तक सीमित नहीं, बल्कि गायिकी की दुनिया में भी स्टाइल और स्वैग का जलवा है। आज हम आपको इन्हीं के लुक्स दिखाने जा रहे हैं।

**नेहा कक्कड़ का स्टेज लुक**

सबसे पहले नजर डालते हैं नेहा कक्कड़ के स्टेज लुक्स पर। उनका अंदाज काफी क्यूट होता है। वो अपनी परफॉर्मेंस के दौरान ज्यादातर को-ऑर्ड सेट, जमसूट या फिर पैंट और क्रॉप टॉप ही कैरी करती हैं। उनका ये अंदाज लोगों को खूब पसंद आता है। गाते समय उनके खुले-लहराते बाल भी देखने में कमाल के लगते हैं।

**नेहा कक्कड़ के अलग लुक**

स्टेज लुक्स के बाद अब नजर डालते हैं नेहा कक्कड़ के अन्य लुक्स पर। वो अक्सर ऐसे आउटफिट ही पहनती हैं, जिसमें वो बेहद क्यूट दिखती हैं। तो अगर आपको क्यूट दिखना पसंद है तो नेहा कक्कड़ के लुक्स पर एक नजर डालें और अपने लिए खरीदारी करें।



श्रेया घोषाल

**सुनिधि चौहान के स्टेज लुक्स**

सुनिधि चौहान जब अपने कॉन्सर्ट की तस्वीरें साझा करती हैं, तो हर कोई उन्हें बस देखता रह जाता है। उनके स्टेज काफी ग्लैमरस और बोल्ड होते हैं। उनके स्टेड लुक्स किसी पॉप सिंगर से कम नहीं होते। लोग उनसे इस अंदाज की काफी तारीफ करते हैं।

**सुनिधि चौहान के अन्य लुक्स**

इसके अलावा वो अपने लुक्स से हमेशा बॉस लेडी वाइब देती हैं। उनकी हर तस्वीर पर लोग बेहद प्यार बरसाते हैं। हर आउटफिट के साथ वो अलग सा ही हेयर स्टाइल बनाती हैं, जिससे उनका अंदाज और लुक एकदम से बदल जाता है। वो एथनिक को भी काफी अलग अंदाज में पहनती हैं।



सुनिधि चौहान

**श्रेया घोषाल का स्टेज लुक**

आखिर में नजर डालते हैं श्रेया घोषाल के स्टेज लुक्स पर। उनके स्टेज लुक्स एलिगेंट से भरपूर होते हैं। क्योंकि वो ज्यादातर स्टेज पर एथनिक आउटफिट पहनकर ही जाती हैं, जिसमें वो बला की खूबसूरत लगती हैं। इंडो वेस्टर्न आउटफिट से लेकर एथनिक आउटफिट तक उनकी खूबसूरती को बढ़ा देते हैं।

**श्रेया घोषाल के बाकी लुक्स**

स्टेज के अलावा अगर श्रेया के अन्य लुक्स पर नजर डालें तो आप उनकी इस तस्वीर को देखते रह जाएंगे। वो वेस्टर्न गाउन से लेकर इंडो वेस्टर्न आउटफिट तक काफी अलग अंदाज में कैरी करती हैं। तो यदि आप भी इस तरह के लुक्स पसंद करती हैं तो उनके लुक्स से टिप्स लें।

## अब पंजाबी फिल्म में हीरो बनकर आएंगे राज कुंद्रा शिल्पा बोलीं- 'तुम कई साल से मेरे हीरो हो'

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपने पति राज कुंद्रा की पहली पंजाबी फिल्म 'मेहर' के ट्रेलर को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने लिखा कि वह कई साल से उनके हीरो हैं।



**पति राज के लिए शिल्पा का खास पोस्ट**

शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'मेहर' की शानदार झलक शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'वाह, पंजाबी फिल्मों को एक नया हीरो मिल गया है, लेकिन वो कई साल से मेरे हीरो रहे हैं। फिल्मों में आपका स्वागत है राज कुंद्रा आपको और मेहर की पूरी टीम को अपार सफलता की शुभकामनाएं।'

इसके साथ ही शिल्पा ने फिल्म के निर्देशक राकेश मेहता, निर्माता और गीता बसरा को भी शुभकामनाएं दीं। शिल्पा ने आगे लिखा, 'गाने बहुत पसंद आए और अब ट्रेलर भी। फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार है। पिक्चर अभी बाकी है दोस्तों। 5 सितंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।'

**फिल्म 'मेहर' के बारे में**

पंजाबी फिल्म 'मेहर' राज कुंद्रा के करियर की पहली फिल्म है। इसे राकेश मेहता ने निर्देशित किया है। इस पंजाबी फिल्म में राज कुंद्रा और गीता बसरा के अलावा बनिंदर बनी, सविता भट्टी, रूपिंदर रूपी, दीप मनदीप, आशीष दुग्गल, हॉबी धालीवाल, तरसेम पॉल और कुलवीर सोनी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## ओटीटी के लिए बदल गया 'हरि हर वीर मल्लु' का क्लाइमेक्स



सिनेमाघरों में फ्लॉप रहने के बाद इस फिल्म को ओटीटी पर कुछ बदलावों के साथ रिलीज किया गया है। 'हरि हर वीर मल्लुः पार्ट 1- स्वॉर्ड बनाम स्पिरिट' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। प्राइम पर यह फिल्म तेलुगु, तमिल, मलयालम और हिंदी में रिलीज की गई है। लेकिन सबसे खास बात ये है कि बॉक्स ऑफिस पर फेल होने के बाद ओटीटी के लिए मेकर्स ने फिल्म में कुछ बदलाव किए हैं। फिल्म के कुछ सीन को हटा दिया गया है, ताकि फिल्म छोटी हो जाए। साथ ही फिल्म के क्लाइमेक्स में भी बदलाव किया गया है।

**बदल गया फिल्म का क्लाइमेक्स सीन**

ओटीटी पर स्ट्रीम हो रही फिल्म में घुड़सवारी वाले सीन और सेकेंड हाफ में पवन कल्याण के तीर चलाने वाले सीन में वीएफएक्स को लेकर फिल्म की काफी आलोचना हुई थी। दर्शकों ने इन सीन को लेकर फिल्म को ट्रोल किया था। यही कारण रहा कि ओटीटी वर्जन में इन सीन को थोड़ा कम कर दिया गया है। यही नहीं फिल्म के क्लाइमेक्स में भी बदलाव किया गया है।

फिल्म बॉबी देओल के आंधी वाचेसिंधी कहने के साथ समाप्त होती थी, लेकिन चक्रवात के दौरान उनके टकराव को पूरी तरह से मिटा दिया गया। ओटीटी पर इस हिस्से को पूरी तरह से हटा दिया गया है और अब फिल्म 'असुर हननं' गाने के बाद दूसरे पार्ट की घोषणा के साथ खत्म हो जाती है।

## आमिर खान का डीएनए टेस्ट करा लो : फैसल खान



हाल ही में आमिर खान के भाई फैसल खान ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट पर कई आरोप लगाए। साथ ही आमिर खान की निजी जिंदगी को लेकर भी तमाम बातें की, दावे किए। आमिर की दो शादी, तलाक और एक अफेयर को लेकर कुछ सनसनीखेज खुलासे फैसल ने एक इंटरव्यू में किए हैं। वह आमिर खान का डीएनए टेस्ट कराने तक की बात कह रहे हैं।

**फैसल बोले- मेरे पास चीज का सबूत हैं**

एक इंटरव्यू में फैसल खान कहते हैं, 'सभी जानते हैं कि आमिर खान और जेसिका ( फिल्म जर्नलिस्ट) का रिश्ता था और उनका एक बच्चा भी है। इस बात से आमिर खान इंकार नहीं कर सकते हैं। चाहो तो आप डीएनए टेस्ट करा लो। मेरे पास हर चीज का सबूत हैं, मैं उनमें से नहीं हूं, जो मनगढ़ंत बातें बनाऊं।'

**कौन है जेसिका हाइंस**

आमिर खान और जर्नलिस्ट जेसिका हाइंस के जिस अफेयर के बारे में फैसल खान चर्चा कर रहे हैं, वह मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए भी चर्चा में रहा है।

जेसिका साल 1998 में अमिताभ बच्चन पर किताब लिखने के सिलसिले में भारत आई थीं। एक रिपोर्ट के मुताबिक स्टारडस्ट मैगजीन में यह कहा गया था कि आमिर खान जेसिका के साथ रिलेशनशिप में थे। रिपोर्ट में यह भी दावे किए गए कि आमिर खान का जेसिका के साथ एक बच्चा जान भी है। आमिर और जेसिका की मुलाकात 'गुलाम' फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई। आमिर खान ने आज तक इस मुद्दे पर बात नहीं की है। जेसिका की तरफ से भी चुप्पी बनी रही है। बताते चलें कि साल 2000 के दशक की शुरुआत में जेसिका ने एक बेटे को जन्म दिया और उसका नाम जान रखा। बाद में उन्होंने लंदन के बिजनेसमैन विलियम टैलबोट से शादी की।

**फैसल ने आमिर के अलावा परिवार पर भी लगाए आरोप**

फैसल खान ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, साथ ही एएनआई से भी बातचीत की थी। इसमें फैसल ने आमिर खान पर कई आरोप लगाए। फैसल ने बताया कि साल 2002 उनकी जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर था। उसी साल उन्होंने शादी की लेकिन जल्द ही तलाक हो गया।

तलाक के बाद परिवार ने दोबारा शादी का दबाव बनाया गया। तब फैसल ने परिवार के नाम एक खत लिखा, जिसमें परिवार की टूटती शादियों का जिक्र किया। ऐसे में परिवार ने उन्हें गलत समझा और मेंटल हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। फैसल का दावा है कि आमिर खान, उनकी मां, बहन निखत और परिवार के कुछ अन्य सदस्यों ने साजिश के तहत उन्हें पागल साबित किया।

## चहल से तलाक के 4 महीने बाद नए प्यार की तलाश में धनश्री, बोलीं- 'हम सब प्यार के लिए भूखे हैं'

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा ने अपनी पर्सनल लाइफ, करियर को लेकर इंटरव्यू दिया। इस बातचीत में उन्होंने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से हुए तलाक पर भी बात की है। एक रिश्ता बिखर जाने के बाद भी वह प्यार में विश्वास करती हैं। आगे धनश्री की चाहत प्यार में डूब जाने की है।

**सेल्फ लव की बात करती दिखीं धनश्री**



धनश्री कहती हैं, 'मुझे लगता है कि हम सभी जिंदगी में प्यार चाहते हैं। भला कौन नहीं चाहता कि उसे प्यार मिले? कभी-कभी, प्यार आपको भी मोटिवेट करता है। इसके अलावा खुद से प्यार तो करना ही चाहिए, क्योंकि खुद से प्यार सबसे जरूरी है। खुद को प्यार करो, फिर बाहर प्यार की तलाश करो।'

**धनश्री बोलीं- प्यार किसे नहीं चाहिए?**

धनश्री क्या आगे प्यार की चाहत रखती हैं? इस सवाल पर वह कहती हैं, 'अगर मेरी जिंदगी में कुछ अच्छा लिखा है, तो क्यों नहीं? असल में, मां-पापा भी चाहते हैं। दोस्त भी चाहते हैं। मैं खुद चाहती हूं कि अच्छा ही हो। प्यार किसे नहीं चाहिए? हम सब प्यार के भूखे हैं। आज, इसी की कमी है। यह सबसे खूबसूरत चीज है। यह बिलकुल बॉलीवुड वाली फीलिंग है। कौन ऐसा अहसास नहीं चाहता? हम सब चाहते हैं, और हम सभी को इसे महसूस करना चाहिए। हर किसी को ऐसा प्यार मिलना चाहिए।'

**तलाक होने पर खूब रोई थीं धनश्री**

अपने इंटरव्यू में धनश्री ने तलाक पर भी बात की। धनश्री ने कहा कि जैसे ही कोर्ट में तलाक का फैसला सुनाया गया, वो खुद को संभाल नहीं पाईं और सभी के सामने जोर-जोर से रोने लगीं। उन्होंने बताया कि अंदर से वह टूट चुकी थीं और उस पल को शब्दों में बयां कर पाना उनके लिए मुमकिन नहीं था। जबकि युजवेंद्र चहल उस समय कोर्ट से पहले बाहर निकल गए थे।

## 'दक्षिण के सितारे विनम्र और ईश्वर भक्त होते हैं' श्रुति हासन ने साउथ और बॉलीवुड में बताया अंतर



अभिनेत्री श्रुति हासन ने हाल ही में बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के अपने अनुभव को साझा किए। उन्होंने बताया कि साउथ के सितारे बॉलीवुड के सितारों की तुलना में अधिक विनम्र और ईश्वर भक्त होते हैं।

**साउथ और बॉलीवुड में बताया अंतर**

हाल ही में रिपोर्टर के साथ एक इंटरव्यू में श्रुति ने कहा कि उन्होंने कहा कि बॉलीवुड की तुलना में साउथ में जागरूकता और आध्यात्मिकता का स्तर अधिक है। साउथ के अभिनेता विनम्र रहते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 'सरस्वती का आशीर्वाद उनसे दूर न जाए।' श्रुति ने बताया कि साउथ के सेट पर छोटी-छोटी परंपराएं निभाई जाती हैं, जैसे सुबह नारियल रखना या किसी देवता की तस्वीर सेट पर रखना। सेट पर नियमों का पालन होता है, साथ ही अभिनेता और कर्मचारी इस बात का ध्यान रखते हैं कि वे कैसे व्यवहार करते हैं।

**कैसे साउथ है ज्यादा बेहतर**

श्रुति ने आगे कहा कि साउथ में लोग सादगी पसंद करते हैं। वहां लोग बहुत पैसे होने के बावजूद साधारण कपड़े पहनते हैं और पुरानी कारों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम सिर्फ कला के माध्यम हैं। अच्छी फिल्म, कहानी या गाना ही असली माध्यम है। हमारा काम कला को लोगों तक पहुंचाना है।' श्रुति ने आगे कहा कि संगीत सीखने और लंबे समय तक लोगों के साथ काम करने से उन्हें विनम्र रहना और अपना काम पूरी मेहनत से करना सीखने में मदद मिली।

**श्रुति का करियर**

श्रुति ने बॉलीवुड में 'लक', 'दिल तो बच्चा है जी' और 'डी-डे' जैसी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में वे रजनीकांत की फिल्म 'कुली' में नजर आईं, जिसका निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है। यह फिल्म 14 अगस्त 2025 को रिलीज हुई थी।




# बारिश के पानी से सिर में हो गई है खुजली और डैंड्रफ?

बारिश का मौसम चल रहा है, जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बारिश में भीगने के बाद जिस तरह से स्किन पर खुजली होने लगती है, ठीक उसी तरह से बालों से संबंधित दिक्कतें भी बढ़ जाती हैं। कई लोग बारिश में भीगने के बाद रूसी यानी कि डैंड्रफ से भी परेशान रहते हैं।

अगर आप भी इस दिक्कत से जूझ रहे हैं तो ये लेख आपके लिए है। यहां हम आपको बताएंगे एक ऐसे नुस्खे के बारे में, जिसकी वजह से आपके स्कैल्प की अच्छी तरह से सफाई हो जाएगी।



दरअसल, हम बात कर रहे हैं एक ऐसे हेयर मास्क की, जो आपके सिर से रूसी की छुट्टी कर देगा।

### हेयर मास्क बनाने का सामान

नीम की पत्तियां – 10–15
दही – 2 टेबलस्पून
नींबू का रस – 1 टीस्पून
टी ट्री ऑयल – 2–3 बूंद

### विधि

इस नुस्खे को इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले तो सभी सामानों को निकालकर एक साइड में रख लें। अब सबसे पहले एक पैन में थोड़ा सा पानी लेकर उसमें नीम की पत्तियों को डालकर उबाल लें। पत्तियों को उबालने के



बाद इसका पेस्ट बना लें।

अब नीम के पेस्ट में थोड़ा सा दही और नींबू का रस मिक्स करें। इस पेस्ट में सबसे आखिर में टी ट्री ऑयल मिक्स करें। इसको डालना जरूरी नहीं है। अगर आपके पास ये उप्लब्ध नहीं है, तो इसे रहने दें। बस अब सभी चीजों को मिक्स करने के बाद हेयर मास्क तैयार करें।

### इस्तेमाल का तरीका

अब इस पेस्ट को सिर पर अप्लाई करना है तो इसके लिए पहले अपने बालों को धो लें। गंदे बालों में हेयर मास्क लगाने का कोई फायदा नहीं है। अब जब बाल धो लिए हैं तो हेयर मास्क को अपने स्कैल्प पर अप्लाई करें। अब 30 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। 30 मिनट के बाद अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। ताकि बाल साफ हो जाएं।

### बरतें ये सावधानी

इस हेयर मास्क को आप हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकते हैं। दो से तीन बार इस मास्क के इस्तेमाल करने के बाद सिर की रूसी एकदम गायब हो जाएगी। बस ध्यान रखें कि इसको लगाने के बाद अगर थोड़ी सी भी खुजली या अन्य दिक्कत हो रही है तो बालों को तुरंत धो लें।

# हाथों की मेहंदी का रंग आएगा खूब गाढ़ा अगर इस्तेमाल किए ये नुस्खे

महिलाओं को अपने हाथों पर मेहंदी लगाना पसंद आता है। चाहे शादी-विवाह हो या फिर पूजा-पाठ, हर मौके के लिए वो एक से बढ़ कर एक मेहंदी की डिजाइन तलाश करती हैं। पर, मेहंदी की डिजाइन कितनी भी अच्छी लगवा हो, अगर उसका रंग गाढ़ा नहीं चढ़ा तो कोई मतलब नहीं है।

यदि आप भी उन महिलाओं में से हैं, जिन्हें मेहंदी का गाढ़ा रंग पसंद है, लेकिन आपके हाथों पर मेहंदी नहीं रचती तोये लेख आपके लिए है। हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे नुस्खे, जिससे आपकी मेहंदी का रंग चटक गाढ़ा आएगा। इन नुस्खों का इस्तेमाल आप हरतालिका तीज के मौके पर कर सकती हैं।

### रातभर मेहंदी लगाकर रखें

अब जब बाजार में रेडीमेड मेहंदी मिलने लगी है तो इसे कम से कम रातभर अपने हाथों पर लगाकर रखें। एक-दो घंटे लगाकर अगर आप इसे हटा देंगी



तो इससे रंग हल्का चढ़ेगा। ये हल्का रंग हट भी काफी जल्दी जाएगा।

### नीलगिरी का तेल आएगा काम

यदि आपके हाथों पर मेहंदी का रंग नहीं चढ़ता है तो मेहंदी लगाने से पहले हाथों पर हल्का सा नीलगिरी का तेल लेकर अप्लाई करें। ध्यान रखें कि तेल ज्यादा न लगे, वरना मेहंदी लगाने में भी दिक्कत आ सकती है। हल्का सा तेल लेकर उसे हाथों पर मल लें। इससे मेहंदी का रंग एकदम निखकर सामने आएगा।

### नींबू और चीनी

यदि नीलगिरी का तेल आपके पास नहीं है तो नींबू और चीनी के मिश्रण का इस्तेमाल करें। इसके लिए मेहंदी सूखने के बाद 1 चम्मच नींबू और 1 चम्मच चीनी मिलाकर रुई से लगाएं। ये मिश्रण मेहंदी में नमी बनाए रखता है, जिससे मेहंदी का रंग और गाढ़ा होता है।

### लौंग की भाप लें

मेहंदी के गाढ़े रंग के लिए आप इस नुस्खे का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले तो एक तवे पर 4–5 लौंग रखें और जब धुआं निकले, तो हाथों को थोड़ी देर उस भाप के ऊपर रखें। ध्यान रखें कि ये हाथों को तवे के एकदम पास न रखें, वरना भाप से हाथ जल सकते हैं।

### किन चीजों से बचें

मेहंदी के बाद तुरंत साबुन या हैंडवॉश न लगाएं।

कोई भी ब्लीच या स्क्रबिंग प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करें।

क्रीम, मॉइस्चराइज़र या तेल लगाने से पहले मेहंदी अच्छे से सूखने दें।

# ऐसे करें बालों में बाओबाब तेल का इस्तेमाल जिससे बाल हों कमर तक लंबे

आज के समय में हर दूसरा व्यक्ति बालों के झड़ने से परेशान है। यदि हेयर फॉल के शुरुआती दौर में बालों का ध्यान न रखा जाए तो लोग गंजेपन तक का शिकार हो जाते हैं। इसी के चलते हम आपको एक ऐसा नुस्खा बताने जा रहे हैं, जो आपके बालों के लिए रामबाण रहेगा।

हम यहां बात कर रहे हैं



बाओबाब तेल की, जिससे इस्तेमाल से बालों की ग्रोथ में इजाफा होता है। यहां इस लेख में हम आपको पहले बताएंगे कि इस तेल के इस्तेमाल से बालों को क्या फायदा होगा, वहीं इसके इस्तेमाल का सही तरीका भी हम आपको बताएंगे।

### पहला फायदा

इस तेल के नियमित रूप के इस्तेमाल से आपके बालों की ग्रोथ में इजाफा होगा। इसके साथ-साथ ये तेल बालों को जड़ों से मजबूत करता है, जिससे हेयर फॉल में भी कमी आती है।

### दूसरा फायदा

बालों के सिरे पर रोजाना थोड़ी मात्रा में बाओबाब तेल लगाएं। ऐसा करने से स्प्लिट एंड्स कम होते हैं और हेयर टिप्स हेल्दी रहते हैं। यदि आप रोजाना अप्लाई नहीं कर सकते तो जब बाल धो रहे हों, तब करें।

### तीसरा फायदा

बाओबाब तेल में टी ट्री ऑयल की कुछ बूंदें मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं। ये फंगल संक्रमण और डैंड्रफ से राहत दिलाने में सहायक होता है। अब जान लेते हैं कि किन दो तरीकों से इस तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### मसाज करें

बाओबाब तेल से अगर आप नियमित रूप से मसाज करेंगे तो इससे बालों की ग्रोथ तेजी से बढ़ेगी। इसके लिए हल्के गुनगुने बाओबाब तेल से स्कैल्प की मालिश करें। हफ्ते में कम से कम दो बार बाओबाब तेल का इस्तेमाल बालों में करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और बालों की जड़ें मजबूत होती हैं।

### बनाएं हेयर मास्क

यदि आप सिर्फ तेल से मसाज नहीं करना चाहते तो हेयर मास्क तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में अंडे का सफेद वाला भाग ले लें। अब इस तेल में बराबर मात्रा में बाओबाब तेल और नारियल का तेल मिक्स करें। तीनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करें। अब अपनी स्कैल्प पर इसे हाथों से अप्लाई करें। इस हेयर मास्क को कम से कम आधे घंटे से लिए लगा रहने दें। आधे घंटे के बाद अपने बालों को माइल्ड शैंपू की मदद से धो लें।

# आखिर क्यों होते हैं शरीर पर फोड़े और फुंसी? जानें इसके पीछे की तीन बड़ी वजहें

फोड़े और फुंसी होना एक बहुत ही आम बात है, जिससे अक्सर कुछ लोग परेशान रहते हैं। यह समस्या सामान्य तौर पर छोटे बच्चों में देखने को मिलती है। शरीर पर फोड़ा होना एक सामान्य बात जरूर है, लेकिन अगर समय रहते हैं ध्यान न दिया



तो यह गंभीर हो सकता है। फोड़े लाल सूजे हुए और पस से भरे हुए उभार होते हैं जो आपके स्वास्थ्य के बारे में कई महत्वपूर्ण संकेत भी देते हैं।

फोड़े और फुंसी तब बनते हैं जब बैक्टीरिया हमारे रोमछिद्रों में घुस जाते हैं और संक्रमण फैलाते हैं। इस संक्रमण से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली प्रतिक्रिया करती है, जिससे सूजन और पस का बनने लगता है। हालांकि यह समझना जरूरी है कि सिर्फ बैक्टीरिया ही इसके लिए जिम्मेदार नहीं होते। हमारी कुछ आदतें, स्वास्थ्य संबंधी स्थितियां और पर्यावरणीय कारक भी फोड़े-फुंसी के होने का खतरा बढ़ाते हैं। इन कारणों को जानकर और उनसे बचकर हम अपनी त्वचा को स्वस्थ रख सकते हैं। आइए जानते हैं इसके पीछे की तीन सबसे बड़ी वजहें।

### खराब व्यक्तिगत स्वच्छता

फोड़े और फुंसी का सबसे बड़ा कारण खराब व्यक्तिगत स्वच्छता है। जब हम नियमित रूप से अपने शरीर को साफ नहीं करते हैं, तो त्वचा पर तेल, पसीना और बैक्टीरिया जमा हो जाते हैं। ये बैक्टीरिया रोमछिद्रों में घुसकर संक्रमण पैदा करते हैं, जिससे फोड़े-फुंसी हो जाते हैं। इसलिए, नियमित रूप से स्नान करना और त्वचा को साफ रखना बहुत जरूरी है।

### कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली

अगर आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है, तो आपका शरीर बाहरी बैक्टीरिया और कीटाणुओं से ठीक से लड़ नहीं पाता। डायबिटीज के मरीज, या ऐसे लोग जो लंबे समय से किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, उनमें फोड़े-फुंसी होने का खतरा अधिक होता है। स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और पर्याप्त नींद से प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाया जा सकता है।

### पाचन क्रिया की वजह से होते हैं फोड़ें

जब हमारी पाचन क्रिया सही से काम नहीं करती, तो शरीर भोजन से विषाक्त पदार्थों को पूरी तरह से बाहर नहीं निकाल पाता। ये विषाक्त पदार्थ रक्त में जमा होने लगते हैं और शरीर उन्हें त्वचा के माध्यम से बाहर निकालने की कोशिश करता है। इस प्रक्रिया में ये विषाक्त पदार्थ त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर देते हैं, जिससे संक्रमण होता है और फोड़े या फुंसी होने लगते हैं।

### हार्मोनल असंतुलन और तनाव

इन तीन प्रमुख कारणों के



अलावा एक कारण और है जिसकी वजह से फोड़े और फुंसी होते हैं, और वो है हार्मोनल असंतुलन। खासकर किशोरावस्था के दौरान, मुंहासे और फुंसी का एक प्रमुख कारण होता है। इसके अलावा तनाव भी शरीर में कोर्टिसोल जैसे हार्मोन को बढ़ाता है, जो त्वचा में तेल उत्पादन को बढ़ा सकता है, जिससे रोमछिद्र बंद हो जाते हैं और फोड़े-फुंसी हो सकते हैं। तनाव को नियंत्रित करके इस समस्या को कम किया जा सकता है।

### बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां

फोड़े-फुंसी से बचने के लिए, अपनी त्वचा को हमेशा साफ रखें। संतुलित आहार लें, और खूब पानी पिएं। अगर आपको बार-बार यह समस्या हो रही है, तो डॉक्टर से सलाह लें, क्योंकि यह किसी अंदरूनी बीमारी का संकेत हो सकता है।

# अधिक मानसिक तनाव लेने से शरीर में होते हैं नकारात्मक बदलाव, कहीं आप भी तो नहीं कर रहें ये गलतियां




आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव एक सामान्य समस्या बन चुकी है। काम का दबाव, पारिवारिक समस्याएं या भविष्य की चिंता ये सब मिलकर हमें मानसिक रूप से थका देते हैं। लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि मानसिक तनाव सिर्फ हमारे दिमाग को ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर को प्रभावित करता है। जब हम तनाव में होते हैं तो हमारा शरीर 'फाइट या फ्लाइट' मोड में चला जाता है, जिससे कुछ खास हार्मोन, जैसे कॉर्टिसोल और एड्रेनालाईन, रिलीज होते हैं। इन हार्मोनों के कारण दिल की धड़कन तेज हो जाती है, ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और शरीर की ऊर्जा आपकी समस्या से लड़ने के लिए तैयार हो जाती है।

अगर यह तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। यह न केवल हमारे मूड को प्रभावित करता है, बल्कि हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। आइए इस लेख में इसी के बारे जानते हैं कि मानसिक तनाव से शरीर में क्या-क्या प्रमुख बदलाव होते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है।

### पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर

तनाव का सीधा असर हमारे पाचन तंत्र पर पड़ता है। तनाव के दौरान कॉर्टिसोल जैसे हार्मोन पेट में एसिड का उत्पादन बढ़ाते हैं, जिससे एसिडिटी, पेट में जलन और अपच की समस्या हो सकती है। यह पाचन क्रिया को धीमा कर सकता है, जिससे कब्ज या दस्त जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### ब्लड प्रेशर और हृदय पर प्रभाव

लगातार तनाव में रहने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जिससे हृदय संबंधित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। तनाव की वजह से हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इससे हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जो गंभीर हृदय रोगों का कारण बन सकता है।

### नींद की गुणवत्ता में कमी

तनाव और नींद का गहरा संबंध है। जब हम तनाव में होते हैं, तो हमारा दिमाग लगातार सक्रिय रहता है, जिससे सोने में दिक्कत होती है। दरअसल तनाव की वजह से रात में भी कॉर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ा रह सकता है, जिससे नींद नहीं आती है और अगर आती भी है तो नींद की गुणवत्ता खराब होती है। पर्याप्त नींद न मिलने से शरीर और दिमाग दोनों थके रहते हैं, जिससे और भी कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

### इम्यून सिस्टम का कमजोर होना

लंबे समय तक तनाव में रहने से इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाती है। मानसिक तनाव की वजह से शरीर में बन रहा है कॉर्टिसोल हार्मोन संक्रमण से लड़ने की क्षमता को कम कर सकता है, जिससे आप आसानी से बीमार पड़ सकते हैं। कई बार अधिक तनाव लेने से इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिसकी वजह से हमें बार-बार सर्दी-जुकाम या वायरल इंफेक्शन जैसी बीमारियां हो सकती हैं।


# इन आदतों की वजह से पुरुषों में बढ़ता है प्रोस्टेट कैंसर का खतरा, बरतें ये सावधानियां

प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों में सबसे तेजी से बढ़ने वाले कैंसर में से एक है। यह प्रोस्टेट ग्रंथि में शुरू होता है, जो मूत्राशय के नीचे स्थित होती है और शुक्राणु द्रव का उत्पादन करती है। इस बीमारी के पीछे कई कारण हो सकते हैं, इन्हीं में से एक बड़ा कारण हमारी रोजमर्रा की कुछ गलत आदतें भी होती हैं, जिससे प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

अक्सर कुछ लोग इन जोखिमों को अनदेखा कर देते हैं, जिससे इस गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि समय रहते इन आदतों में सुधार करके और कुछ जरूरी सावधानियां बरतकर इस कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यह समझना बेहद जरूरी है कि कुछ सरल बदलावों को अपनाकर ही इस बीमारी के खतरे को नियंत्रित किया जा सकता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं कि दिनचर्या के किन गलत आदतों की वजह से पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बढ़ता है।

### अनहेल्दी खान-पान

ज्यादातर पुरुष फैट और लाल मांस से भरपूर आहार लेते हैं,



जबकि फल, सब्जियां और फाइबर युक्त भोजन को नजरअंदाज कर देते हैं। इस तरह का अनहेल्दी खान-पान प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बढ़ाता है। इसके बजाय, टमाटर, ब्रोकोली, गोभी और सोया उत्पादों का सेवन बढ़ाना चाहिए। इनमें लाइकोपीन और अन्य एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो प्रोस्टेट को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

### शारीरिक निष्क्रियता और मोटापा

आजकल की सेडेंटरी लाइफस्टाइल यानी शारीरिक निष्क्रियता मोटापे का कारण बनती है, जो प्रोस्टेट कैंसर के जोखिम को सीधे तौर पर बढ़ाती है। नियमित व्यायाम, जैसे तेज चलना, जॉगिंग या योग, न केवल वजन को नियंत्रित रखता है, बल्कि शरीर में सूजन को भी कम करता है, जिससे



कैंसर का खतरा घटता है। हर दिन कम से कम 30 मिनट का व्यायाम जरूर करें।

### धूम्रपान और शराब का सेवन

धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन शरीर में सूजन और कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे प्रोस्टेट कैंसर सहित कई प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इन हानिकारक आदतों को तुरंत छोड़ देना चाहिए। धूम्रपान करने वालों में इस कैंसर का खतरा न करने वालों की तुलना में अधिक पाया गया है।

### नियमित जांच की अनदेखी

40 की उम्र के बाद, खासकर अगर परिवार में कैंसर का इतिहास रहा हो, तो नियमित जांच करवाना बेहद जरूरी है। प्रोस्टेट-विशिष्ट एंटीजन (पीएसए) टेस्ट और डिजिटल रेक्टल एग्जाम (डीआरई) जैसी जांचें प्रोस्टेट कैंसर का शुरुआती चरण में पता लगाने में मदद करती हैं, समय पर इस बीमारी का पता लगने पर प्रोस्टेट कैंसर का प्रभावी इलाज किया जा सकता है, जिससे रोग-मुक्त होने की संभावना काफी बढ़ जाती है।



# चीन के कदम से भारत के उद्योगों को राहत



नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। चीन ने भारत को रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्यात पर लगी रोक हटा दी है। इससे भारत के कई उद्योगों को राहत मिलेगी। खासकर ऑटोमोबाइल, रिन्यूएबल एनर्जी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस, एयरोस्पेस और हेल्थकेयर सेक्टर को फायदा होगा। भारत ने भी रेयर अर्थ सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के लिए ठोस रणनीति बनाई है लेकिन उसके लिए चीन की बराबरी करना आसान नहीं होगा। ये सबसे शक्तिशाली परमानेंट मैग्नेट होते हैं। इनकी चुम्बकीय शक्ति बहुत ज्यादा होती है और ये जल्दी खराब नहीं होते। इसलिए इनका इस्तेमाल कई चीजों में होता है। खासकर उन चीजों में जहां वजन और जगह कम रखनी होती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार ये मैग्नेट नियोडिमियम, प्रेजोडिमियम और डिस्प्रोसियम जैसे रेयर अर्थ एलिमेंट्स से बनते हैं। ये मैटेरियल मैग्नेट को बहुत शक्तिशाली बनाते हैं। इसलिए इनका इस्तेमाल छोटे और ऊर्जा बचाने वाले उपकरणों में होता है। ये मैग्नेट आमतौर पर रेयर अर्थ एलिमेंट्स से बने अलॉय से बनते हैं। सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला रेयर अर्थ मैग्नेट नियोडिमियम-आयरन-बोरॉन मैग्नेट है। अनुमान है कि दुनिया में रेयर अर्थ मेटल्स के माइनिंग का लगभग 70% चीन में होता है। दुनिया के लगभग 90% रेयर अर्थ मैग्नेट चीन में बनते हैं। पिछले 6-8 साल में रेयर अर्थ मैग्नेट का इस्तेमाल बहुत बढ़ गया है। इसकी वजह यह है कि ये छोटे होते हैं, हल्के होते हैं, बहुत प्रभावी होते हैं और सामान्य मैग्नेट के मुकाबले ज्यादा गर्मी सह सकते हैं। चीन के रेयर अर्थ मैगनेट इंडस्ट्री में दबदबे का सबसे बड़ा कारण यह है कि उसका पूरी सप्लाई चेन पर कंट्रोल है। इसमें शामिल हैं: रेयर अर्थ ओर्स का माइनिंग, रेयर अर्थ एलिमेंट्स को अलग करना और रिफाइन करना (यह एक मुश्किल और पर्यावरण के लिए हानिकारक प्रोसेस है) और अलॉय का प्रोडक्शन और मैग्नेट की मैन्युफैक्चरिंग। भारतीय ऑटो इंडस्ट्री में 2025-26 में लगभग 870 टन रेयर अर्थ मैग्नेट इम्पोर्ट करने की जरूरत होगी। देश की अनुमानित कुल जरूरत 3,600 टन है।

# शादियों के लिए अब रिसॉर्ट्स और विला चाहें लोग

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। कोरोना काल के बाद होटल इंडस्ट्री का कारोबार खूब बढ़ रहा है। इस सेक्टर की दिन-दूनी रात-चौगुनी तरक्की हो रही है। लोगों को दो-तीन दिन की छुट्टी मिलती है तो टूरिस्ट डेस्टिनेशंस पर पहुंच जाते हैं। लेकिन इस साल के अंत में आप छुट्टी मनाने की सोच रहे हैं तो एक बार फिर से विचार कीजिए। क्योंकि हो सकता है कि आपको भारत में कुछ लोकप्रिय जगहों पर आपको कई होटलों और विला में कमरे शायद न मिलें। क्योंकि इस साल शादियों का सीजन बहुत अच्छा रहने वाला है और



वहां की बुकिंग लगभग फुल हो चुकी है। जिम कॉर्बेट, गोवा और पहाड़ सबसे आगे हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में करीब दो दशक बिताने वाले इक्को होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के फाउंडर एंड सीईओ परकिन रोचा का कहना है कि लोगों की पसंद अलग-अलग है। कुछ लोग लग्जरी पसंद करते हैं तो कुछ लोग आम रिसॉर्ट्स की भी बुकिंग करा रहे हैं। वह बताते हैं कि बिग फैट वेडिंग की पहली पसंद तो राजस्थान के लग्जरी होटल हैं। लेकिन उसके अलावा, जिम कॉर्बेट, गोवा और हिमालयी राज्यों के रिसॉर्ट्स को भी पसंद कर रहे हैं।

# त्योहारों के बीच कंपनियों को सता रहा है बिक्री घटने का डर

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। पैसेंजर गाड़ियां, टीवी और दूसरे कंस्यूमर प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियां इस बात को लेकर परेशान है कि अगले दो महीनों में ग्राहक खरीदारी रोक सकते हैं। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि लोग प्रस्तावित जीएसटी कटौती के लागू होने का इंतजार करेंगे। ET के मुताबिक, कंपनियों से जुड़े लोगों का कहना है कि इससे इस साल गणेश चतुर्थी, ओणम और दुर्गा पूजा जैसे बड़े त्योहारों के दौरान बिक्री पर बुरा असर पड़ सकता है। प्रस्तावित कटौती दिवाली के आसपास ही लागू होने की उम्मीद है। ब्लू स्टार के MD बी. त्यागराजन ने कहा कि जब तक जरूरी न हो ग्राहक नए रेट का इंतजार करेंगे। उन्होंने कहा कि अब डीलर्स स्टॉक बढ़ाने से हिचक रहे हैं। त्यागराजन ने कहा, अगर नए रेट्स 1 सितंबर से लागू हो गए होते, तो त्योहारों की शुरुआती बिक्री बहुत अच्छी रहती।

**क्या है डर की वजह?**

एक ऑटोमोबाइल कंपनी के एक सीनियर एग्जीक्यूटिव ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इंडस्ट्री को भले ही आखिरी टैक्स रेट के बारे में पता नहीं है, लेकिन मार्केट में तेज अटकलें हैं। इसकी वजह से लोग खरीदारी टाल सकते हैं। इससे डीलर्स के पास आने वाले ग्राहकों पास वाले की संख्या पर असर पड़ेगा। कई ग्राहकों ने रेट कट की उम्मीद में अपने फैसले टाल दिए हैं। जीएसटी रेट में बदलाव लागू होने के बीच के समय में बिक्री पर असर पड़ेगा। हालांकि, उन्हें दिवाली के दौरान मांग में तेज उछाल की उम्मीद है। कंपनी ने बड़े स्क्रीन वाले टीवी के लिए अपने बिजनेस प्लान की समीक्षा शुरू कर दी है। कंपनी को बिक्री में इजाफे की उम्मीद है। ऑटो इंडस्ट्री के एक सीनियर एग्जीक्यूटिव ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि रेट कट एक अच्छी पहल है, लेकिन इसकी टाइमिंग एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि मार्केट पहले से ही सुस्त है।

# ट्रंप के टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था पर असर



**छोटे बिजनेस बचाने के लिए उदय कोटक ने मांगी सरकार से मदद**

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। देश के सबसे अमीर बैंकर उदय कोटक ने सरकार से छोटे उद्योगों की मदद करने को कहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से छोटे और मझोले उद्योगों को और ज्यादा वित्तीय सहायता देने की बात कही है। कोटक ने कहा कि ट्रंप प्रशासन के टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था को बुरा असर पड़ सकता है। देश के तीसरे बड़े प्राइवेट बैंक कोटक महिंद्रा बैंक के मालिक उदय कोटक ने इंटरव्यू में कहा कि ट्रंप के टैरिफ से भारत की आर्थिक कमजोरी सामने आई है। इससे भारतीयों की नींद खुल गई है। उन्होंने कहा, हमें इसे एक मौके की तरह देखना चाहिए। हमें अपनी आरामदायक स्थिति से बाहर निकलना होगा और यह सोचना होगा कि हम खतरे में हैं। अमेरिका ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इसमें 25 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ है जो लागू हो चुका है। साथ ही रूस से तेल खरीदने पर 25% का अतिरिक्त टैरिफ लगाया है जो 27 अगस्त से लागू होगा। कोटक ने कहा कि भारत सरकार को मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च और टेक्नोलॉजी सेक्टर में छोटे बिजनेसेज को सीधी वित्तीय मदद देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बार जब सरकार पूंजी देगी, तो प्राइवेट इक्विटी, उद्यमियों की इक्विटी और रिस्क कैपिटल भी आएगी।

**तत्काल बदलाव की जरूरत**

कोटक ने कहा, ट्रंप के टैरिफ की अनिश्चितता ने भारत को बदलने की तत्काल आवश्यकता पैदा कर दी है। यह एक बड़ा मौका है। उन्होंने कहा कि भारत की मैक्रोइकॉनमिक नींव मजबूत है, हमारा राजकोषीय घाटा नियंत्रण में है, हमारा चालू खाता नियंत्रण में है और हमारे पास मैक्रोइकॉनमिक स्थिरता है। उन्होंने निर्माताओं और इंडस्ट्री लीडर्स से इस मौके का इस्तेमाल दक्षता बढ़ाने, क्वालिटी सुधारने और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त ब्रांड बनाने के अवसर के रूप में करने का आग्रह किया। उन्होंने मैन्युफैक्चरिंग के महत्व पर जोर दिया लेकिन सिर्फ घरेलू बाजारों पर ध्यान केंद्रित करने के खिलाफ चेतावनी दी। कोटक ने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी $2,700 है जो चीन के $13,300 और अमेरिका के लगभग $89,000 से बहुत कम है। इसलिए यथास्थिति बनाए रखना सही नहीं है। भारत को अब तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है, ताकि हम विकसित देशों की बराबरी कर सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का टारगेट रखा है।

# दवा सेक्टर में सबसे बड़ी डील करेगी अरबिंदो फार्मा!

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की दवा कंपनी अरबिंदो फार्मा चेक गणराज्य की जेनेरिक दवा बनाने वाली कंपनी जेनटिवा को खरीदने की दौड़ में सबसे आगे है। यह सौदा 5 से 5.5 बिलियन डॉलर (लगभग 43,500 से 47,900 करोड़ रुपये) में हो सकता है। अगर अरबिंदो फार्मा यह डील करने में सफल होती है, तो यह भारत की किसी भी दवा कंपनी द्वारा किया गया अब तक का सबसे बड़ा अधिग्रहण होगा।

साल 2014 में दाइजी सेंक्यो ने रैनबैक्सी में हिस्सेदारी खरीदने के 3.2 बिलियन डॉलर की डील की थी जबकि बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने विटारिस के बायोसिमिलर कारोबार को खरीदने के 3.3 बिलियन डॉलर खर्च किए गए थे। जेनटिवा को खरीदने की होड़ में अरबिंदो फार्मा का मुकाबला अमेरिका की प्राइवेट इक्विटी फर्म जीटीसीआर से है। दोनों कंपनियां इस सौदे को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत कर रही हैं। एडवांस इंटरनेशनल ने जेनटिवा को सात साल पहले खरीदा था। पिछले साल के अंत से कंपनी गोल्डमैन सेच्स और पजीटी पार्टनर जैसे सलाहकारों के साथ मिलकर जेनटिवा को बेचने के विकल्पों पर विचार कर रहा है।

कई वित्तीय निवेशकों और दवा कंपनियों से जेनटिवा को खरीदने के लिए संपर्क किया गया था।

# ट्रंप के इशारे पर भारत में छंटनी करने वाले लैरी एलिसन को तगड़ा झटका

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। दुनिया की बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनियों में से एक ओरेकल ने भारत में करीब 10% कर्मचारियों को निकाल दिया है। कंपनी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के बाद यह फैसला किया। इसकी टाइमिंग को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। माना रहा है कि ट्रंप के इशारे पर ही कंपनी ने यह हरकत की है। इस बीच मंगलवार को कंपनी के शेयरों में करीब 6% गिरावट आई। इससे कंपनी के फाउंडर और पूर्व सीईओ लैरी एलिसन को 15 अरब डॉलर की चपत लगी। एलिसन की ओरेकल में 40 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक एलिसन की नेटवर्थ अब 286 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 94.4 अरब



डॉलर की तेजी आई है। एलिसन ने करीब 37 साल तक ओरेकल की कमान संभालने के बाद सितंबर 2014 में सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया था। अब वह कंपनी के चेयरमैन और चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर हैं। पिछले साल ओरेकल के भारत में 28,824 कर्मचारी थे। कंपनी के बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई, पुणे, नोएडा और कोलकाता में ऑफिस हैं। टेस्ला और स्पेसएक्स समेत कई कंपनियों को चला रहे एलन मस्क 300 अरब डॉलर क्लब में अब अकेले रह गए हैं। वह 371 अरब डॉलर के साथ दुनिया के सबसे अमीर शख्स हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 61.4 अरब डॉलर की गिरावट आई है। मंगलवार को दुनिया को टॉप 10 रईसों की नेटवर्थ में गिरावट आई। केवल फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट और वॉरेन बफे फायदे में रहे। इस लिस्ट में फेसबुक के मार्क जकरबर्ग ($264 अरब) तीसरे, जेफ बेजोस ($249 अरब) चौथे, लैरी पेज ($180 अरब) पांचवें, स्टीव बालमर ($175 अरब) छठे, सर्गेई ब्रिन ($169 अरब) सातवें, अरनॉल्ट ($161 अरब) आठवें, जेंसन हुआंग ($153 अरब)नौवें, और वॉरेन बफे (($146 अरब) दसवें नंबर पर हैं। इस बीच घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। इससे मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की नेटवर्थ में तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 3.03 अरब डॉलर की तेजी आई और वह फिर से 100 अरब डॉलर के क्लब में शामिल हो गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 12 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर पहुंच गए हैं। अडानी की नेटवर्थ 2.32 अरब डॉलर बढ़कर 79.6 अरब डॉलर पहुंच गई। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें नंबर पर हैं।


# सेंसेक्स 213 अंक चढ़कर 81,858 पर बंद

## निफ्टी 25,050 के पार पहुंचा; एनएसई के आईटी और एफएमसीजी इंडेक्स सबसे ज्यादा 2.7% तक चढ़े

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार (20 अगस्त) को सेंसेक्स 213 अंक चढ़कर 81,858 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 70 अंक की तेजी रही, ये 25,051 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 शेयर्स चढ़कर बंद हुए। इंफोसिस, TCS, HUL और NTPC के शेयरों में 4% तक की तेजी रही। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बजाज फाइनेंस और टाटा मोटर्स के शेयरों में 2% तक गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 में तेजी और 22 में गिरावट रही। एनएसई के IT इंडेक्स में 2.69%, FMCG में 1.39% और रियल्टी में 1.06% की तेजी रही। मीडिया, बैंकिंग और हेल्थकेयर इंडेक्स में गिरावट रही। रीगल रिसोर्सेस के शेयर 39% ऊपर लिस्ट कॉर्न मिलिंग कंपनी रीगल रिसोर्सेस के शेयर की बाजार में बेहतर एंट्री हुई है। ये अपने इश्यू प्राइस से 38% ऊपर 141 रुपए पर लिस्ट हुआ। कंपनी के इस इश्यू का प्राइस बैंड 96 - 102 था। इस इश्यू के जरिए कंपनी 1,456.62 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है रिगल रिसोर्सेस का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर अपने इश्यू से 38.24% ऊपर 141 रुपए पर लिस्ट हुआ। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी BSE पर ये 39% ऊपर 141.80 रुपए पर लिस्ट हुआ। अभी (11:00 AM) इसमें थोड़ी गिरावट है, ये , 33% ऊपर 135 रुपए पर कारोबार कर रहा है।शेयर बाजार में अभी 5 IPO में निवेश का मौका है। ये कंपनियां 3,585 करोड़ रुपए जुटाना चाह रही है। इनमें से 4 IPO कल यानी 19 अगस्त से ओपन हैं। इसके लिए निवेशक 21 अगस्त तक बोली लगा सकेंगे।

# चांदी 2,400 गिरकर 1.11 लाख किलो पर आई

## सोना 365 कम होकर 98,803 प्रति 10 ग्राम पर आया, कैरेट के हिसाब से देखें कीमत



नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 20 अगस्त को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 365 रुपए गिरकर 98,803 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,168 रुपए पर था। चांदी की कीमत आज 2,400 रुपए कम होकर 1,11,225 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,625 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,641 रुपए बढ़कर 98,803 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 25,208 रुपए बढ़कर 1,11,225 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
सूर्योदय 06-03 सूर्यास्त 18-35

| ग्रह स्थिति | | लग्न समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह | सिंह | 05-46 बजे |
| चन्द्र | कर्क | कन्या | 07-53 बजे |
| मंगल | कन्या | तुला | 09-58 बजे |
| बुध | कर्क | वृश्चिक | 12-08 बजे |
| गुरु | मिथुन | धनु | 14-21 बजे |
| शुक्र | कर्क | मकर | 16-28 बजे |
| शनि | मीन | कुंभ | 18-18 बजे |
| राहु | कुंभ | मीन | 19-56 बजे |
| केतु | सिंह | मेष | 21-33 बजे |
| | | वृष | 23-21 बजे |
| | | मिथुन | 01-21 बजे |
| | | कर्क | 03-34 बजे |

दिशाशूल- दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- त्रयोदशी 12-45 तक उपरान्त चतुर्दशी
मास- भाद्रपद कृष्ण , गुरुवार 21 August
नक्षत्र- पुष्य 00-08 तक उपरान्त आश्लेषा
योग - व्यतिपात 16-13 तक वरियान
करण- वणिज 12-45 तक उप विष्टी (भद्रा)
विशेष- मास शिवरात्रि
व्रत -त्योहार सर्वार्थसिद्ध गुरु पुष्य योग

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 13-53 से 15-28 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 06-03 - 07-36 | शुभ | अमृत | 18-35 - 20-02 | शुभ |
| रोग | 07-36 - 09-10 | अशुभ | चंचल | 20-02 - 21-28 | शुभ |
| उत्पात | 09-10 - 10-45 | अशुभ | रोग | 21-28 - 22-54 | अशुभ |
| चंचल | 10-45 - 12-19 | शुभ | काल | 22-54 - 00-19 | अशुभ |
| लाभ | 12-19 - 13-53 | शुभ | लाभ | 00-19 - 01-45 | शुभ |
| अमृत | 13-53 - 15-28 | शुभ | उत्पात | 01-45 - 03-10 | अशुभ |
| काल | 15-28 - 17-02 | अशुभ | शुभ. | 03-10 - 04-36 | शुभ |
| शुभ | 17-02 - 18-35 | शुभ | अमृत | 04-36 - 06-03 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आज का दिन घटनाओं से भरा रहेगा ,स्थितियां आपके सामने किसी पुरानी अवांछित बात को फिर से लाकर खड़ी कर सकती हैं,जिससे आप बचना चाहते थे । आपको इस समस्या से निपटने के लिए सहनशील नजरिये से सोचना होगा क्योंकि आज आप बिना पर्याप्त कारण अपने आप सहित हर किसी पर सख्त रहें हैं ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आज आपको यह अनुभव करने की जरुरत है कि अतीत से चिपके रहने से आपको कोई लाभ होने वाला नहीं है । आपको अपने अतीत से सीखना जरुर है ,परन्तु उसे पकड़े रहने से बात नही बनेगी । अगर आप आज यह समझ पाने में कामयाब हो जाते हैं तो पिछले कुछ समय से आपके जीवन में चली आ रही बड़ी समस्याओं को सुलझाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम होगा ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आज आप थोड़े से अभिमान में रहेंगे और उसी के प्रभाव में रहकर सोचेंगे और काम करेंगे । इसी के कारण आप किसी बड़े अधिकारी से बात करते हुए आँखें नही मिला पायेंगे । यह अच्छा होगा या बुरा,यह आज आपको सोचना है ,हमारी सलाह यह है की आज अपने दिमाग की सुनें । व्यवहार कुशलता का परिचय दें ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आज आपसे अत्यधिक काम की अपेक्षा की जायेगी ,आप कुछ भी किस्मत के भरोसे या कोई छोटा सा भी काम किसी और के भरोसे नही छोड़ सकते । हालाँकि दिन के अंत में कोई बहुत अच्छी खबर मिलेगी जो आपके प्रयासों की सफलता से सम्बंधित होगी। आज अपने दिल और ऊर्जा के स्तर का ध्यान रखें।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आज आप किसी बड़े सम्मेलन या सेमिनार की मेजबानी कर सकते हैं लेकिन आपके मनचाहे समय पर स्थान की उपलब्धता के कारण हुई हल्की सी ग़लतफ़हमी से आपको शर्मिंदगी महसूस होगी और आपको कार्यक्रम रद्द करना पड़ सकता है । आपको ऐसे समय में शांति बनाये रखनी होगी और सकारात्मक कोशिशें करते रहनी होंगी ।

**कन्य** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आप सच्चे और ईमानदार लोगों से मिलना पसंद करते हैं । लेकिन आज आपकी मुलाक़ात उनसे होगी जो मुखौटे लगाये रखते हैं । उन्हें पहचानने की कोशिश करें । आपसे जल्दी फैसले लेना समय की मांग रहेगी । किसी भी फैसले को अंतिम रूप देने से पहले अच्छी तरह सोच लें और फैसले लेने तक कोई भी अन्य काम न करें ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आज आपका विशेष ध्यान दोस्तों पर रहेगा । किसी पुराने दोस्त से या तो आप मिलेंगे या उनमे से कोई आपसे मिलने आज अचानक चला आएगा । आज अपनी किसी एक या अधिक दोस्तों की परेशानी में मदद भी करने वाले हैं । दूसरी ओर,एक दोस्त आपके ऊपर अपना गुस्सा भी निकल सकता है लेकिन बुरा ना मानें।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आपकी भीतरी शक्ति आपको एक साथ कई स्तरों पर सोचने की क्षमता देगी । आप किसी भी मुद्दे की तह तक जा पायेंगे । अपने दोस्तों –साथियों का भी सही मूल्याकन कर पायेगे । जहाँ तर्कशक्ति से बात ना बने,अपने मन की आवाज सुनें । अपनी छिपी क्षमता को बाहर लाने का यह उत्तम समय है |विवादों से बचें,वे बाद में समस्या पैदा कर सकते हैं।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आज आपका मूड बदलता रहेगा । आप खुद भी यह नही समझ पायेंगे कि आप ऐसा क्यों महसूस कर रहे हैं और इस स्थिति को कैसे बदलें ? आपके इस प्रकार के व्यवहार से दुसरे भी उलझन में रहेंगे । फिर भी,किसी भी स्थिति में इमानदार बनें रहें क्योंकि इसी से आपको अपने लक्ष्य पूरे करने में मदद मिलेगी । आज सब चीजों को हल्के में लें और खुद को बस निरीक्षक की भूमिका तक सीमित रखें ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आज आप बहुत सृजनात्मक अनुभव करेंगे । खूबसूरती की प्रशंसा के साथ साथ खुद भी कुछ खूबसरत चीज बनाना चाहेंगे । दिन कलाकारों के लिए विशेष अच्छा है । हालाँकि ,आज शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लें । क्योंकि अचानक आप विकर्षित सा अनुभव करने लगेंगे ,यह भावना काफी सामान्य है।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आज पैसे को संभलकर खर्च करें । सितारों के अनुसार आज आप बिना किसी बात के काफी खर्च कर सकते हैं । अगर आप ध्यान नही देंगे तो काफी बड़ी रकम आज आपसे खर्च हो सकती है । आज विवादो और टकराव से बचना ही बेहतर होगा । स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई परेशानी नही होगी और आप बाहर घुमने का आनंद ले सकते हैं ।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
आप अपने दोस्त की गलती की जिम्मेदारी खुद लेने पर तुले हुए हैं ,लेकिन इसके नतीजों के बारे में भी सोच लें । किसी कानूनी पचड़े में भी पड़ सकते हैं । कोई ऐसी घटना होगी जो आपको कभी न भूलने वाला सबक देगी । कुछ अलग दिखें,कपड़े या अपना बाल बनाने का तरीका बदल लें ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

## साय-मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा लखनलाल आबकारी मंत्री बने

### गजेंद्र शिक्षा, पर्यटन-संस्कृति राजेश, रोजगार खुशवंत संभालेंगे


खुशवंत साहेब, राजेश अग्रवाल, विष्णु देव साय, गजेंद्र यादव

रायपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में साय मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद मंत्रियों में विभाग का बंटवारा कर दिया गया है।

लखनलाल देवांगन को आबकारी मंत्री बनाया गया है। इससे पहले यह विभाग सीएम साय के पास था। वहीं तीन नए मंत्रियों में गजेंद्र यादव को स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग दिया गया है।

राजेश अग्रवाल पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग संभालेंगे। वहीं खुशवंत साहेब को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास सौंपा गया है।

बता दें कि साय कैबिनेट में तीन विधायक राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव ने मंत्री पद की शपथ ली है। राजभवन में राज्यपाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले तीन मंत्रियों में से राजेश अग्रवाल और खुशवंत साहेब पूर्व कांग्रेसी रह चुके हैं।

## बैज बोले- आरएसएस और सौदेबाजी से मंत्री बने

### कहा–सीएम की पसंद का कोई नहीं, भूपेश बोले–14 मंत्री बनाना असंवैधानिक, केंद्र से अनुमति कब मिली

रायपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में बुधवार को साय कैबिनेट में 3 विधायक राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव ने मंत्री पद की शपथ ली है। इसे लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज कहा कि मुख्यमंत्री की पसंद को दरकिनार किया गया। तीनों मंत्रियों की नियुक्ति बाहरी दबाव और सौदेबाजी से हुई है।

दीपक बैज ने कहा कि, एक अडाणी की पसंद से, दूसरा संघ के दबाव में और तीसरा विधानसभा चुनाव के समय हुई सौदेबाजी के कारण मंत्री बने हैं। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री की पसंद का कोई भी मंत्री नहीं बना है।

इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंत्रियों की संख्या 13 से बढ़ाकर 14 करने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा है कि क्या केंद्र से 13 से 14 मंत्री करने की अनुमति मिल गई है। अगर अनुमति है तो यह अच्छी बात है, लेकिन अनुमति नहीं है तो





14 लोगों का मंत्रिमंडल असंवैधानिक है।

भूपेश ने आगे कहा कि मंत्रिपरिषद में 15 प्रतिशत सदस्य के नियम की वजह से 13 मंत्री ही बनाए जा सकते थे।

कांग्रेस सरकार में 14 मंत्री बनाए जाने की मांग की गई थी। 28 दिसंबर 2018 में केंद्र को पत्र लिखकर अनुमति मांगी गई थी। विधानसभा में पारित होने के बावजूद केंद्र ने अनुमति नहीं दी थी। भूपेश ने आगे कहा कि सारे वरिष्ठ नेता एक लाइन से खारिज कर दिए गए हैं। लता उसेंडी, विक्रम उसेंडी, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, रेणुका सिंह जैसे नेताओं को दरकिनार कर दिया गया। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में अब तक मुख्यमंत्री समेत 13 मंत्रियों की परंपरा रही है। इस बार परंपरा तोड़ते हुए 14 मंत्री बनाए गए, लेकिन फिर भी आधा दर्जन से ज्यादा विधायक मंत्री नहीं बन पाए। भाजपा सरकार ने वरिष्ठता, अनुभव और सक्रियता को दरकिनार कर दिया है।

बैज ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी में नेताओं की घोर उपेक्षा हुई है। शपथ ग्रहण के बाद सरकार और भाजपा में अंतर्कलह बढ़ने वाली है। साथ ही सरकार की उल्टी गिनती आज से शुरू हो चुकी है। कहीं ऐसा ना हो जाए कि सरकार अपना कार्यकाल पूरा भी ना कर पाए। सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।

दीपक बैज ने कहा कि, आज 3 मंत्रियों का शपथ ग्रहण था। विधायक दल की ओर से सभी विधायकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अजय चंद्राकर कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। धरमलाल कौशिक प्रदेश से बाहर चले गए। यही भाजपा की अंदरूनी कलह का सबूत है।

## नक्सलियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई

### पारसनाथ की तराई से 300 मीटर कोडेक्स वायर और विस्फोटक रसायन बरामद



गिरिडीह, 20 अगस्त (एजेंसियां)। गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ 154वीं बटालियन ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पारसनाथ की तराई से संयुक्त टीम ने छापेमारी कर 300 मीटर कोडेक्स वायर और 13 लीटर विस्फोटक केमिकल लिक्विड बरामद किया है। गिरिडीह एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया कि उन्हें और सीआरपीएफ 154 बटालियन के कमांडेंट सुनील दत्त त्रिपाठी को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, नक्सली पारस के जंगल में किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। सूचना के आधार पर सीआरपीएफ के द्वितीय कमान पदाधिकारी ओम प्रकाश सिंह, एएसपी अभियान सुरजीत कुमार और सहायक कमांडेंट सी.एच तोम्बा के नेतृत्व में टीम बनाई गई। खुखरा थाना पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम भी अभियान में शामिल हुई। टीम ने खुखरा थाना क्षेत्र के पारसनाथ पहाड़ी के जोकाईनाला/चतरो कानाडीह के पास छापेमारी की।

यहां से नक्सलियों द्वारा जमीन में छिपाए गए विस्फोटक को बरामद किया गया।

## बाप-बेटों ने मिलकर लोगों से 50 करोड़ ठगे

### शेयर मार्केट में 10% मुनाफे का झांसा, बिलासपुर और कवर्धा में जमीन और कारें खरीदीं

कबीरधाम, 20 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की कवर्धा पुलिस ने मंगलवार को शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने वाले 3 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बाप-बेटे हैं। इन्होंने निवेशकों को हर महीने 10 प्रतिशत मुनाफे और एक साल बाद मूलधन लौटाने का लालच देकर प्रदेश भर में 50 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की है। मामला कवर्धा थाना क्षेत्र का है। दरअसल, 30 अक्टूबर 2024 को शिव सोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि, डीवाईपीडीएफयूआरवे ब्रदर्स कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड निवेश किंग कंपनी के संचालकों ने उसे धोखाधड़ी का शिकार बनाया। शिकायत पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 34 के तहत केस दर्ज कर मामले की



जांच शुरू की। 19 अगस्त 2025 को पुलिस ने धर्मेश धुर्वे (35), यतीन्द्र धुर्वे (29) और नारायण प्रसाद धुर्वे (56) को गिरफ्तार किया। अब तक की जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों ने केवल कवर्धा जिले में ही 1 करोड़ 39 लाख और बाकी जिलों में 50 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की है। जांच में खुलासा हुआ कि, आरोपियों ने इस रकम से बिलासपुर में 57 लाख और कवर्धा में 1 करोड़ 10 लाख की जमीन खरीदी है। इसके अलावा 2 गाड़ियां भी खरीदी है। फिलहाल, पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस मामले में डीएसपी कृष्णा चंद्राकर ने बताया कि, लगातार कई दिनों तक दस्तावेजों की जांच, तकनीकी विश्लेषण और कई जिलों में दबिश के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## पलामू टाइगर रिजर्व में शिकारी गिरोह का भंडाफोड़

### 9 शिकारी गिरफ्तार, 13 फरार, बाघ समेत कई वन्यजीवों का करते थे शिकार

लातेहार, 20 अगस्त (एजेंसियां)। लातेहार में वन विभाग की टीम ने बुधवार को पलामू टाइगर रिजर्व में बड़ी कामयाबी हासिल की। टीम ने वर्षों से सक्रिय शिकारी गिरोह का पर्दाफाश किया है।

दो दिन की कार्रवाई में 9 शिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में नावागढ़ से सरफुद्दीन मियां, कारवाई से हरिचरण सिंह व अजित सिंह, कुई से तपेश्वर सिंह, रामसुंदर तुरी, झमन सिंह व कईल भुइयां तथा जुरुहार से रमन सिंह और पारसनाथ सिंह शामिल हैं। वन विभाग ने आरोपियों से 8 भरठुवा बंदूक, 400 ग्राम बारूद और 14 ग्राम गंधक बरामद किया है।

इसके अलावा एक टाइगर ट्रैप, 15 फीट लंबे 2 फंदे, 5 शीशा व लोहे के टुकड़े, एक फरसा और वन्यजीवों की ट्रॉफी (हड्डी, खाल, दांत) भी जब्त की गई हैं। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष और प्रजेश कांत जेना के अनुसार, यह गिरोह बाघ, हिरण और जंगली सूअर का शिकार करता था। शिकार के बाद मांस, खाल और ट्रॉफी का कारोबार करता था। 18 अगस्त को पकड़े गए चार शिकारियों की निशानदेही पर 19 अगस्त को नावागढ़ से सरफुद्दीन मियां को बारूद-गंधक बेचते पकड़ा गया। 20 अगस्त की सुबह गारू थाना क्षेत्र के कुई गांव से तपेश्वर सिंह को गिरफ्तार किया गया। तपेश्वर ने 10 साल पहले गारू के चंदवा चट्टान में बाघ का शिकार करना कबूल किया है।

## 55 लाख के 29 इनामी नक्सली मुख्य धारा में लौटे

### नारायणपुर में 8 लाख का डॉक्टर–नक्सली समेत 8 ने किया सरेंडर, दंतेवाड़ा में 21 माओवादी आत्मसमर्पित




बस्तर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में बुधवार को 8 लाख के इनामी डॉक्टर सुखलाल सहित 8 नक्सली सरेंडर किया है। जिसमें 6 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा दंतेवाड़ा में भी 21 माओवादियों ने सरेंडर किया है। 21 में से 13 नक्सलियों पर कुल 25 लाख 50 हजार का इनाम घोषित था।

नारायणपुर में आत्मसमर्पण करने वाले आठ नक्सलियों पर कुल 30 लाख का इनाम घोषित था। सरेंडर करने वालों में प्रमुख रूप से इंद्रावती एरिया कमेटी और कुतुल एरिया में डीवीसीएम और नक्सलियों का डॉक्टर टीम कमांडर सुखलाल और कंपनी नंबर-1 का सदस्य हिमांशु शामिल है। दोनों लंबे समय से अबूझमाड़ के कुतुल इलाके में एक्टिव थे।

समर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को शासन की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। सभी को 50-50 हजार रुपए का चेक दिया गया है। एसपी रॉबिनसन गुड़िया ने कहा कि यह आत्मसमर्पण अबूझमाड़ में सक्रिय नक्सलियों के बीच बड़ा संदेश देगा और आने वाले दिनों में और भी माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति और विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे।

दंतेवाड़ा जिले में लोन वर्राटू और पूना मारगेम अभियान के तहत 21 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिसमें 8 लाख का इनामी नक्सली कंपनी 1 सदस्य केये उर्फ केशा लेकाम भी शामिल है।

## हजारीबाग में बड़ा रैकेट बेनकाब

### हाइवे किनारे के होटलों में पुलिस की छापेमारी, 26 लोग हिरासत में

हजारीबाग, 20 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के हजारीबाग जिले की पुलिस ने शहर में चल रहे देह व्यापार के बड़े रैकेट का खुलासा किया है। मंगलवार तक पुलिस की टीमों ने हाइवे किनारे स्थित छह होटलों पर छापेमारी कर 26 युवक-युवतियों को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा है। फिलहाल इन्हें हिरासत में लिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शहर के कुछ होटलों में लंबे समय से देह व्यापार का रैकेट चलाने की सूचना मिली थी। इस पर हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया। इसके बाद डीएसपी सदर मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में आठ विशेष टीमों का गठन किया गया। अलग-अलग पुलिस टीम ने विभिन्न होटलों में सुबह 10 बजे से एक साथ छापेमारी शुरू की, जो दोपहर 2 बजे तक चली।

सभी होटल रांची-पटना हाईवे और उसके आसपास स्थित हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कमरे की तलाशी ली और कई फोटो और वीडियो सबूत जुटाए। लगभग दो दर्जन युवक-युवतियों को हिरासत में लिया गया, जिनमें कुछ कॉलेज छात्राएं भी शामिल हैं।

पुलिस होटल संचालकों से पूछताछ कर उनके कनेक्शन और इस पूरे रैकेट के बारे में जानकारी जुटा रही है। हिरासत में लिए गए युवक-युवतियों से भी पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में इस बात के संकेत मिले हैं कि इस रैकेट के संचालन में शहर के कई हाई प्रोफाइल लोग लिप्त हैं। पुलिस साक्ष्य जुटाकर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। जिन होटलों में छापेमारी की गई है, उन्हें फिलहाल सील कर दिया गया है। एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि इस तरह की अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दीवार से लगाई छलांग, एक झपट्टा और दबोच लिया गला

### तेंदुए ने ऐसे किया कुत्ते का शिकार

कांकेर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक रोंगटे खड़े कर देने वाला वीडियो सामने आया है। यहां के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए की मूवमेंट से लोगों में दहशत है। किसान के घर घुसकर तेंदुए ने एक पालतू कुत्ते का शिकार किया है। तेंदुए के शिकार का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि तेंदुआ किस तरह से दीवार फांदकर आता है और कुत्ते का गला दबोच कर उसका शिकार कर रहा है।

इस घटना के बाद अब वन विभाग की टीम तेंदुए की निगरानी में जुटी है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ कई दिनों में घूम रहा है जिस कारण से ग्रामीण लोग दहशत में हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि देर रात तेंदुआ घर में घुसा। वहां सो रहे कुत्ते पर हमला कर दिया। तेंदुए ने डॉग का गला दबोच लिया। इस दौरान कुत्ता छटपटाता रहा। तेंदुए ने तब तक गला नहीं छोड़ा, जब तक कुत्ते ने दम नहीं





तोड़ दिया। तेंदुए से शिकार से आंगन में खून ही खून फैल गया। एक दिन पहले ही तेंदुए ने बीजेपी पार्षद के घर पिल्लों का शिकार किया था। यह घटना कांकेर जिले के जुनवानी गांव की है। जानकारी के मुताबिक, घटना सोमवार रात की है। किसान धर्मेश साहू के घर में एक तेंदुआ घुस गया। तेंदुआ घर की दीवार फांदकर अंदर घुसा था। वहां बाहर किसान का पालतू कुत्ता सो रहा था जिसका तेंदुआ ने शिकार किया है। सुबह परिवार को हुई जानकारी घटना की जानकारी किसान परिवार को सुबह लगी। सुबह जब परिवार उठा तो उनका कुत्ता गायब था और आंगन में खून फैला हुआ था। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक किया, तब जाकर उन्हें पता चला कि तेंदुए ने डॉग का शिकार किया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

घटना सामने आने के बाद तेंदुए की निगरानी के लिए वन विभाग की टीम एक्टिव हो गई है। वन मंडल अधिकारी रौनक गोयल ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर तेंदुए को रेस्क्यू कर दूसरे जगह छोड़ा जाएगा।

## सोनुआ में दो नाबालिग लड़कियों का अपहरण

चाईबासा, 20 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम सिंहभूम के सोनुआ थाना क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियों के अपहरण का मामला सामने आया है। बीती रात दोनों लड़कियां घर के पास शौच के लिए गई थीं। इसी दौरान बदमाशों ने उन्हें मैजिक वाहन में बैठाकर ले जाने लगे। बदमाशों ने दो वाहनों का इस्तेमाल किया। एक में लड़कियों को बैठाया गया, जबकि दूसरे में अपहरणकर्ता थे। रास्ते में जब वाहन की गति धीमी हुई, तो दोनों लड़कियों ने मौका देखकर गाड़ी से छलांग लगा दी। वे भागकर गोईलकेरा थाना क्षेत्र के गोटम्बा गांव पहुंचीं। वहां उन्होंने एक सहिया के घर में रातभर शरण लिया। सूचना मिलने पर सुबह स्थानीय मुखिया डॉ. दिनेश बोयपाई मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों लड़कियों को सोनुआ थाने पहुंचाया। पुलिस ने लड़कियों के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

## जाइलो कार से मिले 46 लाख रुपए

### छत्तीसगढ़ की है गाड़ी, सीट के नीचे रखी गई थी रकम, लावारिस अवस्था में मिली कार

पलामू, 20 अगस्त (एजेंसियां)। पलामू जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पांकी थाना पुलिस ने एक लावारिस जाइलो कार से 46.19 लाख रुपए बरामद किए हैं।



मंगलवार की रात 8:35 बजे एसपी रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली। सूचना में बताया गया कि एक संदिग्ध लाल रंग की जाइलो कार मेदिनीनगर से पांकी की तरफ आ रही है। थाना प्रभारी राजेश रंजन सशस्त्र बल के साथ गाड़ी की तलाश में निकले।

तेतराई बलियारी मोड़ पर छत्तीसगढ़ नंबर की लाल जाइलो कार खड़ी मिली। गाड़ी में कोई नहीं था। स्थानीय लोगों ने बताया कि गाड़ी काफी समय से वहां खड़ी है। पुलिस गाड़ी को टोचन कर थाने ले आई। अगले दिन बुधवार को पुलिस निरीक्षक पांकी अंचल की मौजूदगी में गाड़ी की तलाशी ली गई। बीच वाली सीट के नीचे एक झोला मिला। झोले में प्लास्टिक में लिपटी नोटों की गड्डियां थीं। नोट काउंटिंग मशीन से गिनती की गई। बरामद राशि में 500 के 8,976 नोट (44.88 लाख), 200 के 509 नोट (1.01 लाख) और 100 के 301 नोट (30,100 रुपए) शामिल हैं। गाड़ी की डिक्की से इंश्योरेंस और आरसी कार्ड भी मिले हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस इस इलाके में इतनी बड़ी रकम के साथ छत्तीसगढ़ के गाड़ी के आने का पता लगाने में जुटी है।

## बॉयफ्रेंड ने दोस्तों संग गर्लफ्रेंड से गैंगरेप कर मार-डाला

कोरबा, 20 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में राशन लेने गई महिला से गैंगरेप कर उसकी हत्या कर दी गई। वारदात के बाद लाश को बोरी में भरकर नाले में फेंक दिया। मंगलवार को पुलिस ने महिला के बॉयफ्रेंड और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। यह मामला कोरबी पुलिस चौकी क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक 35 साल की महिला का गांव के उमेंद्र प्रसाद बिंझिया (45) से अफेयर था। आरोपी ने महिला को घर छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठाया और जंगल ले गया। इसके बाद उसने अपने दोस्त संतराम उर्फ छोटू (28) और गुलाम सिंह के साथ मिलकर गैंगरेप किया।

जब महिला ने शिकायत की बात कही, तो आरोपियों ने गमछा से गला घोंटकर उसे मार डाला। इसके बाद लाश को बोरे में भरकर नाले में फेंक दिया। आरोपी की निशानदेही पर 24 दिन बाद पुलिस ने महिला का कंकाल बरामद किया है।

दरअसल, महिला 28 जुलाई को घर से राशन सामग्री लेने के लिए सोसाइटी निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी।

परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। 1 अगस्त को परिजन पुलिस चौकी पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

शुरुआती जांच में कुछ अहम सुराग नहीं मिले। जब महिला के आखिरी बार उमेंद्र के साथ देखे जाने की जानकारी जुटाई गई, तो मामला संदिग्ध लगा। जांच के दौरान गांव के रहने वाले उमेंद्र प्रसाद बिंझिया को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई। उसने अपराध कबूल कर लिया।

उमेंद्र ने बताया कि पीड़िता ने राशन का सामान घर तक पहुंचाने के लिए उससे संपर्क किया था। वह अपने दोस्त संतराम उर्फ छोटू के साथ महिला को लेने पहुंचा। दोनों महिला को गांव के पास वाले जंगल में ले गए, जहां तीसरा साथी गुलाब सिंह पहले से मौजूद था। तीनों ने मिलकर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस में करने की बात कही, तो आरोपियों ने गमछे से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को बोरी में भरकर नाले में फेंक दिया।

पुलिस ने उमेंद्र की निशानदेही पर घटनास्थल की तलाशी ली गई। शव पूरा तरह सड़-गल चुका था। कंकाल करीब 50 मीटर के क्षेत्र में फैला मिला।

## सीएस ने नहीं दिया शपथपत्र हाईकोर्ट ने जताई कड़ी नाराजगी

### हाईवे पर आवारा मवेशियों की समस्या

बिलासपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि, सड़कों पर मवेशियों की आवाजाही आमजन की जान के लिए बड़ा खतरा है। इस पर तत्काल ठोस कार्रवाई करना जरूरी है। हाईकोर्ट ने इस मामले में मुख्य सचिव के शपथपत्र प्रस्तुत नहीं करने पर कड़ी नाराजगी भी जाहिर की है। उन्हें अगली सुनवाई तक व्यक्तिगत शपथपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे की सड़कों पर आवारा मवेशियों की मौत और लगातार हो रहे हादसों को लेकर चल रही जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान डिवीजन बेंच ने कहा कि बिलासपुर का प्रवेश द्वार (एंट्रेंस) साफ-सुथरा और व्यवस्थित होना चाहिए, क्योंकि यह शहर की छवि से जुड़ा हुआ है। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि, पेंड्रीडीह बायपास पर ढाबों के सामने ट्रकों की अव्यवस्थित पार्किंग से न केवल व्यवस्था बिगड़ रही है, बल्कि, गंदगी भी फैल रही है। कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि, जिनको यह जमीन है, वे वहीं घर बनाकर रहें तब समझ आएगा। बिलासपुर में जो व्यक्ति प्रवेश करेगा, उस पर कैसा इंप्रेशन पड़ेगा, इसे समझिए।

## लापता नाबालिग की चार दिन बाद झाड़ी में मिली लाश

गिरिडीह, 20 अगस्त (एजेंसियां)। गिरिडीह में मंगलवार की देर रात एक नाबालिग लड़के का शव बरामद किया गया। वो 15 अगस्त से लापता था। घटना नगर थाना क्षेत्र के बरगंडा साईं मंदिर के पास की है। शव झाड़ियों के बीच फेंका मिला।

मृतक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पांडेयडीह निवासी 17 वर्षीय रोहित कुमार के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर व मुफ्फसिल थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस**

इधर, मृतक के भाई अमन कुमार के अनुसार, रोहित की प्रेमिका के परिजनों ने भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। फिर साजिश के तहत रोहित की हत्या कर दी। वहीं, पुलिस इस मामले में तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

रोहित के सिर पर लोहे की रॉड से वार करने के निशान मिले हैं। परिजनों के अनुसार, रोहित 15 अगस्त को अपने कुछ दोस्तों के साथ घूमने के लिए गया हुआ था, जिसके बाद वह अपने घर वापस नहीं लौटा था। इसके बाद परिजनों ने अपने स्तर से खोजबीन करने के बाद मुफ्फसिल थाना में रोहित की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था।

पुलिस अपने स्तर से रोहित की खोजबीन करने में जुटी हुई थी, इसी बीच मंगलवार रात रोहित का शव बरामद किया गया। इधर, इस मामले को लेकर रोहित के परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ साजिश के तहत हत्या कराने का आरोप लगाया है। रोहित की मां के अनुसार, गांव के कुछ लोगों के साथ पिछले छः माह पूर्व झगड़ा हुआ था।

इस दौरान उन लोगों ने घर में घुस कर मारपीट की थी और घर में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया था। इस मामले में थाना में बांड भी हुआ था, लेकिन इसके बाद फिर उन सभी लोगों ने मिलकर रोहित की हत्या कर दी।

**रोहित की प्रेमिका की हो चुकी थी शादी: भाई**

वहीं, मृतक के भाई अमन कुमार ने बताया कि उसके भाई रोहित का गांव की ही एक लड़की के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। छह माह पहले उस लड़की की शादी हो गई थी। शादी के बाद रोहित उसे भूल गया था, लेकिन लड़की के परिजन बार-बार रोहित को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। फिर साजिश के तहत रोहित की हत्या करवा दी।

# कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति को किया गया रिहा

## भ्रष्टाचार मामले में फैसला आने तक अदालत ने दी राहत

बोगोटा, 20 अगस्त (एजेंसियां)। कोलंबिया की अपील अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे को बड़ी राहत दी है। अदालत ने कहा है कि उरीबे को रिश्वतखोरी और गवाहों से छेड़छाड़ के मामले में अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देने तक रिहा किया जाना चाहिए। उरीबे को एक अगस्त को 12 वर्ष की नजरबंदी की सजा सुनाई गई थी। उन पर 1990 के दशक में दक्षिणपंथी अर्धसैनिक समूह से संबंध होने, गवाहों को धमकाने और उन्हें गुमराह करने का प्रयास करने का आरोप था।

उरीबे ने आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने सुपीरियर ट्रिब्यूनल में दोषसिद्धि के खिलाफ अपील की है। अदालत को इस मामले पर अपना अंतिम फैसला अक्टूबर के मध्य तक सुनाना है। ट्रिब्यूनल ने मंगलवार को कहा कि उसने उरीबे की बचाव टीम द्वारा दायर उस निषेधाज्ञा को मंजूरी दी है, जिसमें उन्हें नजरबंदी से रिहा करने की मांग की गई थी। उरीबे के वकीलों ने तर्क दिया कि उनके खिलाफ गिरफ्तारी के आदेश से उनके उचित प्रक्रिया के अधिकार का उल्लंघन हुआ है।



साथ ही निर्दोषता की धारणा के उनके अधिकार का भी उल्लंघन हुआ है।

पूर्व राष्ट्रपति उरीबे ने अमेरिका के मजबूत समर्थन से 2002 से 2010 तक शासन किया। कोलंबिया के लोग उन्हें 1990 के दशक में मानवाधिकारों के उल्लंघन और अर्धसैनिक समूहों के उदय से जोड़ते हैं। उरीबे के कार्यकाल में कोलंबिया की सेना ने एफएआरसी विद्रोहियों के विरुद्ध महत्वपूर्ण जीत हासिल की। इसके बाद में समूह को शांति वार्ता के लिए बाध्य होना पड़ा और उरीबे लैटिन अमेरिका के रूढ़िवादी आंदोलन के प्रतीक बन गए। उरीबे के खिलाफ मामला 2012 का है, जब उन्होंने वामपंथी विधायक इवान सेपेडा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। सेपेडा ने अर्धसैनिक समूहों के पूर्व सदस्यों के बयान एकत्र किए थे, जिनमें उरीबे पर ब्लोक मेट्रो के संस्थापकों में से एक होने का आरोप लगाया गया था। ब्लोक मेट्रो एक अर्धसैनिक समूह था, जो विद्रोही समूहों के हमलों से पशुपालकों की रक्षा करता था।

2018 में कोलंबिया के सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमे को खारिज कर दिया और इसके बजाय उरीबे की जांच शुरू की। उरीबे पर अभियोजकों ने पूर्व राष्ट्रपति के अवैध समूह के साथ कथित संबंधों के बारे में सेपेडा से बात करने वाले गवाहों को पलटकर न्याय में बाधा डालने का प्रयास करने का आरोप लगाया था।

न्यायाधीश सैंड्रा हेरेडिया ने जुलाई में कहा था कि यह निर्धारित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं कि उरीबे ने एक वकील के साथ मिलकर जेल में बंद अर्धसैनिक समूहों के तीन पूर्व सदस्यों को सेपेडा को दी गई गवाही बदलने के लिए उकसाया था। उरीबे के बचाव पक्ष ने कहा कि साक्ष्य अवैध रूप से प्राप्त किए गए थे और उरीबे ने केवल मुकदमे की तैयारी के लिए और अपने भाई, सैंटियागो उरीबे के खिलाफ हत्या के मुकदमे में इस्तेमाल की जा रही गवाही को सत्यापित करने के लिए कैद अर्धसैनिक बलों के लोगों से मुलाकात की मांग की थी। उरीबे को दोषी ठहराने के कुछ दिनों बाद न्यायाधीश हेरेडिया ने पूर्व राष्ट्रपति को 12 साल की नजरबंदी की सजा सुनाई। जज ने कहा था कि उन्हें नागरिकों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बनाए रखने के लिए तुरंत हिरासत में लिया जाना चाहिए, क्योंकि यह स्पष्ट है कि दोषी ठहराए जाने के बाद भी कोई सार्वजनिक व्यक्ति आजाद नहीं रह सकता।

# अमेरिका बोला-भारत पर प्रतिबंध का मकसद रूस पर दबाव बनाना

## इससे यूक्रेन जंग रोकने में मदद मिलेगी भारत पर अब तक 50% टैरिफ लगाया

वॉशिंगटन, 20 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। इससे पहले तक ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प ने भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इसमें 25% रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25% पैनल्टी है।

रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी। लीविट के मुताबिक इसका मकसद रूस पर सेकेंडरी प्रेशर डालना है, ताकि वह युद्ध खत्म करने पर मजबूर हो।

लीविट ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने में ट्रम्प ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रेस सेक्रेटरी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर इस संघर्ष को खत्म कराया। लीविट ने कहा कि ट्रम्प ने अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच पीस डील कराई। साथ ही रवांडा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो के बीच संघर्ष खत्म करने में मदद की।


व्हाइट हाउस के मुताबिक, फिलहाल ट्रम्प का सबसे ज्यादा ध्यान रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास जंग को खत्म कराने पर है। ट्रम्प पहले भी कई बार भारत-पाक संघर्ष को खत्म कराने का श्रेय खुद को दे चुके हैं।

**दो दिन पहले जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से मिले थे ट्रम्प**

ट्रम्प ने सोमवार देर रात (भारतीय समयानुसार) व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रम्प ने इस बातचीत को सफल बताया। वहीं जेलेंस्की ने कहा कि यह अब तक की उनकी सबसे अच्छी बातचीत रही।

हालांकि, इस दौरान रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। मीटिंग में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा हुई। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे।

ट्रम्प ने मीटिंग रोककर पुतिन से





फोन पर 40 मिनट बात की। इस दौरान पुतिन ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। यह बातचीत अगले 15 दिन के भीतर होगी।

मीटिंग के बाद जेलेंस्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले यूरोप के पैसों से 90 अरब डॉलर (करीब 8 लाख करोड़ रुपए) के अमेरिकी हथियार खरीदेगा।

पुतिन और ट्रम्प ने पिछले हफ्ते 15 अगस्त को देर रात अलास्का में मुलाकात की थी। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने बैठक को सकारात्मक बताया। उन्होंने बताया कि कई बिंदुओं पर सहमति बनी, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा, जब वह अंतिम रूप लेगा।

ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने अगली मीटिंग मॉस्को में करने का सुझाव दिया। अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए।

रूस ने यूक्रेन के करीब 20% हिस्से, यानी लगभग 1 लाख 14 हजार 500 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर रखा है। इसमें क्रीमिया, डोनेट्स्क, लुहांस्क, खेरसॉन, और जापोरिजिया जैसे क्षेत्र शामिल हैं। रूस इन क्षेत्रों को अपनी सामरिक और ऐतिहासिक धरोहर मानता है और इन्हें छोड़ने को तैयार नहीं है।

दूसरी तरफ जेलेंस्की का कहना है कि यूक्रेन की एक इंच जमीन भी रूस को नहीं देंगे। उनका मानना है कि अगर यूक्रेन अभी पीछे हटता है तो इससे देश की संप्रभुता और सुरक्षा कमजोर हो सकती है।

# इजराइल ने गाजा-सिटी पर कब्जे की प्लानिंग को मंजूरी दी

## 60 हजार रिजर्व फोर्स को ड्यूटी पर बुलाया कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात करेगा

तेल अवीव, 20 अगस्त (एजेंसियां)। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए उन्होंने करीब 60 हजार एक्स्ट्रा सैनिकों (रिजर्व फोर्स) को ड्यूटी पर बुलाने का आदेश दिया है। इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। इजराइल ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए 1.30 लाख सैनिकों को मोर्चे पर तैनात करने का फैसला किया है। सैनिकों को ड्यूटी जॉइन करने से कम से कम 2 हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा।

पहली खेप में 2 सितंबर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाएंगे। दूसरी खेप नवंबर-दिसंबर में और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान को गिदोन'स चेरीअट्स-बी नाम दिया गया है।

इस दौरान पहले से ड्यूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा 30-40 दिन और बढ़ा दी जाएगी। इस कार्रवाई में 5 आर्मी डिवीजन शामिल रहेंगी।

इसमें 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट शामिल होंगी।

इसके अलावा गाजा डिवीजन की नॉर्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा लेंगी।

# फिलीस्तीन को मान्यता देने पर ऑस्ट्रेलिया-इजरायल में तनाव

## अल्बनीज ने खारिज किए नेतन्याहू के आरोप

मेलबर्न, 20 अगस्त (एजेंसियां)। फिलीस्तीन को मान्यता देने के बाद ऑस्ट्रेलिया और इजरायल के बीच तनाव बढ़ गया है। इजरायल लगातार ऑस्ट्रेलिया के इस कदम का विरोध कर रहा है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज पर आरोप लगाया कि वे एक कमजोर राजनेता हैं। उन्होंने इजरायल को धोखा दिया है। अल्बनीज ने नेतन्याहू के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने नेतन्याहू को जवाब दिया कि मैं अन्य देशों के नेताओं के साथ सम्मान से पेश आता हूं। मैं उनके साथ कूटनीतिक तरीके से बातचीत करता हूं।

ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज ने 11 अगस्त को एलान किया था कि ऑस्ट्रेलिया भी फलस्तीन को मान्यता देगा। इसके बाद





इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इतिहास अल्बानीज को उनके व्यक्तित्व के लिए याद रखेगा। एक कमजोर राजनेता जिसने इजरायल को धोखा दिया और ऑस्ट्रेलिया के यहूदियों को त्याग दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने कहा कि मैं इन बातों को व्यक्तिगत रूप से नहीं लेता। वैश्विक चिंता बढ़ती जा रही है क्योंकि लोग हिंसा के चक्र का अंत देखना चाहते हैं। इसे हम बहुत लंबे समय से देखते आ रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई भी यही देखना चाहते हैं। आस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया आ रहे नेतन्याहू के गठबंधन के सदस्य दक्षिणपंथी इजरायली सांसद सिमचा रोथमैन का वीजा रद्द कर दिया। बर्क ने नेतन्याहू पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वैसा हमला करने का आरोप लगाया, जैसा उन्होंने फिलीस्तीन राज्य को मान्यता देने के मुद्दे पर ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, आयरलैंड, नॉर्वे और स्पेन के खिलाफ किया था। बर्क ने इस बात से इनकार किया कि अल्बनीज कमजोर हैं। बर्क ने कहा कि ताकत इस बात से नहीं मापी जाती कि आप कितने लोगों को उड़ा सकते हैं या कितने बच्चों को भूखा छोड़ सकते हैं। आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने नेतन्याहू सरकार पर इजरायल को अलग-थलग करने का आरोप लगाया। ऑस्ट्रेलियाई ज्यूरी की कार्यकारी परिषद के सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलेक्स राइवचिन ने कहा कि यहूदी समुदाय दोनों देशों के बीच तेजी से बिगड़ते संबंधों से बहुत परेशान और चिंतित है ऑस्ट्रेलियाई यहूदियों को ऐसा नहीं लगता कि अल्बानियाई सरकार ने उन्हें छोड़ दिया है।

# इजरायल के साथ कभी भी शुरू हो सकता है युद्ध

## ईरान ने यहूदी देश को दी खुली धमकी, युद्धविराम को बताया अस्थायी

तेहरान, 20 अगस्त (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान के बीच कभी भी युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान के शीर्ष अधिकारी ने यह दावा करते हुए जून के 12 दिनों के संघर्ष के बाद मौजूदा शांति को केवल एक अस्थायी विराम बताया है। ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरेफ ने कहा, 'हमें हर पल टकराव के लिए तैयार रहना चाहिए। अभी तो हम युद्धविराम (समझौते) पर भी नहीं है। हम संघर्ष के थमे होने की स्थिति में हैं।' इजरायल और ईरान के बीच बीती साल जून में भीषण हवाई संघर्ष हुआ था, जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर भयंकर हमले किए थे। युद्ध की शुरुआत 13 जून को हुई थी, जब इजरायल ने ईरान पर हवाई हमला बोल दिया। इजरायली विमानों ने ईरानी परमाणु और सैन्य ठिकानों के साथ-साथ आवासीय क्षेत्रों पर भी बमबारी की, जिसमें वरिष्ठ कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों समेत 1000 से अधिक लोग मारे गए। ईरान ने भी मिसाइल और ड्रोन हमलों से जवाबी कार्रवाई की, जिसमें इजरायल में दर्जनों लोग मारे गए। बाद में अमेरिका भी युद्ध में शामिल हुआ और ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी की। इसके दो दिन बाद 24 जून को युद्ध विराम की घोषणा की गई। खास बात ये रही है कि युद्धविराम को औपचारिक रूप देने वाला कोई समझौता नहीं हुआ।

# भारत के आयरन डोम 'सुदर्शन चक्र' में मदद करेगा रूस?

## पुतिन के दूत का बड़ा ऐलान, एस-400 पर भी दिया जवाब

मॉस्को/नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। रूस ने मंगलवार को भारत के साथ अपने रणनीतिक संबंधों की मजबूती पर फिर से जोर दिया है और कहा है, कि अगर पश्चिमी देश आपकी आलोचना कर रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आप कुछ अच्छा कर रहे हैं। रूस के सीनियर डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने कहा कि रूसी हथियार भारत के लिए स्वाभाविक पसंद हैं। हम रक्षा क्षेत्र में पसंदीदा साझेदार हैं, किसी भी प्रयास का समर्थन करने के लिए तैयार हैं।

वहीं, मॉस्को से नई दिल्ली की लगातार कच्चे तेल के आयात को लेकर अमेरिका और पश्चिमी देशों की तरफ से होने वाली आलोचना को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि रूस भारत का पसंदीदा साझेदार बना हुआ है। जब रूसी राजदूत से भारत के आयरन डोम





के बारे में पूछा गया तो उन्होंने तुरंत पूछा, आपका मतलब सुदर्शन चक्र से है? इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे हिंदी में बेहतर जवाब दे सकते हैं। सुदर्शन चक्र, उन्होंने ऐसा इसलिए बोला है, क्योंकि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ जिस एस-400 यूनिट का इस्तेमाल किया था, उसका नाम भी सुदर्शन चक्र यूनिट था। इसके अलावा एस-400 को लेकर उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से मिशन सुदर्शन चक्र का अनावरण करने के कुछ दिनों बाद आई है। पीएम मोदी ने लाल किले से कहा था कि भारत के तमाम महत्वपूर्ण शहरों को एयर डिफेंस सिस्टम से जोड़ा जाएगा और उन्होंने इस मिशन का नाम 'मिशन सुदर्शन चक्र' रखा है। इस मिशन के जरिए भारत, युद्ध की स्थिति में अपने प्रमुख शहरों के लिए एयर डिफेंस सिस्टम की तैनाती करेगा। इसके अलावा रूसी राजनयिक ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हाल ही में हुई फोन कॉल का हवाला देते हुए कहा, कि यह मॉस्को की रणनीतिक गणना में भारत के महत्व को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन द्वारा प्रधानमंत्री मोदी जी को हाल ही में की गई फोन कॉल, जिसमें उन्होंने यूक्रेन के हालिया घटनाक्रमों के बारे में जानकारी साझा की और उन्हें समझाया, इसका मतलब है कि रूस के लिए भारत बहुत मायने रखता है।

# एशिया से अमेरिका तक, दुनिया में कहीं भी परमाणु बम गिरा सकता है चीन

## डरा पेंटागन, तूफानी रफ्तार से बना रहा एटमी हथियार

बीजिंग, 20 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी सेना के हवाले से समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन काफी तेजी से अपने परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन, पारंपरिक हथियारों का स्टॉक तो तेजी से बढ़ा ही रहा है, साथ ही साथ न्यूक्लियर वारहेड्स का जखीरा भी तेज रफ्तार से बढ़ा रहा है। अमेरिकी स्ट्रैटेजिक कमांड के प्रमुख जनरल एंथनी कॉटन ने अमेरिकी संसद की एक कमेटी को बताया है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी यानि पीएलए को साल 2027 तक ताइवान पर कब्जा करने लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। ऐसे में ताइवान युद्ध शुरू होने से पहले चीन तेजी से परमाणु हथियारों की संख्या में इजाफा कर रहा है।

हालांकि चीन के 2023 के रक्षा





दस्तावेज में फिर से दोहराया गया है कि वो किसी भी स्थिति में 'परमाणु बम का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा।' भारत की तरह चीन भी परमाणु हथियारों को लेकर 'नो फर्स्ट यूज' की पॉलिसी रखता है। इसके अलावा दस्तावेज में ये भी कहा गया है कि 'चीन किसी गैर-परमाणु देश के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल या इस्तेमाल करने की धमकी नहीं देगा।' लेकिन अमेरिकी सेना का कहना है कि बीजिंग जिस रफ्तार से परमाणु हथियारों की संख्या का विस्तार कर रहा है, वो एशिया और अमेरिका के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

चीन के परमाणु बम को लेकर ये खुलासा उस वक्त हुआ है जब चीनी रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में कहा है कि परमाणु हथियारों से युद्ध नहीं जीता या नहीं लड़ा जाना चाहिए। इसके अलावा चीनी रक्षा मंत्रालय ने ये भी दावा किया है कि चीन का परमाणु बम सिर्फ और सिर्फ चीन की रक्षा के लिए है और वो किसी भी गैर-परमाणु देश को परमाणु बम की धमकी नहीं देगा। लेकिन अमेरिकी अधिकारियों को डर है की चीन झूठ बोल रहा है। पेंटागन की रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर किसी पारंपरिक हमले में चीन के परमाणु ताकत, कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम या फिर राजनीतिक अस्तित्व को खतरा होता है तो चीन, परमाणु हथियारों का सहारा ले सकता है।

हालांकि चीन ने अमेरिकी अधिकारियों के आरोपों को प्रोपेगेंडा करार देते हुए खारिज कर दिया है। चीन का आरोप है कि अमेरिका ऐसे आरोप चीन के खिलाफ नकारात्मक प्रचार करने के लिए करता है।

# अफगानिस्तान में बस हादसा, 73 लोगों की मौत

## ईरान से निकाले गए प्रवासी सवार थे



काबुल, 20 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में प्रवासियों से भरी एक बस, ट्रक और बाइक से टकरा गई। हादसे के बाद बस में आग लग गई, जिसमें 73 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 17 बच्चे भी शामिल हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह बस ईरान से निकाले गए अफगान प्रवासियों को लेकर राजधानी काबुल की ओर जा रही थी। सभी यात्री इस्लाम काला बॉर्डर पार करके सवार हुए थे।

हेरात के प्रांतीय प्रवक्ता अहमदुल्लाह मुत्ताकी ने X पर पोस्ट कर मौतों की पुष्टि की और इसे हाल के वर्षों का सबसे भीषण सड़क हादसा बताया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बस पूरी तरह जलती हुई और लोग अफरातफरी में भागते हुए दिखे।

# रूस से दोस्ती का खामियाजा

## भारत को अमेरिकी 'डिजिटल उपनिवेशवाद' का पहला झटका

वॉशिंगटन/मास्को/नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका के बीच इन दिनों दशकों बाद तनातनी अपने चरम पर है। रूस-यूक्रेन युद्ध हो या पाकिस्तान के साथ सीजफायर अमेरिका लगातार भारत विरोधी रुख अपना रहा है। अमेरिका कहना है कि वह यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए भारत पर प्रतिबंध लगा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि भारत के खिलाफ उन्होंने 25 फीसदी का जो सेकेंडरी टैरिफ लगाया जिससे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अलास्का आकर बातचीत के लिए तैयार हुए। अमेरिका जहां पाकिस्तान के जिहादी सेना प्रमुख असीम मुनीर का स्वागत कर रहा है, वहीं अब भारत के खिलाफ 50 फीसदी का टैरिफ लगा चुका है जो दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा है। इस बीच अमेरिका की दिग्गज कंपनी माइक्रोसाफ्ट ने भारतीय कंपनी नायरा एनर्जी के खिलाफ ऐसा कदम उठाया जिसे एक्सपर्ट 'डिजिटल उपनिवेशवाद' का पहला हमला करार दे रहे हैं।

भूराजनीति, उभरती तकनीक और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ डॉक्टर निशिकांत ओझा ने एनबीटी ऑनलाइन से बातचीत में कहा कि नायरा एनर्जी-माइक्रोसाफ्ट का संकट मिसाइलों की बारिश के साथ नहीं बल्कि बहुत ही चुपके और सटीक तरीके से आया। भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट तेल रिफाइनरी में शामिल नायरा को अचानक से पता चला कि उसकी माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं बंद हो गई हैं। माइक्रोसाफ्ट ने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के बाद यह सेवाएं बंद कर दी थीं। इस पूरे संकट में अमेरिका ने न तो सेना भेजी और न ही युद्धपोत बस एक ईमेल का नोटिफकिशन आया और नायरा के कंप्यूटरों का स्क्रीन लॉक हो गया। इससे करोड़ों लीटर तेल साफ करने वाली रिफाइनरी एक तरह से पंगु हो गई। डॉक्टर निशिकांत ओझा ने कहा कि अब तक समुद्री रास्तों और सीमा के चेकप्वाइंट पर इस तरह के बैन लगाए जाते थे। एक्सपर्ट के मुताबिक अब साल 2025 में भारत को 'डिजिटल उपनिवेशवाद' का पहला झटका लगा। उनका कहना है कि आर्थिक और राजनीतिक कंट्रोल का इस्तेमाल अब डिजिटल प्लेटफार्म, सेवाओं और आधारभूत ढांचे पर कंट्रोल के लिए किया जा रहा है। नायरा एनर्जी इस समय राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील माहौल में काम कर रही है।

इस कंपनी में ज्यादा हिस्सा रूस की कंपनी रोसनेफ्ट का है जो पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की मार झेल रही है। उन्होंने बताया कि यूरोपीय संघ के ताजा प्रतिबंधों के बाद रातोंरात नायरा एनर्जी के कोर बिजनस टूल जैसे ईमेल सर्वर, डाटा एनलिटिक्स आदि तक पहुंच बंद हो गई। माइक्रोसाफ्ट ने यह कदम यूरोपीय प्रतिबंधों के बाद उठाया जिसका भारत से कोई लेना देना नहीं था।

# ब्रह्मोस जैसा वार, 1500 किमी तबाही मचाने की क्षमता

## कैलिबर मिसाइल की पेशकश कर रहा दोस्त रूस, भारत को खरीदना चाहिए?

मॉस्को/नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। रूस ने सुखोई-30 फाइटर जेट का नया इंजन बनाने के साथ साथ कैलिबर मिसाइल का भी ऑफर भारत को दिया है। रूस का कहना है कि इस मिसाइल से भारतीय नेवी की मारक क्षमता में और ज्यादा इजाफा हो जाएगा। रूस की समाचार एजेंसी स्पुतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय नौसेना, अपने एयरक्राफ्ट कैरियर इन्स विक्रांत के लिए लड़ाकू विमान खरीद रहा है। इसके अलावा भारतीय नौसेना पनडुब्बियों के लिए क्रूज मिसाइलें खरीदने पर भी विचार कर रही है। जिसके लिए उसने अपनी कैलिबर मिसाइल की पेशकश की है। नौसेना एक्सपर्ट्स का मानना है कि कैलिबर मिसाइल युद्ध में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर चुका है और उसे भारत की मौजूदा पनडुब्बियां में फौरन इंटीग्रेट किया जा सकता है। इसके अलावा भविष्य की भारतीय न्यूक्लियर अटैक सबमरीन (एसएसएन) फ्लीट में भी रूसी कैलिबर मिसाइल को इंटीग्रेट किया जा सकता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत और रूस के बीच दशकों से नैसैनिक सहयोग रहा है, चाहे वो युद्धपोत को लेकर हो या पनडुब्बी को लेकर, इसलिए कैलिबर मिसाइल भारतीय नौसेना के लिए एक मजबूत विकल्प बन सकती है।



# 'दिल्ली में ऐसा क्या है जो सीएम बार-बार जाते हैं?'
## डोटासरा ने ली चुटकी; मदन दिलावर पर साधा निशाना

जयपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बार-बार दिल्ली दौरे को लेकर हमला बोला है। डोटासरा ने सवाल उठाया कि आखिर दिल्ली में ऐसा क्या है, जो मुख्यमंत्री बार-बार वहां जा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब भी दिल्ली में मुख्यमंत्री को डांट पड़ती है, वे सांगानेर लौटकर फोटो खिंचवाने में व्यस्त हो जाते हैं।

डोटासरा ने चुटकी लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर हैं, ऐसे में दिल्ली में उनसे मिलता कौन है? उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि अगर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से ही मिलना है, तो हॉटलाइन या फेसटाइम के जरिए भी बात हो सकती है।

**'मुख्यमंत्री प्रदेश के हालात संभालें'**

डोटासरा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से प्रदेश के बिगड़ते हालात पर ध्यान देने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य की स्थिति इतनी खराब है कि दो महीने बाद कर्मचारियों को वेतन देने के लिए सरकार के पास पैसे नहीं होंगे। डोटासरा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों के ठेकेदारों को अब तक भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश की अर्थव्यवस्था चरमरा रही है, और मुख्यमंत्री दिल्ली दौरे में व्यस्त हैं।

**शिक्षामंत्री पर भी साधा निशाना**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर भी जमकर हमला बोला। डोटासरा ने आरोप



लगाया कि गरीबों को इलाज नहीं मिल रहा, बच्चों को शिक्षा और किताबें नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं नजदीक हैं, लेकिन स्कूलों में पाठ्यपुस्तकें तक उपलब्ध नहीं हैं। डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा कि बच्चे परीक्षा में यही लिखेंगे कि जब शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जैसा हो, तो हमें कुछ लिखने की जरूरत ही नहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है, और बच्चों का भविष्य दांव पर है।

**प्रिंसिपल की पोस्टिंग में देरी पर सवाल**

वहीं, डोटासरा ने शिक्षा विभाग की लचर कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मई में प्रिंसिपल की विभागीय पदोन्नति समिति हुई थी, लेकिन आधा अगस्त बीत जाने के बाद भी प्रिंसिपल को पोस्टिंग नहीं दी गई है। उन्होंने इसे सरकार की नाकामी करार देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में तमाशा चल रहा है। डोटासरा ने यह भी कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पंचायत चुनाव कराने की बात कर रहे हैं, लेकिन जब मुख्यमंत्री स्वयं चुनाव नहीं करा पाए, तो दिलावर कैसे यह जिम्मेदारी निभाएंगे?

**'सरकार की प्राथमिकताएं गलत'**

गोविंद सिंह डोटासरा ने मौजूदा सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देने के बजाय सरकार अपनी छवि चमकाने में लगी है। डोटासरा ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार केवल दिखावे की राजनीति कर रही है, और जनता की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे दिल्ली दौरे कम करें और प्रदेश की जनता की समस्याओं का समाधान करें।

# जालोर-सिरोही को कब मिलेगा सुजलाम-सुफलाम नहर का पानी?
## सांसद ने पीएम के बाद अब अमित शाह के समक्ष उठाया मुद्दा



जालोर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने प्रदेश की सीमा से 30 किलोमीटर की दूरी पर गुजरात में बह रही सुजलाम सुफलाम नहर से जालोर और सिरोही जिले को पेयजल और सिंचाई का पानी मुहैया करवाने की मांग को लेकर नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने मांग पत्र गृहमंत्री को सौंपा। पत्र में सांसद चौधरी ने बताया कि खोसला कमेटी की रिपोर्ट 1 सितंबर 1965 के अनुसार गुजरात राजस्थान के बीच बोर्डर पर कडाणा बांध निर्माण प्रस्तावित था। 1 अक्टूबर 1966 को राजस्थान एवं गुजरात सरकार के बीच माही जल बंटवारा समझौता में कडाणा बांध का निर्माण हुआ। समझौते के अनुसार गुजरात के खेड़ा जिले को नर्मदा परियोजना से पानी मिलने के बाद कडाणा बांध का पानी जालोर जिले को मिलना था। वर्ष 2005 में नर्मदा का पानी गुजरात के खेड़ा जिले को मिल रहा है।

चौधरी ने कहा कि इस सबंध में जल शक्ति मंत्री भारत सरकार के माध्यम से गुजरात सरकार और राजस्थान सरकार की बैठक आहुत कर सुजलाम सुफलाम नहर को सुदृढ़ीकरण कर नर्मदा कैनाल से जोडक़र डार्क जोन में शामिल जिला जालोर और सिरोही को पेयजल और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाकर मांग से अवगत करवाया गया था। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भीनमाल में प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करने स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे थे। सभा के दौरान ही प्रत्याशी के रूप में चौधरी ने मोदी के सामने ही जालोर-सिरोही में जल संकट की स्थिति से अवगत करवाया था और उन्होंने गुजरात से पश्चिमी राजस्थान के जालोर-सिरोही जिले के हक के पानी की मांग की थी। चुनाव जीतने के बाद अब सांसद चौधरी के लिए भी यह मुद्दा अहम है, क्योंकि पूरे संसदीय क्षेत्र में पानी का संकट है और 1965 के समझौते के अनुसार अब कडाणा बांध के पानी पर जालोर-सिरोही जिले का हक है, जिसका उपयोग गुजरात राज्य सुजलाम सुफलाम नहरों से अपने कृषि क्षेत्र में सिंचाई में कर रहा है।

# विधानसभा सत्र होगा घमासान, कांग्रेस बोली स्पीकर निष्पक्ष रहें नहीं तो होगा विरोध

जयपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा का मानसून सत्र 1 सितंबर से आहूत होने जा रहा है। पिछले सत्र हंगामेंदार रहा जिसमें कांग्रेस और स्पीकर के बीच खुलकर टकराव सामने आया था। इस बार कांग्रेस के तरकश में कौन से तीर होंगे। प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा

हमारी तैयारी पूरी है। छह महीने में सरकार ने जो वादे किए थे, चाहे राइजिंग राजस्थान, क्राइम की बात हो या किसानों की बात हो, उन सब पर सवाल होंगे। एज्यूकेशन का सिस्टम पूरी तरह ठप हो चुका है। ये लोग इंग्लिश मीडियम स्कूलों को बंद करने बात करते आए हैं। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर देने की कोई व्यवस्था नहीं की है। नए कॉलेज नहीं दे पाए। यूनिवर्सिटीज का भी बुरा हाल है। छात्रसंघ चुनाव भी ये नहीं करवा



पा रहे हैं। इन सारी बातों को लेकर विपक्ष विधानसभा में सरकार को घरने का काम करेगा। इसके अलावा भी बहुत से मुद्दे हैं जिन्हें हम क्षेत्रवार इकट्ठा करके आने वाले विधानसभा सत्र में उठाएंगे।

स्पीकर पक्षपात कर रहेथे यह हमने कहा था। और यदि आने वाले सत्र को ये चलाना चाहते हैं, राजस्थान की जनता की बात को अच्छे से उठाना चाहते हैं और मैसेज देना चाहते हैं कि राजस्थान की विधानसभा पुराने नियम और परंपराओं से चलती है तो उन्हें विपक्ष की बात को सुनना होगा। नियम, कानून और परंपराओं से हमारा सदन चलता है। स्पीकर यदि उसे नहीं मानते हैं तो निश्चित रूप से हम विरोध करेंगे और जो सच्चाई है उसे जनता के सामने लाएंगे। हमारे प्रदेशाध्यक्ष को लेकर जिस प्रकार की टिप्पणी उन्होंने सदन में की वह नहीं होनी चाहिए थी। हमारे माफी मांगने के बाद भी उस बात को सदन की कार्रवाई से नहीं हटाया गया। इसलिए सर्वदलीय बैठक में इन सब बातों को हम रखेंगे। स्पीकर को निष्पक्ष होना चाहिए। उन्हें चाहिए कि विधानसभा नियम और प्रक्रियाओं से चले।

# भ्रष्टाचार-अश्लीलता में लिप्त, तो घर पर चस्पा होगी रिपोर्ट, शिक्षा विभाग एक्शन मोड में

जयपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में शिक्षा विभाग भ्रष्टाचार,अश्लीलता और एसीबी से जुड़े गंभीर मामलों पर अब सख्त एक्शन मोड पर है। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने जांच में दोषी पाए गए अफसरों और कर्मचारियों के घरों के बाहर जांच प्रकरण की रिपोर्ट चस्पा करने के आदेश दिए हैं। जिससे उनकी करतूतों की जानकारी आमजन को हो सके।

**शिक्षामंत्री ने ये दिए निर्देश**

शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा संकुल में विभागीय लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक में



भ्रष्टाचार, अश्लीलता और एसीबी से जुड़े गंभीर मामलों पर सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि भ्रष्टाचार, अश्लीलता और एसीबी से जुड़े प्रकरणों में दोषी पाए गए अधिकारी/कर्मचारियों के घरों के बाहर जांच प्रकरण की रिपोर्ट चस्पा की जाएगी, ताकि उनके परिवार और समाज को भी उनकी करतूतों की जानकारी हो। इसके अलावा विभागीय स्तर पर दोषी कार्मिकों को सस्पेंड या सेवा से बर्खास्त करने की प्रक्रिया भी तेजी से की जाएगी।

**डेपुटेशन वाले अधिकारियों को वापस बुलाएंगे**

शिक्षा संकुल में विभागीय लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक में शिक्षा मंत्री ने विभागीय स्तर पर कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने, डेपुटेशन पूर्ण कर चुके अधिकारियों को तुरंत वापस बुलाने और 20 सितंबर तक स्टाफिंग पैटर्न पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

**विभाग की छवि को हो रहा नुकसान**

पूर्व में शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों और अन्य कार्मिकों की भ्रष्टाचार,अश्लीलता और एसीबी में दर्ज मामलों को लेकर चर्चित रहे हैं। जिनके कारण विभाग की छवि भी खराब हुई है। हालांकि विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर संबंधित कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की है।

# स्कूल को तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी
## बच्चों में फैली दहशत

जयपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान की राजधानी जयपुर के प्रतिष्ठित द पैलेस स्कूल को बुधवार सुबह एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई। इसके बाद स्कूल प्रशासन और बच्चों में दहशत फैल गई। यह तीसरा मौका है, जब जलेब चौक स्थित इस निजी स्कूल को इस तरह की धमकी मिली है।

इससे पहले जून और जुलाई 2025 में भी स्कूल को इसी तरह के धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए थे, जो बाद में अफवाह साबित हुए।

**तत्काल स्कूल खाली कराया गया**

धमकी भरा ईमेल मिलते ही स्कूल प्रशासन ने तुरंत जयपुर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस, आतंकवाद निरोधी दस्ता, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और दमकल की टीमें मौके पर पहुंच गईं। स्कूल परिसर को तुरंत खाली कराया गया और सभी छात्रों को सुरक्षित उनके घर भेज दिया गया।

बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वॉड ने स्कूल के चप्पे-चप्पे की गहन तलाशी ली। कई घंटों की जांच के बाद भी कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली, जिसके बाद स्कूल प्रशासन, शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों ने राहत की सांस ली।

**कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली**

माणक चौक के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) पीयूष कविया ने बताया कि बुधवार सुबह स्कूल प्रबंधन को धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ था, जिसमें स्कूल को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उन्होंने कहा कि लगातार धमकी भरे ईमेल मिलने के इस मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ये धमकियां कौन और क्यों भेज रहा है।

**बम धमकियों का सिलसिला जारी**

जयपुर में बम धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। द पैलेस स्कूल के अलावा, हाल के महीनों में मुख्यमंत्री कार्यालय, सवाई मानसिंह स्टेडियम, मेट्रो रेल, मेट्रो रेलवे स्टेशन और दो कोर्ट परिसरों को भी बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। इन सभी मामलों में गहन जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, लेकिन बार-बार मिल रही धमकियों ने शहरवासियों में दहशत पैदा कर दी है।

# *हनीट्रैप:* सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती ने किया ब्लैकमेल
## झूठे मुकदमे में फंसाने की दी धमकी

बीकानेर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर एक युवक से दोस्ती कर उसे ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। इस युवक ने आरोपी युवती से परेशान होकर पूगल थाने में मामला दर्ज करावाया है।

सीमा गृह रक्षा दल में होमगार्ड के पद पर कार्यरत युवक ने रिपोर्ट में बताया कि तीन साल पहले मध्यप्रदेश के इटारसी निवासी रिचा नामक युवती ने इंस्टाग्राम पर रिक्वेस्ट भेजी। जिसे एक्सेप्ट करने के बाद युवती ने उससे चेटिंग शुरू कर दी। इसके बाद बहाने बनाकर युवक से रुपए ऐंठने शुरू कर दिए। उसने रुपए अलग-अलग बैंक खातों में डलवाए है।

**ड्यूटी के दौरान करने लगी परेशान**

युवक ने पुलिस को बताया कि युवती उसे ड्यूटी पर होने के दौरान चेटिंग के लिए परेशान करने लगी।

परेशान होकर उसने सोशल मीडिया आइडी ब्लॉक कर दी तो युवती ने कार्यस्थल व अन्य सोर्स के माध्यम से उसे धमकाना शुरू कर दिया।

युवती ने सैन्य आवासों के अवैध रूप से फोटो भी खींच रखे है। जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रही है। साथ ही सुरक्षा संबंधी जानकारी नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की बार-बार धमकी दे रही है।

# आर्मी एरिया से पकड़ा गया संदिग्ध युवक
## मोबाइल में मिले पाकिस्तानी नंबर, पूछताछ में लगीं जांच एजेंसियां

जैसलमेर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। जैसलमेर जिले में ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा एजेंसियां लगातार सतर्क हैं। इसी सतर्कता के बीच पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। पकड़े गए युवक का नाम जीवन खान बताया जा रहा है, जिसकी उम्र लगभग 25-30 वर्ष के बीच है और वह सांकड़ा क्षेत्र का निवासी है।

जीवन खान पहले जैसलमेर के आर्मी एरिया स्थित एक रेस्टोरेंट में काम कर चुका था। कुछ समय के लिए वह काम छोड़कर चला गया था, लेकिन हाल ही में वह दोबारा वहीं नौकरी करने लौटा। इसी दौरान उसकी गतिविधियां सुरक्षा एजेंसियों की नजर में आईं। बताया जा रहा है कि आर्मी एरिया के आसपास युवक संदिग्ध रूप से घूमता-फिरता दिखाई दिया, जिसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। जांच के दौरान युवक के मोबाइल फोन से कई अहम जानकारियां मिलीं। कॉल डिटेल खंगालने पर सामने आया कि वह पाकिस्तानी नंबरों से बातचीत कर रहा था। पकड़े जाने के समय भी उसके मोबाइल पर पाकिस्तान से कॉल चल रही थी। यही कारण है कि एजेंसियों को उस पर जासूसी का शक गहरा हुआ।

बुधवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस ने युवक को पुलिस वैन के जरिए जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय लाया। इसके बाद उसे जॉइंट इंटरोगेशन सेंटर ले जाया गया, जहां संयुक्त जांच समिति उससे गहन पूछताछ कर रही हैं। एजेंसियों को उम्मीद है कि पूछताछ में कई महत्वपूर्ण खुलासे सामने आ सकते हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में जैसलमेर में जासूसी के आरोप में डीआरडीओ गेस्ट हाउस के मैनेजर को भी गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों के अनुसार जीवन खान लंबे समय से एजेंसियों की निगरानी में था और उसकी गतिविधियों तथा कॉल डिटेल पर नजर रखी जा रही थी। फिलहाल मामले की आधिकारिक पुष्टि एजेंसियों द्वारा नहीं की गई है लेकिन जिस तरह से युवक को पकड़ा गया और तुरंत JIC को सौंपा गया, उससे स्पष्ट है कि मामला बेहद संवेदनशील है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में लगी हैं कि युवक का पाकिस्तान से वास्तविक तौर पर कोई कनेक्शन है या वह किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा है।

# भीषण सड़क हादसा
## मध्यप्रदेश से आ रहे 4 लोगों की मौत

कोटा, 20 अगस्त (एजेंसियां)। कोटा-उदयपुर नेशनल हाईवे 27 पर तड़के भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 6 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा डाबी थाना क्षेत्र में हुआ जहां एक ईको वैन आगे चल रहे किसी अज्ञात वाहन में जा घुसी।

डाबी थाना प्रभारी हेमराज शर्मा ने बताया कि हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। बाकी 2 ने कोटा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं घायलों को तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद घटनास्थल पर कोई अन्य वाहन खड़ा नहीं मिला। इससे आशंका जताई जा रही है कि हादसे के बाद ट्रक या बड़ा वाहन बिना रुके आगे निकल गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है और आस-पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

फिलहाल शवों को कोटा मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें सूचना दी है। शिनाख्त की प्रक्रिया जारी है। परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कर शव सुपुर्द किए जाएंगे।

# अजमेर में अवैध निर्माण पर नगर निगम का बड़ा एक्शन
## इमारत, गेस्ट हाउस और ठेका सीज; हुआ हंगामा



अजमेर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। नगर निगम अजमेर ने आज अवैध निर्माण और बिना अनुमति संचालित प्रतिष्ठानों पर बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर अजमेर में चार जगह सीज कार्रवाई की।


इस दौरान एक जगह हंगामा भी देखने को मिला। हालांकि, पुलिस की मौजूदगी में सीज की कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक दरगाह क्षेत्र में पन्नीगराम चौक पर बन रही बहुमंजिला इमारत, कड़क्का चौक स्थित गेस्ट हाउस और काला बाग की तीसरी मंजिल को सीज किया गया।

वहीं, जवाहर रंगमंच के पास एक शराब ठेके को भी निगम ने सीज किया। इस दौरान अधिशाषी अभियंता रमेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अधिशाषी अभियंता रमेश चौधरी के मुताबिक टीम ने अवैध रूप से बन रहे कड़क्का चौक स्थित गेस्ट हाउस को सीज किया। यहां नोटिस देने के बाद कार्रवाई को अंजाम दिया गया। काला बाग की तीसरी मंजिल को सीज किया गया। वहीं, पन्नीगराम चौक पर बन रही बहुमंजिला इमारत को भी सीज किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शहर में अवैध कार्रवाई बर्दाश्त नहीं होगी।

**यहां हुआ विवाद**

जवाहर रंगमंच के पास टीम जब एक शराब ठेके को सीज करने के लिए पहुंची तो मालिक ने हंगामा कर दिया। ऐसे में निगम अधिकारियों और जमीन मालिक के बीच विवाद बढ़ गया। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने कुछ ही देर में मामला शांत करा दिया।

# स्कूल जाने निकले एक ही परिवार के तीन बच्चे लापता
## घर पर मिला नोट- पांच साल बाद आ जाएंगे



जयपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। शहर के सांगानेर इलाके से एक ही परिवार के तीन बच्चे लापता होने से इलाके में खलबली मच गई है। तीनों बच्चे 14 अगस्त को स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे। शाम को बच्चे जब वापस घर नहीं लौटे तो परिजनों ने स्कूल में जाकर पूछताछ की, जहां पता चला की बच्चे स्कूल पहुंचे ही नहीं थे। इसके बाद परिजनों ने सांगानेर सदर थाना और अशोक नगर थाने में बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

लापता हुए बच्चों में सांगानेर के रहने वाले विजयसिंह के दो बेटे मोहित सिंह (10) और नितिन सिंह (9) और एक उनकी बहन का बेटा अरमान (9) शामिल हैं। 14 अगस्त को मोहित और नितिन सुबह साढ़े सात बजे अपने स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे। वहीं बहन का बेटा अरमान भी अपने घर से अशोक नगर स्थित स्कूल जाने के लिए निकला था। बच्चों के लापता होने के बाद परिवार को घर पर एक चिट्ठी भी मिली है जिसमें लिखा है कि हम घर छोड़कर जा रहे हैं। हमें ढूंढने की कोशिश न करें, पांच साल बाद आ जाएंगे।

बहरहाल सांगानेर सदर पुलिस और अशोक नगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बच्चों की खोजबीन शुरू कर दी है लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। इसी बीच सांगानेर सदर थाना सीआई अनिल जैमन ने बताया- रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस टीम ने कई लोकेशन पर सीसीटीवी फुटेज चेक किए, जिसमें तीनों बच्चे गांधी नगर रेलवे स्टेशन के आसपास दिखाई दिए थे, उन्होंने कपड़े चेंज कर लिए थे। इसके बाद बच्चे कहां गए, कोई जानकारी नहीं है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मोहित और अरमान के पास मोबाइल फोन हैं लेकिन दोनों ने फोन बंद कर रखे हैं। पुलिस की साइबर टीम इस पर पूरी नजर रखे हुए है।

**करणी विहार से भी गायब हुए दो बच्चे**

इधर जयपुर के करणी विहार इलाके से भी दो बच्चों के लापता होने की खबर है। करणी विहार थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो चचेरे भाई संजय सिंह और समीर सिंह 15 अगस्त को घर से निकले थे और वापस नहीं लौटे। इन बच्चों के परिवार को बच्चों के गायब होने के बाद एक फोन भी आया था, जिसमें सामने वाले पक्ष ने परिजनों के साथ गाली-गलौज करते हुए बात की थी।

# पुलिस ने 40 लाख रुपये कीमत के 123 गुमशुदा मोबाइल लौटाए
## मालिकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

अलवर, 20 अगस्त (एजेंसियां)। अलवर पुलिस ने जनता को भरोसे और ईमानदारी का बड़ा संदेश दिया। जिले में चल रहे साइबर संग्राम अभियान के तहत पुलिस ने 123 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटा दिए। इन मोबाइलों की कुल बाजार कीमत लगभग 40 लाख रुपये आंकी गई है।

**साइबर संग्राम अभियान की बड़ी सफलता**

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि विशेष टीम ने लगातार प्रयास कर विभिन्न स्थानों से गुमशुदा मोबाइल ट्रेस किए और उन्हें बरामद किया। यह सफलता पुलिस की उसी टीम को मिली है जो साइबर अपराध और मोबाइल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित की गई है। एसपी ने कहा कि टीम की मेहनत और सक्रियता से ही यह बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद कर लोगों को सौंपना संभव हो सका है।

उम्मीद टूटी, लेकिन पुलिस ने लौटाई मुस्कान

अपने-अपने मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी और राहत साफ झलक रही थी। कई लोगों ने कहा कि उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल उन्हें वापस मिलेगा, लेकिन पुलिस की मेहनत और ईमानदारी ने यह मुमकिन कर दिखाया। मोबाइल वापसी के समय कई मालिकों ने पुलिस का आभार जताया और इसे आमजन के लिए बड़ी राहत बताया।

# एकीकृत पंजीकरण भवनों का चरणबद्ध निर्माण : पोंगुलेटी

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व, आवास, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने घोषणा की कि तेलंगाना के सभी उप-पंजीयक कार्यालयों को धीरे-धीरे एकीकृत पंजीकरण सुविधाओं में शामिल किया जाएगा।

उन्होंने बुधवार को गच्चीबावली के तालीम में एकीकृत पंजीकरण भवन के शिलान्यास समारोह के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। मंत्री ने यह भी बताया कि पिछली सरकार द्वारा गैरकानूनी तरीके से लागू किए गए धरणी पोर्टल को कांग्रेस पार्टी की चुनावी प्रतिबद्धता के तहत बंगाल की खाड़ी में फेंक दिया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि भू भारती-2025 अधिनियम देश भर के 18 राज्यों की प्रथाओं का विश्लेषण करने के बाद विकसित किया गया है। मंत्री ने बताया कि भू-भारती भूमि अधिनियम के



अनुसार किसानों और जनता की चिंताओं के समाधान के उद्देश्य से आयोजित बैठकों में लगभग 8.60 लाख आवेदन प्रस्तुत किए गए। इनमें से 2 लाख आवेदनों का निपटारा हो चुका है, जबकि सदाबाई नामा से संबंधित लगभग 4 लाख आवेदन अभी भी लंबित हैं। पोंगुलेटी ने बताया कि राज्य उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार को सदा बैनामा पर लगी रोक हटा लेने के बाद से, वैध और पात्र आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। राज्य में चुनौतीपूर्ण आर्थिक माहौल के बावजूद, हम मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में विकास और कल्याण दोनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

हम लोगों द्वारा हम पर रखे गए विश्वास से समझौता किए बिना प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "विकास कार्यक्रम क्रमिक रूप से लागू किए जा रहे हैं और इस एकीकृत उप-पंजीयक भवन का उद्घाटन हमारी कार्ययोजना का एक प्रमुख तत्व है।" मंत्री ने कहा कि वर्तमान में, राज्य सरकार को जीएचएमसी और ओआरआर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले 39 उप-पंजीयक कार्यालयों से पंजीकरण के रूप में लगभग 62-63 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हो रहा है और इन्हें 11 एकीकृत भवनों के दायरे में लाया जाएगा।

# पर्युषण पर्व का प्रथम दिवस खाद्य संयम दिवस के रूप में मनाया गया






हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साध्वी डॉ गवेषणाश्री जी के मंगल सान्निध्य में राजा राजेश्वरी गार्डन, डायमंड पॉइंट, सिख विलेज में साध्वी श्री मेरु प्रभा जी द्वारा मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं मंगलाचरण लाडनूं, कालू, लूणकरणसर, छोटी खाटू, हनुमानगढ़, रामगढ़, फतेहपुर, किशनगढ के श्रावक श्राविकाओं द्वारा किया गया ।

साध्वी दक्ष प्रभा जी द्वारा खाद्य संयम एवं पर्यूषण दिवस पर गीतिका का संगान किया गया । एवं खाद्य संयम दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये । जैन समाज में आज का दिन आध्यात्मिकता और संयम का संदेश लेकर आया। खाद्य संयम दिवस पर साध्वीश्री डॉ गवेषणाश्री जी कहा - प्रत्येक धर्म के अपने पर्व होते हैं वैसे ही जैन धर्म का यह विशिष्ट पर्व है पर्यूषण। यह पर्व ही नहीं महापर्व है। यह मैत्री भाव का प्रेरक प्रभाव है, आत्म शुद्धि का उत्प्रेरक तत्व है। कुछ पर्व अपनी लोकप्रियता के कारण सभी जातियों धर्म के द्वारा मनाए जाते हैं परंतु यह वैसा भौतिक पर्व नहीं है आध्यात्मिक पर्व आत्म केंद्रित होते हैं इसीलिए वह आत्म सुख की सामग्री जताते हैं कुछ पर्व तात्कालिक होते हैं वह किसी पात्र या घटना के साथ जुड़े होते हैं किंतु शाश्वत धार्मिक पर्व प्रतिवर्ष मानव मन को नए दिशा देकर चले जाते हैं। आत्मोत्थान के आठ दिवस साधना की जाती है। जिसमें सबसे प्रथम खाद्य संयम दिवस आहार जीवन का अनिवार्य तत्व है हम जो कहते हैं वह हमारे व्यवहार चिंतन मनन आदि पर प्रभाव डालते हैं।

साध्वी मयंक प्रभा जी ने कहा यह अहिंसा का आत्मनिरीक्षण का वह तपस्या का महान पर्व है। इस परंपरा के कारण है जैन दर्शन के अनुसार बंधन आठ माने गए हैं संभावित है उन आठ के विच्छेद क्रम के साथ इन आठ दिनों का महत्व रहा है जैन परंपरा में अष्ट मंगल अष्ट प्रवचन परमात्मा के आठ गुणों का उल्लेख है पर्यूषण पर्व को मांगलिकता को ध्यान में रखकर ऐसा किया है।

साध्वी दक्ष प्रभा आहार संयम पर प्रकाश डालते हुए कहा रोज तेज व सौंदर्य वर्धन के लिए प्रसन्नता के लिए स्वस्थ बने रहने के लिए संयम साधना के लिए स्मृति बनाए रखने के लिए आहार संयम की अति आवश्यकता है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थिति दर्ज की और साध्वी श्रीजी के प्रवचन से प्रेरणा प्राप्त की। वातावरण भक्ति, श्रद्धा और संयम से सराबोर रहा। सभी ने आगामी आठ दिनों के पर्युषण पर्व को साधना, स्वाध्याय और संयम के साथ मनाने का संकल्प लिया। तेरापंथ सभा सिकंदराबाद द्वारा बहुत ही उत्तम व्यवस्था की गई ।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं ने भी साध्वी श्रीजी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इससे पूर्वसभा अध्यक्ष सुशील संचेती ने स्वागत वक्तव्य दिया। निर्मला बैद ने भगवान महावीर जीवन दर्शन स्वरचित पुस्तक साध्वी श्री जी को भेंट की किशोर मंडल ने भी बैनर विमोचन किया था एवं युवक परिषद में भी भिक्षु दर्शन कार्यशाला का बैनर अनावरण किया था । महासभा सदस्य लक्ष्मीपत बैद ने सभी संस्थाओं की तरफ सूचना प्रेषित की। अंत में आभार तेरापंथ सभा सिकंदराबाद के मंत्री हेमंत संचेती द्वारा दिया गया।

# पर्युषण पर्व में मिटाएँ भीतर का प्रदूषण

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पर्युषण पर्व आंतरिक शुद्धि एवं आतंरिक रूपान्तरण का स्वर्णिम अवसर है। भीतर के प्रदूषण को मिटाना ही इसका उद्देश्य है। यह मन की शुद्धता, अहिंसा के मार्ग पर चलने, राग-द्वेष मिटाने और धर्म के पथ पर चलने का पर्व है। इस पर्व में हम न मकान सजाते हैं और न ही श्रृंगार करते हैं। हम अधिक से अधिक तप-त्याग, दान-पुण्य, जीवदया और परमात्म-भक्ति करते हुए प्राणीमात्र के साथ जाने अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमा माँगते हैं। हमारा प्रयास रहता है कि हम केवल खाने का ही उपवास न करें, अपितु बुरे विचार एवं बुरी आदतों के त्याग का भी उपवास अवश्य करें।

उक्त उद्गार राष्ट्र-संतश्री चन्द्रप्रभ सागर जी के हैं। उन्होंने बुधवार को एग्जिबिशन ग्राउंड में कहा कि पर्युषण में तीर्थंकरों एवं महापुरुषों के जीवन चरित्र का श्रवण किया जाता है। महापुरुषों के चरित्र सुनने के लिए नहीं, स्वयं के चरित्र को सुधारने के लिए होते हैं। सम्पूर्ण धरती पर एकमात्र पर्युषण ही ऐसा पर्व है, जो हाथ मिलाने या गले लगने का नहीं, पैरों में झुककर माफी मांगने की प्रेरणा देता है। यह झुकाने का नहीं, झुकने का पर्व है। जो पर्युषण के दिनों में भी दूसरों के प्रति प्रतिशोध रखता है, वह जैन कहलाने के काबिल नहीं रहता। संवत्सरी का 1 दिन मानवजाति को संदेश देता है कि सास बहू को, पिता बेटे को, अधिकारी कर्मचारी को और बड़े छोटों को प्रणाम कर हो चुके अनुचित व्यवहार की क्षमायाचना कर लें। व्यक्ति अन्न का त्याग भले ही न कर पाए, पर कम से कम इन दिनों में क्रोध का त्याग करने का उपवास अवश्य करे। जो गलती करता है, वह इंसान है और जो गलती पर गलती किए जाता है, वह इंसान कहलाने के काबिल नहीं रहता और जो गलती होने पर क्षमा मांग लेता है, वह भगवान का सच्चा पुजारी बन जाता है।

संतश्री ने कहा कि औरों की भूलों को भूलने में ही हमारी भलाई है। अपने पास आइना और डस्टबिन रखने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि आइना इसलिए कि हम खुद की कमियों को देख सकें और डस्टबिन इसलिए कि हम दूसरों की कमियों, गलतियों, भूलों और कटु व्यवहार के कचरे को विसर्जित कर सकें।

जैसे साल बीतते ही पुराना केलेण्डर फेंक देते हैं, वैसे ही दिन बीतते ही हमें पुरानी बातों, वैर-विरोध की गांठों को फेंक देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पर्युषण आत्मविजय का पर्व है। यह पर्व 8 दिन तक किया जाने वाला आध्यात्मिक अनुष्ठान है। कषायमुक्ति एवं हृदय शुद्धि के लिए पर्युषण पर्व वरदान स्वरूप है। उन्होंने कहा कि जैसे गन्ने की गाँठ में रस नहीं होता है, वैसे ही जिसके मन मे गाँठें रहती है, उसका जीवन नीरस हो जाता है। पर्युषण मन के प्रदूषण को मिटाने का पर्व है। अंतर्मन के कषायों को मिटाने के लिए पर्युषण पर्व वरदान स्वरूप होता है। पर्युषण पर्व मन की दरारों को पाटने का पर्व है। संभव है, वर्षभर में हमारी किसी से बोलचाल बंद हो गई हो, पर हमें अपने अंतर्मन को निर्मल करके परस्पर क्षमापना कर लेनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ. मुनि शांतिप्रिय सागर जी महाराज ने नवकार महामंत्र की सामूहिक प्रार्थना करवाई।

## सीरवी समाज जीडिमेटला का वार्षिक सम्मेलन 24 से

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीडिमेटला स्थित श्री आई माता मंदिर में समाज बन्धुओं के सानिध्य में विशेष मीटिंग आयोजित कर श्री आई माताजी के 610 वें अवतरण दिवस व वार्षिक सम्मेलन पर दो दिवसीय कार्यक्रम 24 व 25 अगस्त को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत 24 अगस्त को रात्रि जागरण होगा। सोमवार 25 अगस्त को प्रातः वेला में पूजा-अर्चना व महाप्रसादी कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा।

अध्यक्ष मांगीलाल काग, सचिव नारायणलाल बर्फा ने बताया कि रविवार को प्रातः वेला में श्री आई माता मंदिर को विशेष फूलों व लाइटिंग से सजाकर आईमाता जी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। शाम 9 बजे से जागरण किया जाएगा। इसमें आईमाता जी के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित किये जायेंगे। अवसर पर गणेश वंदना, आई माताजी की पूजा अर्चना कर आरती होगी। सोमवार 25 अगस्त को प्रात: 8.15 बजे ज्योत प्रज्वलित कर पूजा अर्चना, स्वागत, समाज बन्धुओं द्वारा माई के चरणों में श्रीफल भेंटकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना, धर्मसभा का आयोजन कर अध्यक्ष मांगीलाल काग की अध्यक्षता में मुख्य अतिथियों, पधारे मेहमानों का स्वागत किया जाएगा। कोषाध्यक्ष भवरलाल काग द्वारा आय-व्यय का विवरण, पदाधिकारियों का सम्मान एवं सचिव नारायणलाल बर्फा द्वारा समाज में किये गये विकासशील कार्यों का विवरण होने के अलावा पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था मंदिर प्रांगण में रहेगी। समाज बन्धुओं से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण व पुरानी कमेटी के विदाई समारोह का आयोजन भी 25 अगस्त को सुबह 11 बजे होगा।



शापुर नगर स्थित पंवार निवास पर सीरवी समाज जीडिमेटला के नवनिर्वाचित पदाधिकारी सह सचिव मंगलराम पंवार के सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित भुण्डाराम बर्फा ,राजुराम लचेटा सोहनलाल हाम्बड़, चौथाराम पंवार,थानाराम पंवार, सुजाराम काग, भुराराम व समाज बन्धु।

# पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय द्वारा राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय, हैदराबाद द्वारा बुधवार को राजभाषा क्रियान्वयन के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुनील कुमार चुघ, मुख्य महाप्रबंधक एवं अंचल प्रबंधक ने कहा कि "देश-विदेश में बढ़ती हिंदी की बेल'' जैसे व्यापक एवं महत्वपूर्ण विषय पर आज की कार्यशाला विश्व स्तर पर हिंदी भाषा की जीवंतता, उसके लचीलेपन और इसके प्रभाव एवं विस्तार को दर्शाती है। विदेशों में बसे प्रवासी भारतीयों ने हिंदी की जड़ों को और गहरा किया है। डॉ जवाहर कर्नावट जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेशों में हिंदी पत्रकारिता के विषय विशेषज्ञ माने जाते हैं हमारे बीच उपस्थित हैं।



विषयक आयोजन में विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. जवाहर कर्नावट, निदेशक, अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र, रबींद्र नाथ टैगोर यूनिवर्सिटी, भोपाल एवं सेवानिवृत्त महाप्रबंधक(राजभाषा) ने विविध उद्धरणों के माध्यम से विदेशों में हिंदी पत्रकारिता के समृद्ध इतिहास को रेखांकित किया। डॉ कर्नावट ने अपने प्रारंभिक उदबोधन में महात्मा गांधी द्वारा विदेशी धरती से तीन भारतीय भाषाओं एवं अंग्रेजी यथा, गुजराती, हिंदी, तमिल में संपादित अखबार "इंडियन ओपिनियन' पर विमर्श प्रस्तुत करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रिका में यह कहा जाता है कि "आपने मुझे मोहनदास दिया, हमने आपको महात्मा सौंपा।"उन्होंने गदर आंदोलन, डॉ मणिलाल, लाला हरदयाल, देवनागरी लिपि आदि विभिन्न उप-विषयों के माध्यम से भारतीय इतिहास में हिंदी पत्रकारिता के समृद्ध इतिहास से श्रोताओं को परिचित कराया।

धन्यवाद ज्ञापन उप अंचल प्रबंधक एवं महाप्रबंधक श्रीमती वन्दना पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ साकेत सहाय, मुख्य प्रबंधक(राजभाषा) द्वारा किया गया। उन्होंने मार्गदर्शन हेतु अंचल प्रबंधक, उप अंचल प्रबंधक एवं उच्चाधिकारी सहित, मुख्य वक्ता डॉ जवाहर कर्नावट के प्रति विशेष रूप से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक सी वी राव, सी वी वासुदेव रॉय, श्रीमती नित्यकल्याणी आर., श्यामा कुमार एवं 40 से अधिक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



आज केबीआर पार्क में इच्छापूर्ति गणेशजी की पूजा आरती में भाग लेते राजेंद्र कुमार अग्रवाल सुरेंद्र कुमार अग्रवाल गोपाल बलदवा मंजू संध्या विनोद टिकमानी विजय कुमार अग्रवाल अशोक लाखोटिया राहुल सिंघल भोज रेड्डी नरेंद्र अग्रवाल मोहन लाल मित्तल विट्ठलदास अग्रवाल प्रमोद कुमार अग्रवाल सरायवाला भोज रेड्डी सेसैया एव.अन्य भक्त गण।

## यूरिया की भारी कमी से किसान परेशान, सरकार मस्त : हरीश राव

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और बीआरएस के वरिष्ठ विधायक टी. हरीश राव ने कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह यूरिया की भारी कमी से किसानों को मुश्किलों में धकेल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि तेलंगाना कृषि संकट की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने एक किसान द्वारा उर्वरक वितरण केंद्र पर एक अधिकारी के पैर छूने के वायरल वीडियो पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, 'दस साल के बीआरएस शासन में किसान सम्मान के साथ जीते थे। आज, कांग्रेस के शासन में, उन्हें अधिकारियों के पैरों में गिरकर यूरिया के लिए गिड़गिड़ाना पड़ रहा है।' उन्होंने बताया कि किसान मूसलाधार बारिश में लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं और एक-एक बोरी खाद के लिए संघर्ष करते-करते आँसुओं से सराबोर हो रहे हैं।

# सीरवी समाज जीडिमेटला के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह



गांधी नगर स्थित काग निवास पर सीरवी समाज जीडिमेटला के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष रावतराम बर्फा,उपाध्यक्ष 1 सोहनलाल आदि।

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गांधी नगर स्थित काग निवास पर सीरवी समाज जीडिमेटला के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में अध्यक्ष रावतराम बर्फा,उपाध्यक्ष सोहनलाल परिहार, दुर्गाराम मुलेवा, सचिव प्रेम पवार,सह सचिव मंगलराम पंवार, कोषाध्यक्ष भंवरलाल काग , सुनील सीरवी,संतोष चोयल, अर्जुनलाल बर्फा,हेमाराम, सोहनलाल नितेश काग, शेषाराम परिहारीया, मिश्रीलाल वर्फा मोहनलाल सेणचा, केवलचन्द सेपटा ,शेषाराम पंवार, मांगीलाल काग,सुखाराम, उदाराम, मंगलाराम काग, चुतराराम सोनपुरा, मोहनलाल काग कानाराम बर्फा, भुण्डाराम वर्फा राजुराम लचेटा चंदणाराम चोयल सोहनलाल हाम्बड़,चौथाराम पंवार, थानाराम पंवार, हरिसिंह उदावत, मोहनलाल बर्फा,अशोक हाम्बड़,व समाज बन्धु उपस्थित रहे।

## मधिरा के मुन्नरु में लापता व्यक्ति का मिला शव

खम्मम, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के मधिरा में मुन्नेरू नदी में मंगलवार को लापता हुए एक व्यक्ति का शव बुधवार को मिला। मधिरा नगर पालिका के मदुपल्ली निवासी पी. विनोद (34) शिवालयम के पास नदी पर बने चेकडैम पर मछली पकड़ने गए थे। नदी का बहाव तेज़ होने के कारण वह पानी में गिर गए और बह गए। स्थानीय पुलिस और दमकलकर्मियों ने मंगलवार देर शाम तक उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। तहसीलदार रामबाबू और मधिरा थाने के एसएचओ रमेश ने एनडीआरएफ की टीम को लापता व्यक्ति की तलाश में लगाया और चेकडैम से कुछ दूरी पर उसका शव बरामद हुआ। ऐसी दुखद घटनाएं इसलिए हो रही हैं क्योंकि जनता पुलिस और राजस्व अधिकारियों द्वारा मछली पकड़ने या किसी अन्य गतिविधि के लिए उफनते जलाशयों में जाने के खिलाफ बार-बार दी गई चेतावनियों पर ध्यान नहीं दे रही थी।



चिंतल स्थित पंवार निवास पर सीरवी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित उपाध्यक्ष सोहनलाल परिहार, उपाध्यक्ष दुर्गाराम मुलेवा, सचिव प्रेम पंवार,सह सचिव मंगलराम पंवार, कोषाध्यक्ष भंवरलाल काग , संतोष चोयल शेषाराम पंवार, मांगीलाल काग,सुखाराम उदाराम मंगलाराम काग, चुतराराम सोनपुरा, मोहनलाल काग कानाराम बर्फा, भुण्डाराम वर्फा राजुराम लचेटा चंदणाराम चोयल सोहनलाल हाम्बड़, अमेदाराम चौथाराम पंवार,थानाराम पंवार व समाज बन्धु।

## बढ़ रहा है गोदावरी का जलस्तर, पहली चेतावनी जारी

कोत्तागुडेम, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के भद्राचलम में बुधवार को गोदावरी नदी का जलस्तर 43 फीट के स्तर को पार कर जाने के बाद पहली चेतावनी जारी की गई है। जिला कलेक्टर जितेश वी पाटिल ने बताया कि बाढ़ का स्तर सुबह 8.15 बजे 43 फीट के पहले चेतावनी स्तर पर पहुंच गया तथा इसके और बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य के लिए सभी बाढ़ ड्यूटी अधिकारियों को भद्राचलम में तैनात किया गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे बसे कई गाँवों का परिवहन संपर्क टूट गया, जिसके बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क कर दिया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

दक्षिण मध्य रेलवे

ई-टेंडर नं.इएलएस-बीजेडए-ईटीएन-06-2025-26 दि.18-08-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.8-9-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1, निविदा सं.बी/ई-221/टीआरएस/आरसी/544, ई-टेंडर नं.इएलएस-बीजेडए-ईटीएन-06-2025-26 दि.18-08-2025, कार्य विवरणः दो (02) वर्ष की अवधि के लिए, कन्वेन्शनल तथा 3-फेज बी.जी. इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज के आक्सीलरी मोटर्स की मरम्मत/रेहाबिलिटेशन/ओवरहालिंग कार्य। पूरा करने की अवधिः 24 महिने (2 वर्ष), निविदा मूल्यः रु.1,65,59,132.33, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.2,32,800.00, निविदा दस्तावेज मूल्य रू.शून्य, निविदा बंद करने की तिथि व समयः8-9-2025 के 15.00 बजे

निविदा नियम शर्ते/अन्य विवरण जैसे संपूर्ण कार्य विवरण, उपरोक्त कार्य से जुडा तत्समान स्वभाव का कार्य, योग्यता मानदण्ड आदि, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध है।

भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, तत्संबंधित किसी भी निविदा के, कोई भी परिवर्तनों /शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए, निविदा बंद करने की तिथि से पहले, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

तत्संबंधित निविदा सूचना को, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता कार्यालय, ट्रैक्शन रोलिंग स्टाक, इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा स्थित नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है।

रेल प्रशासन के पास, कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी निविदा को निरस्त या कैंसल करने का अधिकार सुरक्षित है।

हमारा वेबसाइटः www.ireps.gov.in

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, (टीआरएस), इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए

ई-टेंडर नं.इएलएस-बीजेडए-ईटीएन-07-2025-26 दि.18-08-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.8-9-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1, निविदा सं.बी/ई-221/टीआरएस/आरसी/545, ई-टेंडर नं.इएलएस-बीजेडए-ईटीएन-07-2025-26 दि.18-08-2025, कार्य विवरणः दो (02) वर्ष की अवधि के लिए, कन्वेन्शनल तथा 3-फेज बी.जी. इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज के आक्सीलरी मोटर्स की रिवाइन्डिंग कार्य। पूरा करने की अवधिः 24 महिने (2 वर्ष), निविदा मूल्यः रु.80,62,460.50, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.1,61,300.00, निविदा दस्तावेज मूल्य रू.शून्य, निविदा बंद करने की तिथि व समयः8-9-2025 के 15.00 बजे

निविदा नियम शर्ते/अन्य विवरण जैसे संपूर्ण कार्य विवरण, उपरोक्त कार्य से जुडा तत्समान स्वभाव का कार्य, योग्यता मानदण्ड आदि, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध है।

भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, तत्संबंधित किसी भी निविदा के, कोई भी परिवर्तनों /शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए, निविदा बंद करने की तिथि से पहले, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

तत्संबंधित निविदा सूचना को, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता कार्यालय, ट्रैक्शन रोलिंग स्टाक, इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा स्थित नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है।

रेल प्रशासन के पास, कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी निविदा को निरस्त या कैंसल करने का अधिकार सुरक्षित है।

हमारा वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, (टीआरएस), इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से, व के लिए

ई-टेंडर नं.इएलएस-बीजेडए-ईटीएन-08-2025-26 दि.18-08-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.8-9-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1, निविदा सं.बी/ई-221/टीआरएस/आरसी/546, ई-टेंडर नं.इएलएस-बीजेडए-ईटीएन-08-2025-26 दि.18-08-2025, कार्य विवरणः 3-फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज के लिए, 6531 केवीए ट्रांसफार्मर्स की मरम्मत/रिकण्डीशनिंग कार्य, मात्रा -04 नग (इएलस/बीजेडएः01नग, इएलस/केजेडजेः01नग, डीएसएल/बीजेडएः01नग एवं डीएसएल/जीवायः01नग)। पूरा करने की अवधिः 36 महिने (3 वर्ष), निविदा मूल्यः रु.1,96,66,942.24, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.2,48,300.00, निविदा दस्तावेज मूल्य रू.शून्य, निविदा बंद करने की तिथि व समयः8-9-2025 के 15.00 बजे

निविदा नियम शर्ते/अन्य विवरण जैसे संपूर्ण कार्य विवरण, उपरोक्त कार्य से जुडा तत्समान स्वभाव का कार्य, योग्यता मानदण्ड आदि, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध है।

भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, तत्संबंधित किसी भी निविदा के, कोई भी परिवर्तनों /शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए, निविदा बंद करने की तिथि से पहले, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

तत्संबंधित निविदा सूचना को, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता कार्यालय, ट्रैक्शन रोलिंग स्टाक, इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा स्थित नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है।

रेल प्रशासन के पास, कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी निविदा को निरस्त या कैंसल करने का अधिकार सुरक्षित है।

हमारा वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, (टीआरएस), इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए

ई-टेंडर नं.इएलएस-बीजेडए-ईटीएन-09-2025-26 दि.18-08-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.8-9-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1, निविदा सं.बी/ई-221/टीआरएस/आरसी/547, ई-टेंडर नं.इएलएस-बीजेडए-ईटीएन-09-2025-26 दि.18-08-2025, कार्य विवरणः इएलएस/बीजेडए -इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा पर 3-फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज के लिए, 7775 केवीए ट्रांसफार्मर की मरम्मत/रेहाबिलिटेशन/ रिकण्डीशनिंग कार्य। पूरा करने की अवधिः 36 महिने (3 वर्ष), निविदा मूल्यः रु.1,51,82,956.92 पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.2,25,900.00, निविदा दस्तावेज मूल्य रू.शून्य, निविदा बंद करने की तिथि व समयः8-9-2025 के 15.00 बजे

निविदा नियम शर्ते/अन्य विवरण जैसे संपूर्ण कार्य विवरण, उपरोक्त कार्य से जुडा तत्समान स्वभाव का कार्य, योग्यता मानदण्ड आदि, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध है।

भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, तत्संबंधित किसी भी निविदा के, कोई भी परिवर्तनों /शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए, निविदा बंद करने की तिथि से पहले, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

तत्संबंधित निविदा सूचना को, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता कार्यालय, ट्रैक्शन रोलिंग स्टाक, इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा स्थित नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है।

रेल प्रशासन के पास, कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी निविदा को निरस्त या कैंसल करने का अधिकार सुरक्षित है।

हमारा वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, (टीआरएस), इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए

A1230

निविदा नियम शर्ते/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया हमारे वेबसाइट्स https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

# क्या तीनों फॉर्मेट में भारत के कप्तान बनेंगे शुभमन गिल

## टी-20 और वनडे में उप कप्तान बने, टेस्ट में मिल चुकी है कमान

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। बीसीसीआई ने एशिया कप के लिए भारत की टी-20 टीम घोषित की। सोमवार तक कई मीडिया रिपोर्ट्स और एक्सपर्ट्स दावा कर रहे थे कि शुभमन गिल को टी-20 टीम में मौका तक नहीं मिलेगा। हालांकि, जब टीम अनाउंस हुई तो गिल को न सिर्फ मौका मिला, बल्कि उन्हें उप कप्तान भी बना दिया गया।

शुभमन को इसी साल टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई। उन्हें पिछली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में वनडे टीम का उप कप्तान भी बनाया गया था। अब टी-20 टीम में भी लीडरशिप रोल देकर बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि शुभमन जल्द ही तीनों फॉर्मेट में भारत के कप्तान बना दिए जाएंगे।




**टी-20 फॉर्मेट में कप्तानी कर चुके हैं**

2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे पर गई। जहां शुभमन गिल को ही कप्तान बनाया गया। श्रीलंका में अगली सीरीज हुई, जहां सूर्यकुमार यादव को कप्तानी और शुभमन को उप कप्तानी सौंपी गई। यानी मैनेजमेंट ने गिल को लीडरशिप की जिम्मेदारी देने का मन बना लिया था। बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ बिजी शेड्यूल के कारण शुभमन को टी-20 टीम में मौका नहीं मिला। इस कारण अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया। अब जब एशिया कप के दौरान कोई और टूर्नामेंट नहीं है, इसलिए शुभमन को टीम में मौका भी मिला और उन्हें उप कप्तान भी बना दिया गया।

**टेस्ट कप्तानी में इंग्लैंड में सीरीज ड्रॉ कराई**

इसी साल में मई में टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली ने संन्यास ले लिया। जिसके बाद शुभमन गिल को टीम इंडिया का नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। इंग्लैंड के खिलाफ पहली ही सीरीज में उन्होंने इस मौके को भुनाया और टीम को 2 मुकाबले जिताए। शुभमन ने बैट से भी अपना फॉर्म साफ जाहिर कर दिया और 750 रन बना दिए। शुभमन की कप्तानी में इंग्लैंड में सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई। इंग्लैंड सीरीज के साथ उन्होंने दर्शा दिया कि वे लंबे समय तक इस फॉर्मेट में टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं।

**वनडे टीम के कप्तान भी जल्द ही बन जाएंगे**

चैंपियंस ट्रॉफी में शुभमन को उप कप्तान बनाए जाने से साफ हो गया कि वनडे में रोहित शर्मा के बाद गिल ही कमान संभालेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा भी किया जा रहा है कि उन्हें इसी साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान कप्तान बना दिया जाएगा। कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि 2027 में वनडे वर्ल्ड कप तक रोहित ही कप्तान बने रहेंगे। वहीं वर्ल्ड कप के बाद शुभमन इस फॉर्मेट में भी टीम की कमान संभाल लेंगे। गिल वनडे बैटर्स रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज हैं और इस फॉर्मेट में उनकी जगह भी पक्की है। ऐसे में देखना अहम होगा कि शुभमन को वनडे फॉर्मेट का कप्तान कब बनाया जाएगा।

**2026 के बाद टी-20 की कप्तानी मिल सकती है**

टी-20 फॉर्मेट में सूर्यकुमार यादव 2026 के टी-20 वर्ल्ड कप तक तो कमान संभालते नजर आएंगे। हालांकि, ऐसा जरूरी नहीं कि टूर्नामेंट के बाद भी उन्हें ही कमान मिले। अगर भारत आईसीसी टूर्नामेंट जीत गया तो सूर्या आगे भी कन्टीन्यू कर सकते हैं, लेकिन टीम टाइटल डिफेंड नहीं कर सकी तो वर्ल्ड कप के ठीक बाद शुभमन को कमान सौंपी जा सकती है। सूर्या बतौर प्लेयर टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

शुभमन भारत की टी-20 कप्तानी कर चुके हैं और उन्हें आईपीएल में गुजरात टाइटंस को 2 सीजन तक लीड करने का अनुभव भी है। पिछले सीजन तो उन्होंने टीम को प्लेऑफ में भी जगह दिलाई। हालांकि, टीम एलिमिनेटर में हारकर बाहर हो गई। रिकॉर्ड्स को देखते हुए वे लंबे समय तक गुजरात की कमान संभालते नजर आएंगे।

### आईसीसी की वनडे बैटर्स रैंकिंग से रोहित-कोहली के नाम गायब
### गिल टॉप पर कायम

आईसीसी की ताजा रैंकिंग से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब हो गए हैं। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे। रोहित शर्मा नंबर-2 पर थे, जबकि विराट कोहली नंबर-4 पर थे। लेकिन, बुधवार को जब वनडे बैटर्स की रैंकिंग जारी हुई तो उसमें न तो रोहित शर्मा का नाम था और न ही विराट कोहली का। संभव है कि, यह किसी गलती या तकनीकी कारण से हुआ हो। क्योंकि, आईसीसी की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। 3 साल पहले आईसीसी ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब ढाई घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था। ताजा रैंकिंग में शुभमन गिल 784 अंक के साथ नंबर-1 पर कायम हैं, जबकि बाबर आजम (739 अंक) दूसरे नंबर पर आ गए हैं। गिल के अलावा, श्रेयस अय्यर ही दो भारतीय खिलाड़ी हैं, जो ओडीआई बल्लेबाज रैंकिंग के टॉप 10 में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के शाई होप को 2 स्थान का फायदा हुआ है।

# पैसा लगाकर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने वाला बिल लोकसभा से पास




नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा ने बुधवार को पैसे से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने से जुड़ा विधेयक पारित कर दिया। इसका मकसद इन गेम्स की लत, धन शोधन और वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाना है। ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025, ऑनलाइन मनी गेम्स से संबंधित विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ बैंकों और वित्तीय संस्थानों को ऐसे किसी भी गेम के लिए धन की सुविधा प्रदान करने या स्थानांतरित करने से रोकता है।

सदन में विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की संक्षिप्त टिप्पणी के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। ऑनलाइन मनी गेम वह गेम है जिसे यूजर पैसा और अन्य फायदे जीतने की उम्मीद में पैसा जमा करके खेलता है।

यह विधेयक सभी ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ (सट्टा और जुआ) गतिविधियों को गैरकानूनी घोषित करता है। ऑनलाइन फैंटेसी खेलों से लेकर ऑनलाइन जुआ (जैसे पोकर, रम्मी और अन्य कार्ड गेम) और ऑनलाइन लॉटरी तक इस बिल के कानून बनने के बाद अवैध हो जाएंगे। संसद के दोनों सदनों की ओर से विधेयक पारित हो जाने के बाद, ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर तीन वर्ष तक की कैद और/या 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

# सिंकफील्ड कप में गुकेश की जीत

## अब्दुसत्तोरोव को हराकर की जबरदस्त वापसी

सेंट लुई, 20 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने शुरुआती दौर की असफलता को पीछे छोड़ते हुए यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर शानदार जीत दर्ज की।



पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे। एक अन्य मैच में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ़ को हराया।

अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के 3,75,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला।

अब जबकि सात दौर का खेल होना बाकी है तब प्रज्ञानंद, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारूआना, वेस्ली सो, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। डूडा आधे अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव लगातार दूसरी बाजी हारने के बाद अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं।

# एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान

## हरमनप्रीत को कमान सौंपी; पिछले साल पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जिताया था

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को टीम जारी की। पेरिस ओलिंपिक में भारत को ब्रॉन्ज जिताने वाले हरमनप्रीत सिंह को टीम की कमान सौंपी कई है।

कृष्णा बहादुर पाठक और सुरज केरकेटा को दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश की जिम्मेदारी सौपी गई है। श्रीजेश ने पिछले साल ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। सुमित, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और जुगराज सिंह को रक्षा पंक्ति में रखा गया है, जबकि मंदीप सिंह, शैलेंद्र लाकरा, अभिषेक और दिलप्रीत जैसे नाम फरवर्ड लाइन में हैं। मनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद को मिडफील्डर्स में रखा गया है।



**भारतीय हॉकी टीम**

गोलकीपर्स : कृष्ण बहादुर पाठक, सुरज केरकेटा। डिफेंडर्स : सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह। मिडफील्डर्सः राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद। फॉरवर्ड : मंदीप सिंह, शैलेंद्र लाकरा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह। अल्टर्नेट ऑप्शनः नीलम संजीप, सेल्वम करथी।

**हॉकी एशिया कप का नया ड्रॉ**

एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

**एशिया कप का गौरवशाली इतिहास**

एशिया कप हॉकी की शुरुआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है। इसके इतिहास में सबसे सफल टीम दक्षिण कोरिया रही है, जिसने पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है। भारत और पाकिस्तान दोनों ने तीन-तीन बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। दिलचस्प बात यह है कि भारत आठ बार फाइनल में पहुंचा है, लेकिन पांच बार हार का सामना करना पड़ा है। यह आंकड़ा भारतीय हॉकी की निरंतरता और दृढ़ता को दर्शाता है।

# वीजा विलंब से एथलीट परेशान : विश्व चैंपियनशिप से पहले भारतीय मुक्केबाजों का ब्रिटेन अभ्यास दौरा बाधित

नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व चैंपियनशिप से पहले भारतीय मुक्केबाजों की अभ्यास के लिये ब्रिटेन यात्रा वीजा मिलने में विलंब के कारण बाधित हो गई है। भारतीय दल को रविवार को कई देशों के अभ्यास शिविर में भाग लेने शेफील्ड जाना था । चार से 14 सितंबर तक लिवरपूल में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिये यह शिविर अहम माना जा रहा है।

सिर्फ चार महिला मुक्केबाजों और कोचिंग स्टाफ के कुछ सदस्यों को ही वीजा मिल सका और वे ब्रिटेन पहुंचे हैं। दस सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम और छह महिला मुक्केबाज अभी भी एनआईएस पटियाला में हैं और वीजा मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इस समय पुरूष मुक्केबाजों के पास सिर्फ एक कोच है क्योंकि मुख्य कोच धर्मेंद्र यादव समेत तीन अन्य कोच शेफील्ड में हैं।

यादव ने कहा, 'हम तीन यहां पहुंच गए हैं लेकिन बाकी पुरूष मुक्केबाज वीजा का इंतजार कर रहे हैं। हमें बुधवार से अभ्यास शुरू करना था लेकिन इसे रद्द करना पड़ा क्योंकि हमें नहीं पता कि वीजा कब मिलेगा और मुक्केबाज यहां कब पहुंचेंगे।' भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के कामकाज का संचालन कर रही अंतरिम समिति ने कहा कि वह ब्रिटेन में भारतीय दूतावास, खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के लगातार संपर्क में है।

समिति के सदस्य अर्जुन मलिक ने कहा, 'लेकिन प्रक्रिया स्वचालित है जिससे किसी भी दखल से विलंब का समाधान नहीं निकल सकता । हमारी तरफ से पूरी तैयारी है लेकिन तस्वीर साफ होने पर ही बाकी सदस्य बिना विलंब के ब्रिटेन पहुंच सकेंगे । अभी तक 31 सदस्यीय दल में से 12 सदस्य इंग्लैंड पहुंच पाए हैं।'

दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन, मीनाक्षी, पूजा रानी और नुपूर शेरोन ही शेफील्ड पहुंच सके हैं। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन, राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता जैसमीन लंबोरिया, एशियाई खेलों के पदक विजेता नरेंदर समेत बाकी अभी पटियाला में ही हैं। शिविर में आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, उजबेकिस्तान, अमेरिका और पोलैंड समेत कई देशों के मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

# 'खिलाड़ी लाचार हैं' भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर गावस्कर का बड़ा बयान

मुंबई, 20 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 में टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर से करेगी। टूर्नामेंट को लेकर टीम इंडिया का ऐलान भी हो चुका है। एकबार फिर से सूर्यकुमार यादव टी20 टीम की कप्तानी करने वाले हैं, तो वहीं शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। इस टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर कुछ भारतीय फैंस में काफी आक्रोश देखने को भी मिल रहा है। जिसको लेकर सोशल मीडिया पर आए दिन कुछ फैंस खिलाड़ी, टीम इंडिया और बीसीसीआई की आलोचना करते हुए दिखाई देते हैं। वहीं अब भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर ने भारतीय खिलाड़ियों का सपोर्ट किया है।



भारत-पाकिस्तान मैच पर क्या बोले सुनील गावस्कर?

एक इंटरव्यू के दौरान सुनील गावस्कर ने बताया कि " अगर सरकार ने कोई फैसला ले लिया है, तो मुझे नहीं लगता कि खिलाड़ियों की आलोचना या उन पर टिप्पणी की जा सकती है, क्योंकि खिलाड़ी आखिरकार बीसीसीआई के साथ अनुबंधित हैं और वे भारत सरकार से निर्देश लेंगे। इसलिए यह पूरी तरह से उसी पर निर्भर करता है। " वहीं बीसीसीआई ने पाकिस्तान से मैच खेलने के लिए विदेश मंत्रालय से मंजूरी ले ली है। जिसपर फैंस का बहुत बड़ा वर्ग नाखुश है।

इस साल मई में पहलगाम में आतंकी हमला देखने को मिला था। जिसमें लगभग 27 मासूम लोगों की जान चली गई थी। जिसके बाद पूरे भारत में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश देखने को मिला था। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलने लेकर भी सवाल खड़े किए थे और कहा था कि किसी भी खेल में अब भारतीय टीम को पाकिस्तान के साथ खेलना नहीं चाहिए।

इसके बाद वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 में भी भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के साथ मैच खेलने से मना कर दिया था। हालांकि अब टीम इंडिया एशिया कप 2025 में पाकिस्तान के साथ खेलती हुई दिखाई देगी। एशिया कप 2025 में टीम इंडिया 14 सितंबर को पाकिस्तान के साथ मैच खेलेगी।

# सालाह इंग्लिश फुटबॉल के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए, महिलाओं में कैल्डेन्टी को अवॉर्ड



लंदन, 21 अगस्त (एजेंसियां)। लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन पुरस्कारों में पिछले सत्र के लिए इंग्लिश फुटबॉल में साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष चुना गया। वहीं, महिलाओं में आर्सेनल की मिडफील्डर मैरियोना कैल्डेन्टी ने यह अवॉर्ड जीता।

इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। मिस्र के इस 33 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में 29 गोल किए, जिसकी बदौलत लिवरपूल ने रिकॉर्ड 20वीं बार चैंपियनशिप जीती। सालाह ने इस वर्ष के शुरू में तीसरी बार फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार भी जीता था।

महिला वर्ग में 29 वर्षीय कैल्डेन्टी ने आर्सेनल के साथ अपने पहले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और सभी प्रतियोगिताओं में 19 गोल किए। एस्टन विला के मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष युवा खिलाड़ी चुना गया, जबकि सबसे अधिक कीमत पर आर्सेनल से जुड़ने वाली कनाडा की स्ट्राइकर ओलिविया स्मिथ ने महिला वर्ग में यह पुरस्कार हासिल किया।

**एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड को जीत दिलाई**

फुटबॉल की अन्य खबरों में किलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की।

पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेजबान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे।

रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था।

# पी. अर्जुन तेंदुलकर ने की तूफानी ओपनिंग, 258 की स्ट्राइक रेट से ठोके रन



विशाखापत्तनम, 20 अगस्त (एजेंसियां)। अर्जुन तेंदुलकर का नाम तो आप सुन ही चुके हैं. जी हां, वही जो सचिन तेंदुलकर के बेटे हैं और जिनकी अभी हाल ही में सानिया चंडोक के साथ सगाई हुई है. लेकिन, हम यहां उस अर्जुन तेंदुलकर की नहीं बल्कि पी. अर्जुन तेंदुलकर की बात कर रहे हैं. नाम भले ही एक समान हो. लेकिन, ये दोनों खिलाड़ी अलग-अलग हैं. हम जिनकी बात कर रहे हैं वो पी. अर्जुन तेंदुलकर इन दिनों आंध्र प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं. वो सचिन के बेटे अर्जुन की तरह ऑलराउंडर नहीं बल्कि एक ओपनर हैं. हां खिलाड़ी दोनों बाएं हाथ के ही है. 19 अगस्त को एपीएल 2025 में खेले मुकाबले में पी. अर्जुन तेंदुलकर ने ओपनिंग करते हुए बल्ले से जोरदार धमाका किया है. आध्र प्रीमियर लीग में 19 अगस्त को काकिंदा किंग्स और भीमावरम बुल्स के बीच मुकाबला खेला गया. इस मुकाबले में पिता अर्जुन तेंदुलकर काकिंदा किंग्स का हिस्सा थे. भीमावरम बुल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 214 रन बनाए. अब जब 215 रन के लक्ष्य का पीछा करने काकिंदा किंग्स की टीम उतरी तो उसे धमाकेदार शुरुआत की जरूरत थी, जो कि उसे पिता अर्जुन तेंदुलकर ने बखूबी दिलाई.20 साल के पिता अर्जुन तेंदुलकर ने बतौर ओपनर तूफानी बैटिंग की ऐसी नुमाइश की कि छक्के-चौके में कोई फर्क ही नहीं किया. मतलब उन्होंने जितने छक्के मारे, उतने ही चौके. उन्होंने अपनी इनिंग में 50 प्रतिशत गेंदें बाउंड्री के बाहर मारी और 258 से भी ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन ठोके. तेदुलकर सरनेम वाले काकिंदा किंग्स के सलामी बल्लेबाज ने अपनी ताबड़तोड़ इनिंग में सिर्फ 12 गेंदों का सामना किया और उस पर 3 छक्के, 3 चौके जमाते हुए 31 रन ठोक दिए.

# श्रीशंकर राष्ट्रीय अंतर-राज्य एथलेटिक्स में बिखेरेंगे चमक, नीरज नहीं होंगे शामिल

चेन्नई, 20 अगस्त (एजेंसियां)। लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर, फर्राटा धावक अनिमेश कुजूर और भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी जैसे अनुभवी एथलीट बुधवार से शुरू होने वाली राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। इस पांच दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा। इससे भारतीय खिलाड़ियों के पास विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाने का अंतिम मौका मिलेगा। टोक्यो में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए ज्यादातर स्पर्धाओं की क्वालिफिकेशन की अंतिम तिथि 24 अगस्त है।




इस आयोजन में हालांकि दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले और पारुल चौधरी, बाधा धाविका ज्योति याराजी और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक लंबी दूरी के धावक गुलबीर सिंह भाग नहीं लेंगे। चोपड़ा अपने विश्व चैंपियनशिप खिताब का बचाव करने की तैयारी में विदेश में अभ्यास और प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने 28 अगस्त को ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। साबले चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर है जबकि ज्योति, पारुल और गुलबीर विश्व चैंपियनशिप का टिकट पक्का करने के बाद विदेश में अभ्यास कर रहे हैं। श्रीशंकर चोट के वापसी के बाद शानदार लय में है लेकिन लंबे समय तक खेल से दूर रहने के कारण उन्हें रेस टू टोक्यो रैंकिंग नहीं मिली है। ऐसे में उन्हें विश्व चैंपियनशिप का टिकट पक्का करने के लिए 8.27 मीटर की बाधा को पार करनी होगी। मौजूदा सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.13 मीटर का रहा है।

ओडिशा के धावक कुजूर के नाम 100 मीटर (10.18 सेकंड) और 200 मीटर (20.32 मीटर) का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है और वह विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करने की दौड़ में है। वह यहां सिर्फ 200 मीटर में चुनौती पेश करेंगे। वह इसमें रोड टू टोक्यो रैंकिंग में 42वें स्थान पर है। शीर्ष 48 स्थान वाले खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करेंगे। अनु रानी भी रोड टू टोक्यो रैंकिंग में 28वें स्थान पर है। भाला फेंक में शीर्ष 36 खिलाड़ी टोक्यो के लिए क्वालिफाई करेंगे। 32 साल की एशियाई खेलों की यह चैंपियन पिछले कुछ आयोजनों में 60 मीटर की दूरी तय कर रही है।

# 2035 तक हैदराबाद टोक्यो तथा न्यूयॉर्क शहरों को टक्कर देगा : रेवंत रेड्डी

## मुख्यमंत्री ने हैदराबाद को एक वैश्विक शहर और "वैश्विक प्रतिस्पर्धी" बनाने का संकल्प लिया



हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने आज घोषणा की कि राज्य सरकार अपनी प्रमुख विजन योजना "तेलंगाना राइजिंग 2047" के तहत एक महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार कर रही है ताकि राज्य का व्यापक विकास सुनिश्चित किया जा सके, जिसमें हैदराबाद परिवर्तन के केंद्र में होगा।

उन्होंने कहा, "2035 तक हैदराबाद पूरी दुनिया में सबसे अधिक मांग वाला शहर होगा और टोक्यो तथा न्यूयॉर्क शहरों को टक्कर देगा। मुसी कायाकल्प परियोजना के माध्यम से पुराने शहर का गौरव वापस लाया जाएगा। हैदराबाद के विकास में बाधा डालने वाली ताकतें हमारी दुश्मन हैं।" आज यहाँ गच्चीबोवली में एकीकृत उप-पंजीयक और जिला पंजीयक कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का दीर्घकालिक उद्देश्य हैदराबाद को 2035 तक "दुनिया के सबसे लोकप्रिय शहर" के रूप में स्थापित करना है, ताकि वह केवल बेंगलुरु और चेन्नई ही नहीं, बल्कि टोक्यो और न्यूयॉर्क से भी प्रतिस्पर्धा कर सके। हैदराबाद को पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है, लेकिन भविष्य का विकास दुनिया के अग्रणी शहरी केंद्रों के बराबर होना चाहिए। रेवंत रेड्डी ने कहा, "हमारा लक्ष्य हैदराबाद को केवल बेंगलुरु और चेन्नई ही नहीं, बल्कि दुनिया के शीर्ष शहरों से प्रतिस्पर्धा करने योग्य बनाना है।" उन्होंने चेतावनी दी कि विकास परियोजनाओं में बाधा डालने वाली राजनीतिक ताकतें शहर की दुश्मन हैं।

मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि हाईटेक सिटी की स्थापना के दौरान भी इसी तरह के विरोध का सामना करना पड़ा था, फिर भी हैदराबाद एक वैश्विक आईटी केंद्र के रूप में उभरा है। "हम उन लोगों को करारा जवाब देंगे जो "मूसी कायाकल्प" और "भारत फ्यूचर सिटी" जैसी परियोजनाओं में बाधा डालने की कोशिश करते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी देश में आईटी क्रांति के पीछे दिमाग थे और कांग्रेस सरकार ने हैदराबाद में हाईटेक सिटी की नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्रियों की दूरदर्शिता के कारण कई वैश्विक आईटी कंपनियों ने शहर में अपनी कंपनियाँ स्थापित की हैं। इस अवसर पर, उन्होंने पुराने शहर को "हैदराबाद की आत्मा" बताया और कहा कि सरकार मूसी कायाकल्प परियोजना के माध्यम से इसके ऐतिहासिक गौरव को पुनर्स्थापित करेगी। योजनाओं में "गोदावरी नदी के पानी को मूसी में लाना" शामिल है ताकि साल भर पानी का प्रवाह सुनिश्चित हो सके और "मूसी रिवरफ्रंट" का विकास संभव हो सके।

### आधुनिक एकीकृत पंजीयक कार्यालय तैयार होगा

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आधुनिकीकरण के एक हिस्से के रूप में, मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना स्थापना दिवस यानी 2 जून, 2026 तक 11 नए एकीकृत उप-पंजीयक कार्यालय तैयार हो जाएँगे। ये कार्यालय अत्याधुनिक सुविधाएँ, जिन्हें पाँच सितारा माहौल और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के मानकों के अनुरूप डिज़ाइन किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि एकीकृत रजिस्ट्रार कार्यालय, जो महत्वपूर्ण राजस्व का योगदान करते हैं, कुशल सेवा वितरण और नागरिकों की समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करेंगे। रेवंत रेड्डी ने रेखांकित किया कि हैदराबाद का विस्तार और एकीकृत विकास रोज़गार और आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि "तेलंगाना राइजिंग 2047" विज़न पूरे राज्य में संतुलित शहरी विकास, औद्योगिक उन्नति और सामाजिक विकास के लिए एक व्यापक ढाँचे के रूप में कार्य करेगा।

## केंद्र का सट्टेबाजी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने का फैसला ऐतिहासिक: वीसी सज्जनार

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टीजीएसआरटीसी के एमडी वीसी सज्जनार ने बुधवार को कहा कि केंद्र द्वारा ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने के फैसले के साथ "SayNoToBettingApps" आंदोलन सफल रहा है। उन्होंने ऑनलाइन सट्टेबाजी पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक के पेश होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, "अनगिनत युवाओं की ज़िंदगी बर्बाद कर रहे ऑनलाइन सट्टेबाजी पर प्रतिबंध लगाने का केंद्र सरकार का फैसला बेहद स्वागत योग्य है। यह ऐतिहासिक है। यह कदम न केवल कई लोगों की जान बचाएगा, बल्कि हमारे समाज के सामाजिक ताने-बाने को जुए की लत के खतरनाक परिणामों से भी बचाएगा। पिछले कुछ महीनों से, मैं युवाओं पर सट्टेबाजी ऐप्स के प्रभाव के खिलाफ लगातार आवाज़ उठा रहा हूँ। यह गर्व की बात है कि #SayNoTo-BettingApps आंदोलन पूरे देश और विदेश के लाखों जागरूक नागरिकों द्वारा शुरू किया गया है। यह सामूहिक संघर्ष आखिरकार रंग लाया है।" उन्होंने यह भी कहा कि इस फैसले से भारत के युवाओं को बहुत फायदा होगा और इससे वे मानसिक और आर्थिक गुलामी के जाल में फँसने के बजाय शिक्षा, करियर और रचनात्मकता के माध्यम से एक सुनहरे भविष्य के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर पाएँगे। "यह समाज को एक स्वस्थ और प्रगतिशील दिशा में ले जाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। युवा मित्रों, मैं एक बार फिर युवाओं से आग्रह करता हूँ कि वे सट्टेबाज़ी वाले ऐप्स से दूर रहें!

# भाजपा की साज़िशों का मुकाबला करना युवाओं की ज़िम्मेदारी : महेश गौड़

## कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी



हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने सोमाजीगुडा सर्कल स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और देश के लिए उनके योगदान को याद किया।

मंत्री पोन्नम प्रभाकर, वरिष्ठ नेता वी. हनुमंत राव, विधायक दानम नागेंद्र, मत्स्य निगम के अध्यक्ष मेट्टू साई कुमार और कलवा सुजाता, महिला आयोग की अध्यक्ष नेरेल्ला शारदा, पार्षद संगीता यादव, विजयलक्ष्मी और कई अन्य प्रमुख नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए, टीपीसीसी प्रमुख ने राजीव गांधी को देश में सुधारों का अग्रदूत और एक दूरदर्शी नेता बताया, जिन्होंने भारत को एक नए रास्ते पर अग्रसर किया और उसे दुनिया के अग्रणी देशों के साथ खड़ा होने में सक्षम बनाया। उन्होंने राजीव गांधी के उस ऐतिहासिक फैसले को याद किया जिसमें उन्होंने मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी थी, जिससे राजनीति में युवाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित हुई। महेश कुमार गौड़ ने कहा कि राजीव गांधी का असामयिक निधन राष्ट्र के लिए एक अपूरणीय दुर्भाग्य है। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राजीव गांधी की दूरदर्शिता पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भारत की वर्तमान तीव्र प्रगति केवल इसलिए संभव हुई क्योंकि राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रौद्योगिकी क्षेत्र की एक मजबूत नींव रखी। टीपीसीसी प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि राजीव गांधी हर क्षेत्र में एक दूरदर्शी व्यक्ति थे और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने सत्ता के लिए वोट चुराने के स्तर तक खुद को गिरा दिया है, और सवाल किया कि मोदी, जिन्होंने तीसरी बार इस तरह के कुकृत्य के ज़रिए, उनकी तुलना राहुल गांधी से की जा सकती है। महेश कुमार गौड़ ने भाजपा नेताओं पर नेहरू की विरासत को मिटाने और सरदार वल्लभभाई पटेल को अपना बताने का झूठा प्रयास करने का आरोप लगाया, जबकि पटेल एक सच्चे कांग्रेसी थे। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भाजपा की साज़िशों का मुकाबला करना युवाओं की ज़िम्मेदारी है और युवा पीढ़ी से सच्चा इतिहास जानने का आग्रह किया। शहर स्थित पार्टी मुख्यालय गांधी भवन में भी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़, मंत्री पूनम प्रभाकर, सरकारी सलाहकार शब्बीर अली, विधायक दानम नागेंद्र, निगम अध्यक्ष फ़हीम कुरैशी, पूर्व सांसद वी हनुमंत राव और अन्य लोगों ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर, एनएसयूआई द्वारा गांधी भवन में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

## मेडारम सम्मक्का सरलम्मा महा जतरा के लिए सरकार ने 150 करोड़ रुपये मंजूर किए

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने 150 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है। आदिवासी कल्याण विभाग ने इस आवंटन के लिए आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं। जनवरी 2026 के लिए निर्धारित इस धनराशि का उपयोग मुलुगु जिले में स्थित मेडारम में स्थायी निर्माण परियोजनाओं के लिए किया जाएगा। इस घोषणा के दौरान, पंचायत राज मंत्री सीतक्का ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क और आदिवासी कल्याण मंत्री अदलुरु लक्ष्मण कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पुलिस आयुक्त ने विवादों के समाधान हेतु "कार्यकारी अदालत" का आयोजन किया



हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने आज बंजारा हिल्स स्थित हैदराबाद पुलिस आयुक्तालय में एक "कार्यकारी अदालत" का आयोजन किया, जिसमें दक्षिण, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में सक्रिय "राउडी शीटर्स" और "आपराधिक गिरोहों" के बीच विवादों का निपटारा किया गया। रिपोर्टों से पता चला है कि ये गिरोह "हत्या, हत्या के प्रयास और आपसी हमलों" में शामिल थे। 10 पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले 11 गिरोहों के कुल 101 सदस्यों से पूछताछ की गई। जहाँ छह गिरोहों ने दावा किया कि उन्होंने अपने विवादों को बुजुर्गों के माध्यम से सुलझा लिया है, वहीं अन्य ने अदालत को आश्वासन दिया कि वे शांति बनाए रखेंगे। आयुक्त ने सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि शांति सुनिश्चित करने के लिए बीएनएसएस, 2023 की धारा 126 के तहत मुचलके भरे जाएँगे। डीसीपी के. अपूर्व राव और संबंधित पुलिस थानों के अन्य अधिकारी कार्यवाही में शामिल हुए।

## अंतरराज्यीय डकैती गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। चंदा नगर, हैदराबाद में एक ज्वैलर्स, हुई डकैती की घटना के मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत चंदा नगर थाने की पुलिस ने दो और आरोपियों अनीश कुमार सिंह और प्रिंस कुमार रजक को गिरफ्तार किया है, जो इस अपराध में शामिल हैं और बिहार के रहने वाले हैं। आरोपियों को पिंपरी, चाकन, पुणे से गिरफ्तार किया गया और उनके पास से एक पिस्तौल और चोरी के आभूषण को बरामद किया है। उनके कब्जे से लगभग 1,015 ग्राम वजन के चांदी के आभूषण बरामद किए गए। शेष आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने तथा शेष संपत्ति की बरामदगी के लिए जाँच जारी है। गिरफ्तारियाँ साइबराबाद के पुलिस आयुक्त की देखरेख में साइबराबाद के एसओटी, सीसीएस, एल एंड ओ कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों से की गईं।

### पंजागुट्टा फ्लाईओवर से गिरकर बाइक सवार घायल

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार रात पंजागुट्टा फ्लाईओवर से गिरकर तीन लोग घायल हो गए। बाइक सवार तीनों लोग बेगमपेट से बंजारा हिल्स जा रहे थे। जब वे पंजागुट्टा फ्लाईओवर पर पहुँचे, तो तेज़ रफ़्तार से गाड़ी चला रहे ड्राइवर ने बाइक फ्लाईओवर की दीवार से टकरा दी। बाइक पर सवार तीनों व्यक्ति हवा में उछलकर फ्लाईओवर से नीचे सड़क पर गिर गए।

## सीबीआई ने तेलंगाना में एनएचएआई के परियोजना निदेशक को 60,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), वारंगल, तेलंगाना के परियोजना निदेशक, पीआईयू और एक निजी व्यक्ति को शिकायतकर्ता से 60,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), वारंगल, तेलंगाना के परियोजना निदेशक, पीआईयू और एक निजी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

आरोप है कि आरोपियों ने हैदराबाद-वारंगल राजमार्ग, बीबीनगर, तेलंगाना के गुडूर टोल प्लाजा के पास राजमार्ग से सटे शिकायतकर्ता के रेस्टोरेंट के संचालन में कोई बाधा न डालने के लिए 1,00,000 रुपये का अनुचित लाभ मांगा था। अनुचित लाभ की मांग आरोपी निजी व्यक्ति के माध्यम से शुरू की गई थी। बातचीत के बाद, आरोपी परियोजना निदेशक 60,000 रुपये लेने पर सहमत हो गए और वादा किया कि परियोजना निदेशक, पीआईयू, एनएचएआई, वारंगल के रूप में उनके पाँच वर्षों के कार्यकाल के दौरान, शिकायतकर्ता को उपयोग में कोई समस्या नहीं होगी। सीबीआई ने जाल बिछाया और दोनों आरोपियों को शिकायतकर्ता से 60,000 रुपये का अनुचित लाभ मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें अदालत में पेश किया जा रहा है। हैदराबाद, वारंगल और सदाशिवपेट, तेलंगाना में 3 स्थानों पर तलाशी ली गई और आपत्तिजनक दस्तावेज़ ज़ब्त किए गए। मामले की जाँच जारी है।

# लाइफ साइंसेज़ क्षेत्र में 54,000 करोड़ का निवेश और 2 लाख नौकरियाँ : श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी एवं उद्योग मंत्री दुद्दिल्ला श्रीधर बाबू ने बताया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना का लाइफ साइंसेज़ क्षेत्र अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। दिसंबर 2023 से अब तक इस क्षेत्र में 54,000 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित हुआ है, जिससे हैदराबाद ने खुद को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित किया है। बुधवार को हैदराबाद में आयोजित तेलंगाना लाइफ साइंसेज़ फ़ाउंडेशन की 6वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता मंत्री श्रीधर बाबू ने की। बैठक में डॉ. रेड्डीज़ लैब्स के चेयरमैन सतीश रेड्डी, लॉरस लैब्स के ईडी एवं सीईओ डॉ. सत्यनारायण चावा, स्पेशल सीएस संजय कुमार और शक्ति नागप्पन शामिल हुए। श्रीधर बाबू ने बताया कि फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग, मेडिकल टेक्नोलॉजी और वैक्सीन उत्पादन जैसे क्षेत्रों में 2 लाख से अधिक नई नौकरियाँ सृजित की गई हैं।

उन्होंने कहा, हैदराबाद आज दुनिया के शीर्ष 7 लाइफ साइंसेज़ क्लस्टर्स में शामिल है और यह उपलब्धि हासिल करने वाला देश का एकमात्र शहर है। उन्होंने उल्लेख किया कि लिली, ऐमजेन, एमएसडी, ज़ोएटिस, एवरनॉर्थ और ओलिंपस जैसी वैश्विक कंपनियों ने हैदराबाद को अपना पसंदीदा केंद्र चुना है। तेलंगाना जल्द ही अपनी नेक्स्ट-जेन लाइफ साइंसेज़ नीति जारी करेगा, जिसे बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के लिए एक अत्याधुनिक नीति ढांचा बताया गया। राज्य ने 2030 तक अपने लाइफ साइंसेज़ इकोनॉमी को 250 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा है, ताकि तेलंगाना को एशिया की लाइफ साइंसेज़ राजधानी के रूप में स्थापित किया जा सके। मंत्री ने तेलंगाना स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज़ की स्थापना के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने का भी प्रस्ताव रखा।

## मुख्यमंत्री ने तेलंगाना को सर्कस में तब्दील कर दिया : केटीआर

हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना को एक सर्कस में तब्दील करने के लिए कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार ने हैदराबाद में लाखों लोगों को इंटरनेट कनेक्टिविटी से वंचित कर दिया, वहीं ग्रामीण इलाकों के किसानों को खाद की आपूर्ति भी नहीं कर पाई। सेवा प्रदाताओं या ग्राहकों को बिना किसी पूर्व सूचना के हैदराबाद में इंटरनेट केबल काटने के लिए टीजीएसपीडीसीएल की निंदा करते हुए, रामा राव ने कहा कि लाखों नेटिज़न्स प्रभावित हुए, जिससे वर्क-फ्रॉम-होम (डब्ल्यूएफएच) प्रणाली बाधित हुई और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहे पीड़ित नेटिज़न्स की ओर इशारा किया।

उन्होंने कहा, 'अगर केबलों से जुड़ी कोई समस्या है, तो उसके लिए एक उचित प्रक्रिया होनी चाहिए। लेकिन एक नासमझ सरकार बिना सोचे-समझे कदम उठा लेती है। जोकर चुनो, सर्कस की उम्मीद रखो।' बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने ग्रामीण तेलंगाना की भयावह तस्वीर की ओर भी इशारा किया, जहाँ एक जगह चप्पलों की कतार लगी है, दूसरी जगह आधार कार्ड और कहीं पट्टाधारकों की पासबुक। उन्होंने कहा कि ऐसे दृश्य पूरे राज्य में देखे जा सकते हैं, जहाँ किसान भोर से पहले ही उर्वरक की दुकानों पर लंबी कतारों में खड़े होने के बावजूद यूरिया का एक बैग पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# आंगनवाड़ी बच्चों के लिए नाश्ते की योजना जल्द: मंत्री सीताक्का



हैदराबाद, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डॉ. दानसारी अनसूया सीताक्का ने बुधवार को शहर के एर्रा मंज़िल स्थित मिशन भगीरथ कार्यालय में महिला एवं बाल कल्याण विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक की।

बैठक में विभाग की सचिव अनीता रामचंद्रन, संयुक्त निदेशक, क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक और सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में नए आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण, आंगनवाड़ी केंद्रों में बुनियादी ढाँचे के निर्माण, सक्षम आंगनवाड़ी, आरोग्य लक्ष्मी, मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति, बच्चों को गणवेश वितरण, आंगनवाड़ी शिक्षकों और सहायिकाओं को गणवेश साड़ियों का वितरण, कामकाजी महिला छात्रावासों का सुदृढ़ीकरण, बच्चों को विजया दूध की आपूर्ति, नाश्ता कार्यक्रम, प्रशासनिक केंद्र, पोषण अभियान और अन्य मुद्दों पर हुई प्रगति की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री सीताक्का ने कहा कि आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण में तेज़ी लाई जानी चाहिए और इंदिराम्मा इंदु योजना की तर्ज़ पर आंगनवाड़ी केंद्रों को मुफ़्त रेत उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने जिला कलेक्टरों को इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत 1025 आंगनवाड़ी भवनों में से अभी तक केवल 625 क्षेत्रों में ही स्थलों की पहचान की गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि शेष क्षेत्रों में स्थल पहचान का कार्य शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि प्रत्येक आंगनवाड़ी भवन के निर्माण के लिए 12 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।मंत्री सीतक्का ने कहा कि वर्तमान में महिला एवं बाल कल्याण विभाग के तत्वावधान में नौ कामकाजी महिला छात्रावास सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं और पाँच और छात्रावास निर्माणाधीन हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि विभाग को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार कामकाजी महिला छात्रावासों में और अधिक सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में काम करना चाहिए।

## कोरुटला में झड़प को नियंत्रित करते समय दो पुलिसकर्मी घायल

जगतियाल, 20 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार रात कोरुटला शहर में एक समूह के बीच झड़प को रोकने का प्रयास करते समय दो पुलिस कांस्टेबल घायल हो गए। पुलिस को डायल 100 पर थल्लाचेरुवु इलाके में झड़प की सूचना मिली। तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए, हेड कांस्टेबल जावेद और ब्लूकोल्ट कांस्टेबल गंगाधर मौके पर पहुँचे। जब पुलिस अधिकारियों ने भीड़ को शांत करने की कोशिश की, तो कुछ युवकों ने उनसे बहस शुरू कर दी, जिससे धक्का-मुक्की हुई। इस हाथापाई में जावेद और गंगाधर दोनों घायल हो गए।


यूनियन बैंक Union Bank of India

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

क्षेत्रीय कार्यालय, ओंगोल

आंजनेय काम्प्लेक्स, सेकण्ड लेन, भाग्यनगर, ओंगोल-523001

1700-1870 स्क्वे. फीट्स युक्त बिल्डिंग परिसर लीज/किराये पर चाहिए

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को, अपने "कोर्ट स्ट्रीट" शाखा के लिए, (मौजूदा स्थान से 3 किमी की परिधि में) ग्राउण्ड फ्लोर पर, पर्याप्त पार्किंग सहित 1700-1870 स्क्वे. फीट्स अधिमापनयुक्त परिसर अच्छी तरह से निर्मित कार्पेट एरिया, तुरंत दाखिल होने या रेडी पजेशन/निर्माणाधीन परिसर चाहिए। तत्संबंधित परिसर, ओंगोल स्थित हमारी मौजूदा कोर्ट स्ट्रीट शाखा के स्थानांतरण करने के लिए चाहिए।

संभावित विक्रेता या वेन्डर्स जो भूस्वामियों (ओनर्स) की ओर से, तत्संबंधित स्वामित्व या वार्तालाप की क्षमता या पावर टू निगोशियेट की क्षमता रखते हों, वे तकनीकी बोली/मूल्य बोली प्रारूप को, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, आंजनेय काम्प्लेक्स, सेकण्ड लेन, भाग्यनगर, ओंगोल-523001 से दि. 21-08-2025 से 05-09-2025 तक, बैंक के कार्यालयीन समय के दौरान, वेबसाइट्स: www.unionbankofindia.com एवम् http://govttenders.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं तथा वे अपने अपने तकनीकी बोली/मूल्य बोली प्रस्तावों को पृथक तौर पर, मुहरबंद लिफाफे में डालकर, इस लिफाफे पर, तत्संबंधित परिसर के लिए टेक्नीकल बिड/प्राइस बिड आफर्स, अंकित कर उपरोक्त यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, आंजनेय काम्प्लेक्स, सेकण्ड लेन, भाग्यनगर, ओंगोल-523001 पते पर, दि.05-09-2025 के दोपहर 3.00 बजे या इससे पहले प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्संबंधित तकनीकी बोली या टेक्नीकल बिड को उपरोक्त पते पर, दि. दि.05-09-2025 के दोपहर 3.30 बजे, विक्रेता/तत्संबंधित उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में, खोला जायेगा। दलाल या ब्रोकर्स या मध्यस्थियों पर विचार नहीं किया जायेगा। इस मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स या सरकारी या गवर्नमेंट/ अर्ध-सरकारी निकायों या सेमी-गवर्नमेंट बाडीज द्वारा तत्संबंधित परिसर या प्रापर्टी लीज पर देनेवालों को, प्राधान्यता दी जायेगी। बैंक के पास, कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी या सभी आफर्स को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

हस्ता. /--

क्षेत्रीय प्रमुख

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, ओंगोल







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.